| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 78,540.17 |
| निफ्टी | 23,753.45 |
| सोना | 71,000 |
| चांदी | 91400 |
| डॉलर | 85.10 |

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

PMG

बालाघाट
मंगलवार 24 दिसम्बर 2024
पौष कृष्ण 09 विक्रम सम्वत 2081
वर्ष 16, अंक 92
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

E-mail: balaghatexpress@gmail.com
/padmeshmedia /padmeshmedia
epaper.balaghatexpress.in


## खास खबर

### श्रीनगर में डल झील पर आधा इंच बर्फ की परत

नई दिल्ली/ भोपाल। उत्तराखंड के ऊंचे हिमालयी इलाकों में बर्फबारी और बारिश के चलते कड़ाके की ठंड पड़ रही है। कई जगहों पर तापमान माइनस से 10 डिग्री नीचे तक पहुंच गया है। श्रीनगर में 21 दिसंबर की रात 50 साल में सबसे ठंडी रात रही। यहां पारा माइनस 8ए था। 22 दिसंबर को तापमान 4 डिग्री के करीब रिकॉर्ड किया गया। चिल्लई कलां के तीसरे दिन डल झील भी जम गई। यहां झील की सतह पर आधा इंच मोटी बर्फ की परत दिखाई दे रही है। बद्रीनाथ धाम के पास उर्वशी धारा का झरना लगातार हो रही बर्फबारी के कारण बहते-बहते ही पूरी तरह जम गया है। मौसम विभाग ने 24 से 28 दिसंबर के बीच मध्य प्रदेश में बारिश और ओले गिरने का अलर्ट जारी किया है। राजस्थान में भी आज बारिश की संभावना जताई गई है।

### कांबली के मस्तिष्क में खून के थक्के जमे, अस्पताल में भर्ती कराया गया

मुंबई। पूर्व क्रिकेटर विनोद कांबली के मस्तिष्क में खून के थक्के आ गए हैं। और इसी वजह से कांबली बेहोश होकर गिर गए थे। उनका इलाज कर रहे डॉ। ने बताया कि कांबली ने शुरुआत में संक्रमण और शरीर में एंठन की शिकायत की थी। इसके बाद ही उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन कई बार टेस्ट के बाद कांबली के मस्तिष्क में खून के थक्के निकल कर आए। डा। ने बताया, कांबली के स्वास्थ्य पर लगातार नजर रखी जा रही है और अब मंगलवार को फिर से उनके टेस्ट किए जाएंगे। और कांबली का जीवन भर इलाज फ्री किया जाएगा। पूर्व लेफ्टी बल्लेबाज पहले से ही अनगिनत बीमारियों से ग्रसित हैं, जो खासतौर पर विनोद को हार्ट-अटैक आने के बाद बढ़नी शुरू हुई। साल 2013 में विनोद कांबली को आर्ट-अटैक आया था, तो इससे करीब एक साल पहले उनकी ब्लॉक धमनियों की एंजियोप्लास्टी हुई थी। और दिल से जुड़ी बीमारी ने संन्यास के बाद कांबली के स्वास्थ्य को बहुत ज्यादा प्रभावित किया। और स्वास्थ्य कितना जर्जर हो गया, यह सभी ने पिछले दिनों वायरल हुए वीडियो में पूरे देश ने देखा। वहीं, पहले भी वायरल वीडियो में कांबली चलने और घूमने फिरने में भी खासा संघर्ष करते देखे गए।

### एक्ट्रेस और पूर्व सांसद जया प्रदा के लिए गैर जमानती वारंट जारी

मुरादाबाद। मुरादाबाद के एमपी/एमएलए कोर्ट ने वेटरन एक्ट्रेस और पूर्व सांसद जयाप्रदा के लिए गैर जमानती वारंट नोटिस जारी किया है। जयाप्रदा पर आरोप है कि वह कोर्ट में जिरह के दौरान पेश नहीं हुई थीं। जबकि उन्हें पहले समन भेजा गया था। यह मामला उस वक्त का है जब उन्होंने एक कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के नेताओं आजम खान और अब्दुल्ला समेत कई अन्य नेताओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की थी। इस मामले में अब उनकी गिरफ्तारी की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। जयाप्रदा पर 2019 में केमरी पुलिस स्टेशन में समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान के खिलाफ आपत्तिजनक भाषण देने का आरोप उनके खिलाफ दर्ज किया गया था। इस मामले में भी अदालत ने गवाहों की कमी का हवाला देते हुए उन्हें दोषमुक्त कर दिया था। जया प्रदा पर आचार संहिता उल्लंघन के दो मामलों में फरार होने का भी आरोप था। वे कोर्ट में समय पर उपस्थित नहीं हुई, जिसके कारण उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया गया।

# श्याम बेनेगल नहीं रहे; 90 की उम्र में ली आखिरी सांस

मुंबई । मशहूर फिल्म निर्माता और निर्देशक श्याम बेनेगल का आज 23 दिसंबर को शाम 6.38 बजे निधन हो गया। वह 90 वर्ष के थे। बेनेगल से जुड़े एक करीबी सूत्र ने अमर उजाला को यह जानकारी दी कि वो दो दिन पहले अपने घर पर गिर गए थे जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया। श्याम बेनेगल कथित तौर पर किडनी संबंधी समस्याओं से भी पीड़ित थे। दो दिन से वे कोमा में थे और सोमवार शाम इलाज के दौरान उन्होंने आखिरी सांस ली। मंगलवार शाम शिवाजी पार्क में श्याम बेनेगल का अंतिम संस्कार किया जाएगा।




### इन पुरस्कारों से नवाजे गए थे श्याम

श्याम बेनेगल को अंकुर, मंडी, मंथन आदि जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता था, जिनमें से अधिकांश 70 या 80 के दशक के मध्य में रिलीज हुई थीं। श्याम बेनेगल को भारत सरकार द्वारा 1976 में पद्मश्री और 1991 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। उनकी सफल फिल्मों में मंथन, जुबैदा और सरदारी बेगम शामिल हैं। अपने शानदार करियर में श्याम बेनेगल ने 'भारत एक खोज' और 'संविधान' सहित विभिन्न मुद्दों, डॉक्यूमेंट्री और टेलीविजन धारावाहिकों पर फिल्में बनाईं।

### श्याम ने ऐसे बनाई थी पहली फिल्म

श्याम बेनेगल का जन्म 14 दिसंबर, 1934 को हैदराबाद में हुआ था। वे कोंकणी भाषी चित्रपुर सारस्वत ब्राह्मण परिवार से थे। उनके पिता श्रीधर बी. बेनेगल मूल रूप से कर्नाटक के रहने वाले थे। वे एक फोटोग्राफर थे, जिन्होंने श्याम को फिल्म निर्माण में शुरुआती रुचि दिखाई। महज 12 साल की उम्र में श्याम ने अपने पिता द्वारा उपहार में दिए गए कैमरे का उपयोग करके अपनी पहली फिल्म बनाई। उन्होंने हैदराबाद के उस्मानिया विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में मास्टर डिग्री हासिल की, जहां उन्होंने हैदराबाद फिल्म सोसाइटी की स्थापना की, जो सिनेमा में उनके शानदार सफर की शुरुआत थी।

### हाल ही में मनाया था 90वां जन्मदिन

इससे पहले 14 दिसंबर को अपने दोस्तों और परिवार के साथ अपना 90वां जन्मदिन मनाया था। अभिनेता कुलभूषण खरबंदा, नसीरुद्दीन शाह, दिव्या दत्ता, शबाना आजमी, रजित कपूर, अतुल तिवारी, फिल्म निर्माता-अभिनेता और शशि कपूर के बेटे कुणाल कपूर और अन्य लोग इस भव्य समारोह का हिस्सा बने थे। यह तस्वीर बीते 14 दिसंबर को श्याम बेनेगल के 90वें जन्मदिन पर शबाना आज्मी ने शेयर की थी। इसमें कुलभूषण खरबंदा, नसीरुद्दीन शाह, रजित कपूर और दिव्या दत्ता समेत कई सेलेब्स नजर आ रहे हैं।

## देवेंद्र फडणवीस से मिले छगन भुजबल, महाराष्ट्र में नए सियासी समीकरण बनने लगे

मुंबई । महाराष्ट्र में अजित पवार गुट के नेता छगन भुजबल हाल ही में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मिलने उनके सागर बंगले पर पहुंचे। महाराष्ट्र मंत्रिमंडल में जगह न मिलने के चलते भुजबल नाराज चल रहे थे। अब सीएम फडणवीस से उनकी मुलाकात से सवाल उठ रहा है कि क्या एनसीपी नेता बीजेपी में शामिल हो सकते है।

गौरतलब है कि मंत्री पद न मिलने पर एनसीपी नेता भुजबल ने अजित पर तंज कसा था। कुछ दिन पहले उन्होंने कहा था कि फडणवीस उन्हें कैबिनेट में शामिल करना चाहते थे, लेकिन अजित पवार ने ऐसा होने नहीं दिया। एनसीपी के लिए अजित पवार फैसले लेते हैं। इसके बाद भुजबल ने कहा था, जहां चैन नहीं, वहां रहना नहीं।

इसके पहले भुजबल से कई ओबीसी वर्ग के संगठनों के प्रतिनिधियों ने मुलाकात की थी। भुजबल को महाराष्ट्र सरकार में शामिल नहीं किया गया, इससे वे नाराज चल रहे हैं। इससे नाराज भुजबल राज्य विधानमंडल के शीतकालीन सत्र में शामिल नहीं हुए थे। वहीं, उन्होंने बताया था कि राज्य के विभिन्न हिस्सों से ओबीसी नेताओं ने मुंबई में एक बैठक की और फिर शहर में उनसे मुलाकात की। वह उन्हें मंत्रिमंडल से बाहर किए जाने पर हैरान थे। संगठनों ने दावा किया है कि भुजबल जो भी रुख अपनाएंगे, वे समर्थन को तैयार है।

भुजबल ने कहा नाशिक से लोकसभा चुनाव लड़ने का सुझाव दिया गया था, जिसे उन्होंने स्वीकार किया। जब वह राज्यसभा जाना चाहते थे, तब उन्हें विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए कहा गया। भुजबल ने कहा, क्या मैं खिलौना हूं? आप कहें खड़ा हो जाऊं, जब आप कहें बैठ जाऊं?

## पीएम मोदी ने 71 हजार लोगों को जॉइनिंग लेटर बांटे, कहा

# डेढ़ साल में करीब 10 लाख पक्की नौकरी दी

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को देश के 45 जगहों पर आयोजित रोजगार मेले में 71 हजार युवाओं को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जॉइनिंग लेटर बांटे। 2024 लोकसभा चुनाव के बाद प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल का यह दूसरा रोजगार मेला है। पीएम मोदी ने कहा कि पिछले डेढ़ साल में हमारी सरकार में करीब 10 लाख पक्की नौकरियां दी गईं। पहले की सरकारों ने ऐसा नहीं किया। आज युवाओं के लिए नए अवसरों का निर्माण हो रहा है।

रोजगार मेले की शुरुआत अक्टूबर 2022 में हुई थी। अब तक 14 मेलों में 9.22 लाख से ज्यादा युवाओं को नौकरी दी जा चुकी है। इससे पहले आखिरी रोजगार मेला 29 अक्टूबर 2024 को आयोजित किया गया था, जिसमें 51 हजार से ज्यादा लोगों को जॉइनिंग लेटर बांटा गया था।




### विकसित भारत का संकल्प

पीएम मोदी ने कहा कि भारत ने 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लिया है। हमें इस संकल्प पर भरोसा है और लक्ष्य की प्राप्ति का विश्वास है, क्योंकि भारत में हर नीति और हर निर्णय के केंद्र में भारत का प्रतिभाशाली युवा है। आज देश में न केवल लाखों युवाओं को सरकारी नौकरियां मिल रही हैं, बल्कि ये नौकरियां पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ दी जा रही हैं। किसी भी देश का विकास उसके युवाओं के श्रम, सामर्थ्य और नेतृत्व से होता है। आज हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी इकॉनमी बन गए और तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम भारत है। भारत ने अपने स्पेस, डिफेंस सेक्टर में नीतियां बदलीं और मैन्युफैक्चरिंग पर जोर दिया है। इसका फायदा भारत के युवाओं को हुआ। वो नए आत्मविश्वास से भरा हुआ है। वो सब जगह अपना परचम लहरा रहा है।

### हर क्षेत्र में महिलाएं आत्मनिर्भर बनें

पीएम मोदी नेकहा कि आज हजारों बेटियों को भी नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। प्रयास है कि हर क्षेत्र में महिलाएं आत्मनिर्भर बनें। गर्भवती महिलाओं को 26 हफ्ते की छुट्टी के हमारे फैसले ने हजारों बेटियों के सपने को टूटने से रोका, उनके करियर में सहायता की। सुकन्या समृद्धि योजना से निश्चित किया कि उनकी पढ़ाई में आर्थिक परेशानी न आए। जनधन खाते खोले जिससे सरकारी योजनाओं का फायदा सीधे मिला। मुद्रा योजना से महिलाओं को बिना गारंटी लोन मिलने लगा। आज युवा अपना स्टार्टअप शुरू करने का फैसला करता है तो पूरा इकोसिस्टम सहयोग के लिए मिलता है। आज कितने ही सेक्टर्स में हम कम्पलीट ट्रांसफॉर्मेशन देख रहे हैं। मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश बन चुका है। रिन्युएबल एनर्जी से लेकर ऑर्गेनिक फॉर्मिंग, स्पेस से लेकर डिफेंस, टूरिज्म से लेकर वेलनेस तक हर सेक्टर में देश नई ऊंचाइयां छू रहा है।

## राहुल गांधी को नोटिस भेजने पर भड़की कांग्रेस बोली- ऐसे जजों को बर्खास्त करो

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव में जाति जनगणना पर दिए बयान से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ गई हैं। बरेली की जिला कोर्ट ने राहुल को उनके इस बयान को लेकर नोटिस जारी किया है। इस पर कांग्रेस भड़क गई और कहा कि ऐसे जजों को तुरंत ही उनके पद से बर्खास्त कर देना चाहिए। उनको जो गरीबों व अन्य से जुड़े मामले हैं, उस पर फैसला सुनाना चाहिए। बरेली कोर्ट ने राहुल गांधी को नोटिस जारी करते हुए 7 जनवरी को कोर्ट में पेश होने के लिए कहा है। बरेली जिला अदालत द्वारा राहुल गांधी को नोटिस दिए जाने पर कांग्रेस नेता उदित राज ने कहा कि यह न कोई खबर है और न ही इस पर कोई चर्चा होनी चाहिए। ऐसे मानसिक बीमार लोगों के पास याचिका फाइल करने के लिए समय होता है। कोर्ट की क्या दुर्दशा हो चुकी है। सुप्रीम कोर्ट की बात लोअर कोर्ट नहीं मान रही हैं। ऐसे मामले में भी नोटिस करना, जिसका कोई मतलब नहीं है, यह बकवास है। ऐसे जजों को तुरंत बर्खास्त कर देना चाहिए। लगता है अनपढ़ लोग हैं। या तो राजनीति दबाव में काम कर रहे हैं। जो मामले लंबित हैं गरीबों के, उस पर फैसला लेना चाहिए। राज ने कहा कि जाति जनगणना पर राहुल गांधी ने उसका प्रचार किया, यह तो हमारा मुद्दा है। यह तो सामाजिक न्याय है, सबको भागीदारी देने की बात है। जिनकी पर्चेजिंग पावर नहीं है, उनके लिए योजनाएं बनाएं, उससे देश तरक्की करेगा। इससे बड़ा हित का मुद्दा इस समय भारत की राजनीति में है ही नहीं। याचिका में याचिकाकर्ता ने कहा है कि हमें लगा कि जाति जनगणना पर चुनाव के दौरान राहुल गांधी द्वारा दिया गया बयान देश में गृहयुद्ध शुरू करने की कोशिश की तरह है। शुरू में याचिका एमपी-एमएलए कोर्ट में दायर की गई थी, जहां इसे खारिज कर दिया गया था। याचिकाकर्ता ने जिला न्यायाधीश कोर्ट में अपील करके मामले को आगे बढ़ाया।

## सरकार ने खत्म की क्लास 5 व 8 की नो डिटेंशन पॉलिसी

# फेल होने पर नहीं होगा अगली क्लास में प्रमोशन

नई दिल्ली । केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने बड़ा फैसला लेते हुए अब नो डिटेंशन पॉलिसी को खत्म कर दिया है। अब कक्षा 5 और 8 में वार्षिक परीक्षा में फेल होने वाले विद्यार्थियों को अनुत्तीर्ण कर दिया जाएगा। असफल छात्रों को दो महीने के भीतर दोबारा परीक्षा देने का मौका मिलेगा, लेकिन अगर वे दोबारा असफल होते हैं, तो उन्हें पदोन्नत नहीं किया जाएगा। स्कूल 8वीं कक्षा तक किसी छात्र को निष्कासित नहीं करेगा।



सोमवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने नो डिटेंशन पॉलिसी को खत्म करने के साथ ही एक लंबे समय से चली आ रही व्यवस्था को बदल दिया है। इस फैसले के बाद अब क्लास 5 और 8 की वार्षिक परीक्षाओं में असफल होने वाले स्टूडेंट्स को फेल कर दिया। सरकार का मानना है कि इस नई नीति का उद्देश्य स्टूडेंट्स की सीखने की क्षमता को बेहतर बनाना और एकेडमिक परफॉर्मेंस में सुधार लाना है। मंत्रालय ने स्टूडेंट्स के एकेडमिक परफॉरमेंस में सुधार लाने के मकसद से नो डिटेंशन पॉलिसी को खत्म करने का फैसला लिया है। यह नीति लंबे समय से चर्चा में थी, लेकिन अब नई व्यवस्था के तहत क्लास 5 और 8 में वार्षिक परीक्षा में असफल होने वाले स्टूडेंट्स को फेल किया जाएगा।

### दो महीने के भीतर दोबारा परीक्षा का मौका

इस नई व्यवस्था के अनुसार, असफल स्टूडेंट्स को दो महीने के भीतर दोबारा परीक्षा देने का मौका मिलेगा, लेकिन अगर स्टूडेंट्स दोबारा असफल होते हैं, तो उन्हें अगली क्लास में प्रमोट नहीं किया जाएगा। हालांकि, सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि क्लास 8 तक किसी भी स्टूडेंट्स को स्कूल से निष्कासित नहीं किया जाएगा। शिक्षा मंत्रालय के सचिव संजय कुमार ने बताया कि यह फैसला बच्चों के पढ़ाई के परिणाम सुधारने के उद्देश्य से लिया गया है। उनका कहना है कि बच्चों की सीखने की क्षमता में गिरावट को रोकने के लिए इस कदम को जरूरी समझा गया।मंत्रालय ने विशेष रूप से क्लास 5 और 8 पर ध्यान केंद्रित किया है, क्योंकि इन क्लासओं को बुनियादी शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। इस नई नीति से स्टूडेंट्स और टीचर्स दोनों को पढ़ाई के प्रति अधिक जिम्मेदार बनाने का प्रयास किया गया है।

## धक्काकांड पर एक्शन में दिल्ली पुलिस, संसद परिसर की सीसीटीवी फुटेज इकट्ठा करेगी

नई दिल्ली। संसद के मकर द्वार के पास धक्का-मुक्की को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। दिल्ली पुलिस अब मामले में संसद परिसर की सीसीटीवी फुटेज इकट्ठा करेगी। सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली पुलिस ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से इस लेकर इजाजत मांगी है। दिल्ली पुलिस घटना स्थल पर सीन भी रीक्रिएट कर सकती है। इसके अलावा जांच में शामिल होने के लिए राहुल गांधी को पुलिस नोटिस भेजने की तैयारी कर रही है। बताया जा रहा है कि पुलिस घायल सांसदों का बयान लेने और फुटेज मिलने के बाद घटनास्थल पर जाकर सीन रिक्रिएट करेगी। बता दें कि 19 दिसंबर 2024 को संसद में विपक्ष के प्रदर्शन के दौरान धक्कामुक्की हुई थी। इसमें बीजेपी के दो सांसद (प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत) गिरकर चोटिल हुए थे।

# बेटी की ससुराल में पड़े रहना भी क्रूरता

### कोर्ट ने पति को दे दी तलाक की इजाजत

कोलकाता। बेटी की ससुराल में ज्यादा दिन तक पड़े रहना घातक हो सकता है। घरवालों और दोस्तों का लंबे समय तक टिक जाना भी क्रूरता है। कलकत्ता हाई कोर्ट ने इसी आधार पर 19 दिसंबर को एक व्यक्ति को तलाक की मंजूरी दे दी। कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहाकि पति की मर्जी के खिलाफ पत्नी के दोस्तों या रिश्तेदारों का लंबे समय तक उसके घर में रहना क्रूरता है। कई बार ऐसे हालात में जबकि पत्नी खुद भी घर में नहीं है, रिश्तेदारों की वहां मौजूदगी से अपीलकर्ता की जिंदगी पर गहरा असर पड़ा होगा। महिला के पति ने साल 2008 में शादी के तीन साल बाद ही तलाक की अर्जी फाइल की थी। इन दोनों की शादी पश्चिम बंगाल के नाबाद्वीप में हुई थी। बाद में साल 2006 में यह दोनों कोलाघाट चले आए, जहां पति काम करता था। साल 2008 में पत्नी कोलकाता के नारकेलडांगा चली गई। उसका कहना था कि यहां पर रहना उसके लिए ज्यादा सुविधाजनक था, क्योंकि यह सियालदह से नजदीक पड़ता है, जहां वह काम करती है। हालांकि पूछताछ के दौरान उसने दावा किया कि वह अपने पति से दूर इसलिए हुई क्योंकि वह असहाय हो गई थी। साल 2008 में कोलाघाट स्थित पति के घर से पत्नी के चले जाने के बाद भी उसका परिवार और एक दोस्त वहीं ठहरे रहे। साल 2016 में पत्नी उत्तरपारा चली गई। पति का कहना है कि पत्नी का उससे दूर रहता क्रूरता है। इसके अलावा उसने यह भी कहाकि पत्नी किसी तरह का संबंध रखने या फिर बच्चे पैदा करने की इच्छुक नहीं है।

## धर्म का अधूरा ज्ञान अधर्म की ओर ले जाता है इसे समझने की जरुरत

अमरावती। महाराष्ट्र के अमरावती में महानुभाव आश्रम के शताब्दी समारोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि धर्म का महत्व है, लेकिन इसे सही ढंग से समझने और सिखाने की जरूरत है। धर्म का अधूरा या अनुचित ज्ञान अधर्म की ओर ले जाता है। धर्म को समझना कठिन है और इसके नाम पर होने वाले उत्पीड़न और अत्याचार धर्म की सही समझ की कमी के कारण होते हैं।




मोहन भागवत ने कहा कि धर्म सत्य का आधार है। यह सृष्टि के आरंभ से अंत तक का मार्गदर्शक है और इसलिए इसे सनातन कहा जाता है। धर्म की रक्षा करना जरूरी है, क्योंकि यह सत्य, अहिंसा, शांति और समानता की भावना को जागृत करता है। संप्रदाय कभी लड़ना नहीं सिखाता, वह हमेशा समाज को जोड़ने का काम करता है।

आरएसएस प्रमुख ने कहा कि धर्म को समझाने के लिए संप्रदायों की जरुरत होती है। बाबा ने इसे स्पष्ट किया है कि धर्म को समझने के लिए बुद्धि की जरूरत होती है। जिसके पास सही विवेक और बुद्धि होती है, वही सही मायनों में धर्म और संप्रदाय की गहराई को समझ सकता है।

## सोनाक्षी सिन्हा पर कुमार विश्वास की टिप्पणी, कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत सुनाने लगी खरी-खरी

नई दिल्ली। अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा पर टिप्पणी करके कुमार विश्वास फंसते दिख रहे हैं। सोशल मीडिया पर उनकी आलोचना हो रही है। अब कुमार विश्वास राजनीतिक दलों के निशाने पर भी आ गए हैं। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने पोस्ट लिखी है, जिसमें उन्होंने कुमार विश्वास को जमकर सुनाया है। उन्होंने लिखा है कि अगर आपके अपने घर में एक बेटी हो तो क्या आप किसी और की बेटी पर भद्दी टिप्पणी करके सस्ती तालियां बटोरेंगे? ऐसा करने पर आप किस हद तक गिरे हुए हैं, इसका अंदाजा लग ही गया है। इसके अलावा सुप्रिया ने लिखा है कि श्रीराम और रामायण किसी की बपौती नहीं हैं।

कांग्रेस नेता श्रीनेत ने लिखा है कि आपके शब्द 'वरना आपके घर की श्रीलक्ष्मी को कोई और उठा कर ले जायेगा', क्या लड़की कोई समान है, जिसे कोई कहीं उठा कर ले जाएगा? उन्होंने लिखा कि कब तक आपके जैसे लोग एक औरत को पहले पिता और फिर पति की संपत्ति समझते रहेंगे?

सुप्रिया यहीं नहीं रुकीं। उन्होंने कहा कि 2024 के भारत में आप अपनी मर्जी से शादी करने पर परवरिश पर सवाल खड़े हो रहे हैं? क्या एक लड़की को यह हक नहीं कि जिससे उसकी मर्जी हो उससे वह विवाह करे? या कौन क्या खायेगा, क्या पहनेगा, किससे प्यार करेगा, कैसे विवाह करेगा इसका निर्णय भी धर्म के स्वयंभू ठेकेदार करेंगे? इस पोस्ट में कांग्रेस नेता ने कुमार विश्वास से जुड़ी पुरानी घटना का भी जिक्र किया है।

### प्रभु राम की शालीनता नहीं

कांग्रेस प्रवक्ता ने लिखा कि ना श्रीराम किसी की बपौती हैं, ना रामायण, ना उससे जुड़ा कोई नाम। दूसरों के बच्चों को रामायण और गीता पढ़ने की सीख देने वाले कवि महोदय, सोनाक्षी के पति के धर्म से नफरत करने में आप रामायण में परस्पर प्रेम पर कितना मधुर अंकित है वे भूल गए? उन्होंने लिखा है कि आपने रामायण का अध्ययन वाकई में किया होता, तब प्रेम जरूर समझते। आपके अंदर राम कथा वाचक बनने की लालसा बहुत है, लेकिन प्रभु राम की शालीनता और मर्यादा का रत्ती भर गुण नहीं।

## अब गरीब आदमी घर पर ही पॉपकॉर्न बनाकर खाएगा

नई दिल्ली। जीएसटी बैठक में सरकार ने पॉपकॉर्न पर भी जीएसटी लगा दिया है जिसके बाद पूरे देश में अजीब सी हलचल मच गई है। वहीं पॉपकॉर्न पर तीन अलग-अलग श्रेणियों में जीएसटी लागू होने की खबर ने लोगों को हिला कर रख दिया है। सोशल मीडिया पर इस मुद्दे को लेकर यूजर्स की प्रतिक्रियाएं व मीम्स की बाढ़ आ गई है। इसी बीच सांसद और मशहूर शायर इमरान प्रतापगढ़ी का एक भाषण तेजी से वायरल हो रहा है। खबरों के मुताबिक पॉपकॉर्न पर 5 फीसदी, 12फीसदी और 18 फीसदी तक की अलग-अलग जीएसटी दरें लागू की जा रही हैं, जो इसकी पैकेजिंग और बिक्री के स्वरूप पर निर्भर करती हैं। इसमें अनपैक्ड पॉपकॉर्न 5 फीसदी, पैक्ड और ब्रांडेड पॉपकॉर्न पर 12 फीसदी और रेस्टोरेंट या मल्टीप्लेक्स में बेचा जाने वाला पॉपकॉर्न पर 18 फीसदी लगाया गया है। केंद्र सरकार के इस फैसले ने लोगों को नाराज़ कर दिया है खासकर जो सिनेमाघरों में पॉपकॉर्न को पहले ही महंगा मानते थे। अब तो 18 फीसदी जीएसटी लगा दिया गया है।




इमरान प्रतापगढ़ी की स्पीच में उन्होंने मजाकिया और व्यंग्यात्मक अंदाज में कहा कि अब गरीब आदमी घर पर पॉपकॉर्न बनाकर खाएगा या उसे सोचना पड़ेगा कि जीएसटी के चक्कर में भूखा ही रह ले।

# सोशल मीडिया पर हो रहा केंद्र सरकार का राजपत्र वायरल

## नो डिटेंशन पॉलिसी पांचवी और आठवीं में अनुत्तीर्ण होने वाले छात्रों को देनी होगी प्रमोट होने के लिए परीक्षा

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। सोशल मीडिया पर एक भारत का राजपत्र तेजी से वायरल हो रहा है उसके अनुसार बताया जा रहा है कि पहले पांचवी और आठवीं कक्षा में छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ा दिया जाता था और रोका नहीं जाता था, किंतु अब वायरल हो रहे राजपत्र के अनुसार पांचवी और आठवीं कक्षा में सफल नहीं होने वाले छात्र-छात्राओं को पुन: रोक कर उनकी पहले परीक्षा ली जाएगी और यदि उसमें भी वह सफल नहीं हो पाते हैं तो उन्हें दूसरी बार पुन: पढ़ाकर परीक्षा ली जाएगी, ताकि आने वाली कक्षाओं का रिजल्ट उन बच्चों का सुधर सके, किंतु जिले में शिक्षा विभाग की माने तो यह राजपत्र उनके पास अभी विभागीय रूप से नहीं आया है और ना ही इस प्रकार के विभाग से कोई उन्हें आदेश मिले हैं। आपको बता दे की बीते कुछ दिनों से भारत सरकार का एक राजपत्र तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें बताया जा रहा है कि अब 5वीं और 8वीं में अनुत्तीर्ण होने वाले स्टूडेंट्स को अगली कक्षा में प्रमोट नहीं किया जाएगा, केंद्र सरकार ने नो डिटेंशन पॉलिसी को खत्म कर दिया है इन कक्षाओं में अनुत्तीर्ण छात्रों को दो माह के अंदर दोबारा परीक्षा देने का मौका दिया जाएगा , केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने यह बड़ा फैसला करते हुए 'नो डिटेंशन पॉलिसी' को खत्म कर दिया है अब कक्षा 5वीं और 8वीं की वार्षिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने वाले छात्रों को पास नहीं किया जाएगा, पहले अनुत्तीर्ण होने वाले छात्रों को पास कर अगली कक्षा में प्रमोट कर दिया जाता था, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा. अनुत्तीर्ण होने वाले छात्रों को दो महीने के अंदर दोबारा परीक्षा देने का मौका मिलेगा, लेकिन अगर वे दोबारा अनुत्तीर्ण होते हैं तो उन्हें प्रमोट नहीं किया जाएगा , जबकि स्कूल 8वीं कक्षा तक किसी छात्र को बाहर भी नहीं करेगा, शिक्षा मंत्रालय ने पढ़ाई में स्तर सुधारने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए कक्षा 5वीं और 8वीं के लिए 'नो-डिटेंशन पॉलिसी' को खत्म कर दिया है, जिसके तहत स्कूलों को साल के अंत में होने वाली परीक्षा में सफल नहीं होने वाले छात्रों को अगली कक्षा में प्रमोट करने की अनुमति दी गई थी और जब बच्चे सीधे प्रमोट होकर बड़ी कक्षाओं में जा रहे थे, तब कहीं ना कहीं बड़ी कक्षाओं पर भार पड़ रहा था और रिजल्ट भी धीरे-धीरे गिरने लगा था , शायद इसी का कारण है जो इस प्रकार का निर्णय लिया जा रहा है, किंतु वही जिले में शिक्षा विभाग की माने तो इस प्रकार का आदेश या राजपत्र अभी जिले में शिक्षा विभाग को नहीं मिला है और अधिकारी बता रहे हैं कि उन्हें भी सिर्फ सोशल मीडिया के माध्यम से ही इस प्रकार के राजपत्र की जानकारी लगी है, किंतु जब तक उन्हें विभाग से कोई जानकारी नहीं आती वह इस पर कुछ नहीं कहेंगे।



### स्कूल से बाहर नहीं होंगे बच्चे

वायरल हो रहे पत्र में कहा गया है कि बच्चे को रोके रखने के दौरान शिक्षक बच्चे के साथ-साथ यदि आवश्यक हो तो अभिभावक का भी मार्गदर्शन करेंगे ,वहीं केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि प्रारंभिक शिक्षा पूरी होने तक किसी भी बच्चे को किसी भी स्कूल से नहीं निकाला जाएगा।

### सीधे प्रमोट करने से गिर रहा था रिजल्ट

कुछ शिक्षाविदों की माने तो ,जिस प्रकार से बीते वर्षों से विभाग द्वारा आठवीं और पांचवी कक्षा के छात्र-छात्राओं को सीधे प्रमोट कर अगली कक्षाओं में भेज दिया जा रहा था, उससे कहीं ना कहीं आने वाली बड़ी कक्षाओं का रिजल्ट गिरना शुरू हो गया था एवं बच्चे उतने पढ़ाई में परिपक्क नहीं हो पा रहे थे, जिस कारण से बोर्ड कक्षाओं का रिजल्ट गिरना शुरू हो गया था, इसी कारण से विभाग द्वारा शायद इस प्रकार के निर्णय लिए गए हो ताकि बच्चों को छोटी कक्षाओं में रोक कर अच्छे से परीक्षा लेकर उन्हें तैयार किया जाए, ताकि वह आगे बड़ी कक्षाओं में आसानी से बोर्ड परीक्षा को पास कर सके।

### नहीं मिले हैं इस प्रकार के कोई निर्देश - महेश शरणागत

बालाघाट बीआरसी महेश शरणागत द्वारा बताया गया कि जो भारत सरकार के राजपत्र की बात हम कर रहे हैं वह उन्हें विभागीय रूप से नहीं मिला है और ना ही अभी आठवीं और पांचवी कक्षा के छात्र-छात्राओं को इस प्रकार से परीक्षा लेने के विभाग से कोई निर्देश प्राप्त नहीं हुए हैं , हालांकि उन्हें भी सोशल मीडिया के माध्यम से ही व्हाट्सएप पर इस प्रकार के राजपत्र की जानकारी मिली है, पर वह इस विषय में अभी कुछ नहीं कह सकते , क्योंकि उन्हें अभी विभाग से कोई आदेश निर्देश नहीं मिले हैं।

# वक्फ बोर्ड ने निर्देशन में अंजुमन उर्दू स्कूल में हुआ स्कॉलरशिप वितरण समारोह

## 60 प्रतिशत पाने वाले प्रत्येक विघार्थी को बाटी गई 10- 10 हजार की स्कॉलरशिप

बालाघाट(पदमेश न्यूज)। मध्यप्रदेश राज्य वक्फ बोर्ड भोपाल के आदेश पर जबलपुर जिला वक्फ कमेटियों की ओर से बोर्ड की शिक्षा नीति के तहत पढ़ो-पढ़ाओ-राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनो उद्देश्य की पूर्ति के लिये स्कॉलरशिप वितरण समारोह का आयोजन किया गया। सोमवार को नगर के जामा मस्जिद चौक स्थित अंजुमन उर्दू स्कूल बालाघाट में समाज के मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करने स्कॉलरशिप का वितरण किया गया। आयोजित समारोह में वक्फ बोर्ड पूर्व जिलाध्यक्ष अनीश मेमन, अंजुमन इस्लामिया कमेटी सदर सुभान मंसूरी मुन्ना भाई, हाजी फारूख खान, इकबाल भाई मंसूरी, हाजी शफी भाई, फिरोज खान, हाजी खालिक भाई, रफीक भाई लांजी, मेहमूद आलम, साबिर मंसूरी सचिव, शरीफुल्लाभाई सहित शिक्षकों, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।




### इन्हें प्रदान किए गए स्कॉलरशिप के चेक

स्कॉलरशिप वितरण समारोह के दौरान बोर्ड परीक्षा में 60प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप के तहत 10 हजार रूपये की राशि के चेक दिये गये।अतिथियों के हस्ते चेक प्रदान करने बाद उपस्थित विद्यार्थियों अभिभावकों और शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए अतिथियों ने उनका मार्गदर्शन किया। वहीं शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने की बात कही। आयोजित समारोह के दौरान अर्शीया कौसर पिता शेख अनीस, आयशा फातिमा पिता अजमत अली दादाबाड़ी जैन स्कूल, जाबिरा सानिया पिता शाकिब शेख शास. उच्चतर माध्य. विद्यालय तिरोड़ी, मो. अज़लान पिता सईद खान शास. सीएम राईज स्कूल बालाघाट, जिया नाज़ पिता शेख जिब्राईल अपोलो स्कूल बालाघाट, अलिशा पिता सदाकत अली शास. उच्चतर विद्यालय बुदबुदा वारासिवनी, माविया मलिक पिता मो. शहजाद अपोलो स्कूल बालाघाट, फरहान खान पिता मो. नासिर खान का समावेश है। जिन्हें 10- 10 हजार रु के चेक प्रदान किए गए।

### तहसील स्तर पर भी होगा समारोह

तहसील स्तर पर भी वक्फ बोर्ड द्वारा समारोह का आयोजन किया जाना है जिसमें लांजी क्षेत्र अंतर्गत आरिया जैनब पिता पिता रफीक, आतिका पिता सिद्दीक अंसारी उत्कृष्ट विद्यालय लांजी का चयन किया गया है। लालबर्रा क्षेत्र के तहत अकमल पिता जिब्राईल खान शास. उत्कृष्ट विद्यालय लालबर्रा, जोया पिता कलीम शेख लिटिल स्टार कॉन्वेंट लालबर्रा, जोया खान पिता मो. सादिक खान वैदिक कॉन्वेंट लालबर्रा को भी स्कॉलरशिप की राशि प्रदान की जायेगी।

### हर तबके के बच्चों को है शिक्षा का अधिकार-अनीश मेमन

आयोजित कार्यक्रम को लेकर की गई चर्चा के दौरान वक्फ बोर्ड पूर्व जिलाध्यक्ष अनीश मेमन ने बताया कि मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड द्वारा शिक्षा नीति के तहत नवाचार किया गया है जिसमें जिलास्तर पर 5 सदस्यीय कमेटी बनाई गई थी और 60 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले समाज के मेधावी छात्रों को 10 हजार रूपये प्रति छात्र को छात्रवृत्ति के तौर पर चेक के माध्यम से दिये गये है। उन्होंने बताया कि देश और समाज की उन्नति का आधार शिक्षा होती है, इसलिए मुस्लिम समाज के गरीब बच्चों को भी शिक्षा के मूल प्रवाह में समाहित करने, उनमें शिक्षा की ललक बढ़ाने के साथ ही आर्थिक रूप से शिक्षा के लिये सक्षम बनाने के लिये वक्फ बोर्ड का प्रयास प्रशंसनीय है। उन्होंने बताया कि सामाजिक संस्थाओं का प्रयास है कि शिक्षा के केन्द्र स्थापित हो, स्कूलों में बच्चों की संख्या में वृद्धि हो सके, पढ़-लिखकर राष्ट्र निर्माण में भूमिका निभाये। समाज के अभिभावकों से आग्रह है कि शिक्षा को महत्व दें अपने बच्चों को बेहतर तालिम दिलाये, आर्थिक रूप से अक्षम परिवारों को सहायता के लिये सार्थक प्रयास किये जा रहे है, उम्मीद है कि आगामी वर्ष में स्कॉलरशिप के माध्यम से अधिक से अधिक बच्चे लाभान्वित किया जाएगा।

# नेमा समाज का जिला स्तरीय परिवारिक मिलन समारोह का हुआ आयोजन

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। नेमा सामाजिक मंच द्वारा बालाघाट नेमा समाज का जिला स्तरीय परिवारिक मिलन समारोह गोविन्द पैलेस लान में रविवार को आयोजित किया गया ।सर्वप्रथम नेमा समाज के परम् पूज्य आराध्य देव श्री निमि जी महाराज , माँ सरस्वती ,और मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम राजा सरकार के चित्र पर माल्यार्पण किया गया ।इसके साथ ही राष्ट्रगान का वाचन भी किया गया । देर शाम तक चले इस नेमा समाज के पारिवारिक मिलन समारोह में समाज के बड़े बुजुर्गो का शाल और श्रीफल से सम्मान किया गया । समाज की महिलाओ, पुरुष, बच्चों की खेलकूद एवं मनोरंजक प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी ।बाद में समाज के मेधावी बच्चों का सम्मान किया गया । नेमा सामाजिक मंच के संयोजक विजय गुप्ता ने अपने उदबोधन में कहा कि समाज को एक मंच में लाने के उद्देश्य से पुरुषों, महिलाओं और युवाओं का संयुक्त संगठन नेमा सामाजिक मंच बनाया गया है । उन्होंने कहा कि समाज की एकजुटता और समरसता के लिये शिक्षित होने के साथ ही जागरूक होना भी जरूरी है ।नेमा सामाजिक मंच के संयोजक विजय गुप्ता ने कहा कि आगामी दिनों में और भी शानदार कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे । कार्यक्रम प्रभारी अर्चित नेमा ने मंच संचालन किया ,इस आयोजन में जिले भर के सैकड़ों की संख्या में सामाजिक बन्धुओं, जिसमें वारासिवनी , बैहर ,मलाजखंड और बालाघाट शहर के पुरुष महिलाओं और बच्चों ने हिस्सा लिया । कार्यक्रम की सफलता में नेमा सामाजिक मंच के संयोजक विजय गुप्ता के साथ ही मंच की विशेष सहयोगी श्रीमती प्रीति मनोज नेमा , गोविंद पैलेस लान के संचालक अर्चित नेमा ममता नेमा , श्वेता नेमा , सुनंदा गुप्ता , अर्चना नेमा , वंदना नेमा , रचना नेमा , विनोद नेमा ,,आलोक नेमा , सुनील नेमा , अशोक नेमा , संदीप नेमा, दिनेश नेमा , अंकित नेमा आशीष नेमा नितेश नेमा सतीश नेमा समीर नेमा , निलेश नेमा, अमित नेमा ,अतुल नेमा ,सानू नेमा का योगदान सराहनीय रहा । कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन श्री आलोक नेमा द्वारा किया गया ।




# यात्री बस की ठोकर से मोटरसाइकिल में सवार दो युवक घायल

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। जिले के सोनगुड्डा पुलिस चौकी क्षेत्र में बिठली रोड पर स्थित बैगाटोला के पास बेलगाम यात्री बस ने मोटरसाइकिल को चपेट में ले लिया ।यात्री बस की जबरदस्त ठोकर से मोटरसाइकिल में सवार दो युवक घायल हो गए। दोनों घायल गणेश पिता सुरपाल परते 23 वर्ष ग्राम कुलपा पुलिस चौकी सोनेवानी थाना रूपझर और उसका साला गजेंद्र पिता देव सिंह उइके 15 वर्ष ग्राम कोदापार चौकी सोनगुड्डा थाना रूपझर निवासी है। जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुलपा निवासी गणेश परते अपने परिवार के साथ खेती किसानी करता है ।जिसका ससुराल ग्राम कोदापार का है। 22 दिसंबर को गणेश परते मोटरसाइकिल में अपने ससुराल कोदापार गया था और रात में वहीं रुकने के बाद 23 दिसंबर को 12:00 बजे करीब गणेश परते अपने साले गजेंद्र उइके के साथ मोटरसाइकिल में अपने ससुराल कोदापार से अपने घर कुलपा आ रहा था। सोनगुड्डा से बिठली रोड पर स्थित ग्राम बैगा टोला के पास बिठली की ओर से तेज रफ्तार से सोनगुड्डा आ रही। यात्री बस ने मोटरसाइकिल को चपेट में ले लिया ।यात्री बस की जबरदस्त ठोकर से मोटरसाइकिल में सवार गणेश परते और उसका साला गजेंद्र उइके के दोनों मोटरसाइकिल सहित गिरने से घायल हो गए ।दोनों के हाथ और पैर फैक्चर हो गए ।खबर मिलते ही परिवार के लोग पहुंचे और दोनों घायल को प्राइवेट वाहन से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया गया है। जिला अस्पताल पुलिस चौकी के प्रधान आरक्षक बारेलाल पांचे ने घायल गणेश परते का बयान लेकर अस्पताल तहरीर अग्रिम कार्रवाई हेतु पुलिस चौकी सोनगुड्डा भिजवा दी है।



# आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक महिपाल कुसराम पिता स्व. डोमाजी जाति गोवारी निवासी ग्राम पंचायत खमरिया के द्वारा कार्यालय तहसीलदार तहसील लालबर्रा जिला बालाघाट में आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि इनके पिता जी स्व. डोमाजी का निधन २४.०५.२०११ को हो चुका है और इनकी मृत्यु के उपरांत इन्हे मृत्यु प्रमाण पत्र तहसील कार्यालय से जारी किया जाना है। अत: जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे ०३.०१.२०२५ के पूर्व स्वयं या अपने अभिभाषक/अधिवक्ता सहित उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

**के.एल. टेकाम**
**तहसीलदार लालबर्रा**

# वीर बाल दिवस की गतिविधियों में आंगनवाडी के बच्चो ने दिखाई प्रतिभा

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। कलेक्टर मृणाल मीना एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी दीपमाला मंगोदिया के मार्गदर्शन में शासन के निर्देशन में 18 से 25 दिसम्बर तक क्रियांवित वीर बाल दिवस की गतिविधियां निरंतर जारी है। इसी के अंतर्गत सोमवार को 03 से 06 वर्ष के बच्चों का चित्रकला प्रतियोगिता, तोरण बनाना व बाहरी खेलकूद प्रतियोगिता की गतिविधियों का विकासखंड वारासिवनी एवं बिरसा के आंगनवाडी केंद्र बांधाटोला, बाकल, मशीन टोला, पल्हेरा, चिचगांव, सुरवाही, करोंदा बहेरा में किया गया। साथ ही बच्चों को

**प्लाट बेचना है**
बालाघाट शहर के हरिओम नगर में आवासीय प्लाट बेचना है
संपर्क करें-9165091604

**आवश्यकता है**
युवक / युवती की कम्प्यूटर ज्ञान होना आवश्यक है
वेतनमान-योग्यतानुसार
पता- श्री फायनेंस वारासिवनी
इस मों. नं. पर रिज्यूम भेंजे
मों. नं.9329595770

**मकान (कमरे) किराये पर उपलब्ध**
सर्वसुविधायुक्त ऑफिस फैमिली, वर्किंग स्टूडेंट के लिये अपनी आवश्यकता अनुसार उचित किराये पर ग्राउंड फ्लोर और फर्स्ट फ्लोर पर उपलब्ध
संपर्क करें
बस स्टेण्ड के पास सपना सोनोग्राफी डॉ. शिव पवार के सामने बैहर रोड बालाघाट
मो. 9479382779
8319536242

**आवश्यकता है**
स्थान- रायपुर, सिलतरा, उरला
सुरक्षा गार्ड-150 पद
शैक्षणिक योगयता-8वीं पास
वेतनमान- 13000/-+आवास
-पता-
जय अम्बे सिक्युरिटी सर्विस(इ)प्रा.लि.
इंदरा टावर डूंडासिवनी सिवनी (मप्र)
मो.9993094482
7999838660, 8770618004

**आवश्यकता है**
P.H.W.S. संस्था में JOB के लिए BOYS & GIRLS की आवश्यकता है
• सुपरवाईजर - 10 पद
• सर्वेयर - 30 पद
• रिसेप्शन - 01 पद
-संपर्क करें-
9625451008
9826181028

**मकान बेचना है**
दो मंजिला सर्वसुविधायुक्त डॉ., कोचिंग सेन्टर होस्टल के लिए उपयुक्त क्षेत्रफल 2500 वर्गफुट
शिवाय होटल के पीछे कालीपुतली चौक के पास
-संपर्क करें-
9752340946
9770777043

**आवश्यकता है**
ऑफिस कार्य हेतु बी.ई., बी कॉम., प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण Freshers एवं सी.ए. आर्टिकल, सी.ए. इन्टर फाईनल युवक/युवती की आवश्यकता है। कम्प्यूटर एक्सल की संपूर्ण जानकारी आवश्यक है।
संपर्क करें
बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएट्स
चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स, श्याम टॉकीज एंड मॉल द्वितीय तल हनुमान चौक, बालाघाट (मप्र)
मो. 09201340520/09244872544
बायोडाटा देने मिलने एवं फोन लगाने का समय शाम 5 से रात्रि 8 बजे तक

**आवश्यकता है**
कार चलाने हेतु ड्राईव्हर की आवश्यकता है
योग्यता-10वीं पास, वेतन- 10000 +
बालाघाट एवं आसपास में रहने वाले ही संपर्क करें
संपर्क करें
बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएट्स
चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स, श्याम टॉकीज एवं मॉल द्वितीय तल, मोन रोड, बालाघाट (मप्र)
मो. 9201340520,
9244872544
मिलने एवं फोन लगाने का समय- शाम 5.30 से 8.30 बजे तक

**लामता में "पद्मेश"**
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

**परसवाड़ा में "पद्मेश"**
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

**बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध**
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध

निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

# भाजपा जिला अध्यक्ष की 27 और 28 दिसंबर को होगी रायशुमारी

## नया जिला अध्यक्ष बनने के बाद बालाघाट के नगर मंडल अध्यक्ष के नाम की होगी घोषणा

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। भारतीय जनता पार्टी के चल रहे संगठन चुनाव में अब जिला अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है एवं बताया जा रहा है कि 27 और 28 दिसंबर को बालाघाट भाजपा जिला अध्यक्ष को लेकर रायशुमारी की जाएगी , जबकि अभी बालाघाट नगर मंडल का नाम भी घोषित होना बाकी है जिसके लिए अब भाजपा जिला अध्यक्ष रामकिशोर कावरे के द्वारा बताया जा रहा है कि अभी नगर मंडल के नाम की घोषणा नहीं की जाएगी और जिला अध्यक्ष के बनने के बाद ही बालाघाट नगर मंडल के नाम की स्थिति स्पष्ट होगी और हो सकता है कि प्रदेश स्तर के आदेश अनुसार बनाए गए नए भाजपा जिला अध्यक्ष ही बालाघाट नगर मंडल के नाम की वस्तु स्थिति स्पष्ट करें एवं वही यह भी बताया जा रहा है कि बालाघाट भाजपा को 5 जनवरी तक नया भाजपा जिला अध्यक्ष मिल जाएगा। आपको बता दें कि इस समय भारतीय जनता पार्टी में संगठन के चुनाव चल रहे हैं और जानकारी अनुसार यह चुनाव दिसंबर के अंतिम महीने तक लगभग संपन्न हो जाएंगे , वहीं जिले में भी बीते दिनों से यह चुनाव चल रहे हैं , जिसमें 15 दिसंबर से भाजपा जिला अध्यक्ष के चुनाव शुरू हो चुके हैं जबकि इसके पहले बूथ स्तर से मंडल स्तर तक के चुनाव समाप्त हो चुके हैं एवं भाजपा में 36 मंडल अध्यक्ष बन चुके हैं , तो वहीं अब बालाघाट नगर मंडल का नाम सियासी दावपेच की उठापटक में फंसा हुआ है और आज भाजपा जिला अध्यक्ष रामकिशोर कावरे द्वारा यह स्पष्ट



करवा दिया गया है कि अभी बालाघाट नगर मंडल के अध्यक्ष की नाम की घोषणा के लिए और इंतजार करना होगा और जब तक भाजपा जिला अध्यक्ष नया नहीं बन जाता तब तक यह नाम घोषित नहीं होगा, वही संभावित 27 और 28 दिसंबर को चुनाव पर्यवेक्षक और चुनाव अधिकारी, बालाघाट में अध्यक्ष चुनाव को लेकर रायशुमारी करेंगे। जिसके संकेत मिले है। उन्होंने बताया कि संगठनात्मक चुनाव के तीसरे चरण में अध्यक्ष के चुनाव को लेकर 15 से 30 दिसंबर तक की तिथि नियत है। अध्यक्ष के लिए होने वाली रायशुमारी में मंडल अध्यक्ष, विधायक, सांसद, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, वरिष्ठ भाजपा जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी, अध्यक्ष को लेकर, चुनाव पर्यवेक्षक और चुनाव अधिकारी से चर्चा करेंगे। जिसके बाद भोपाल से अध्यक्ष की घोषणा होगी। भाजपा सूत्र बताते है कि भले ही भाजपा ने अध्यक्ष के चुनाव की तिथि को 30 दिसंबर तक तय किया है लेकिन आगामी 05 से 10 जनवरी के बीच ही नए अध्यक्ष की घोषणा की जाएगी। जिले में भाजपा अध्यक्ष को लेकर दावेदारो भले ही सामने नहीं आ रहे है, लेकिन अध्यक्ष को लेकर अपनी लॉबिंग नेताओं तक कर रहे है। जिले में वर्तमान भाजपा अध्यक्ष रामकिशोर कावरे के अलावा अध्यक्ष की रेस में भाजपा नेता आनंद कोछड़ का नाम भी चल रहा है। जो केबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल के करीबी है और यदि लोकसभा में सांसद प्रत्याशी की तरह, प्रहलाद पटेल की संगठन में चली तो आनंद कोछड़, अध्यक्ष के प्रबल दावेदार होंगे।

### जिला अध्यक्ष के बाद मिलेगा नगर मंडल अध्यक्ष

जिस प्रकार से भाजपा द्वारा बालाघाट में नगर मंडल अध्यक्ष की संख्या बढ़ाई गई थी और 37 नगर मंडल अध्यक्ष जिले में बने जाना था, जिसमें से 36 नगर मंडल अध्यक्ष की तो घोषणा की जा चुकी है, किंतु अभी बालाघाट में नगर मंडल की घोषणा होना बाकी है, जिसमें जनचर्चा यही चल रही थी , कि दो वरिष्ठ नेताओं के बीच बालाघाट नगर मंडल का पद फस गया है और दोनों ही अपने-अपने समर्थकों को बालाघाट नगर मंडल अध्यक्ष बनाने की बात कह रहे थे, जिस पर अभी फैसला होना बाकी था और सभी सूची आने का इंतजार कर रहे है जिसमें अब रामकिशोर कावरे द्वारा स्पष्ट कर दिया गया है कि वरिष्ठ स्तर से मिले निर्देश अनुसार जब तक भाजपा जिला अध्यक्ष नहीं बन जाता तब तक बालाघाट नगर मंडल की सूची जारी नहीं होगी।

### नया जिला अध्यक्ष करेगा मंडल अध्यक्ष की घोषणा

वहीं चर्चा के दौरान रामकिशोर कावरे द्वारा बताया गया कि जिस प्रकार से अभी नगर मंडल अध्यक्ष बालाघाट की सूची नहीं आ रही है, उसमें वरिष्ठ संगठन के निर्देश अनुसार यह बताया जा रहा है कि यह सूची को अभी विवादों में होने के कारण रोक दिया गया है और जैसे ही 5 जनवरी के बाद बालाघाट को भाजपा का नया जिला अध्यक्ष मिल जाएगा, उसके बाद नया जिला अध्यक्ष द्वारा ही बालाघाट नगर मंडल अध्यक्ष की वरिष्ठ भाजपाइयों से सहमति लेकर ही नाम को जारी किया जाएगा ।

# सुशासन सप्ताह पर आयोजित हुई कार्यशाला को बालाघाट के पूर्व कलेक्टर श्री बोरकर ने सम्बोधित किया

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। बालाघाट पूर्व कलेक्टर चंद्रशेखर बोरकर ने सोमवार को जिला प्रशासन के तमाम अधिकारियों के साथ मुखातिब हुए। यह अवसर सुशासन सप्ताह के तहत आयोजित




कार्यशाला का था। पूर्व कलेक्टर श्री बोरकर ने कार्यशाला में अपने प्रशासनिक अनुभवों के साथ वर्तमान दौर में सुशासन को देखने और समझने पर विचार रखें। इस कार्यशाला की सबसे अच्छी बात यह रही कि कार्यशाला अपने निर्धारित समय से अधिक समय तक चलती रही। बल्कि कार्यशाला के समापन के बाद भी अधिकारियों से सुशासन में अपना योगदान देने के विषय में चर्चा जारी रखीं। इस कार्यशाला में वर्तमान कलेक्टर मृणाल मीना ने भी उनके प्रशासनिक अनुभवों का लाभ लेने के लिए प्रश्न भी किये। पूर्व कलेक्टर बोरकर ने कहा कि सुशासन के मायने वर्तमान में बढ़ गए है। हमेशा नवाचारों या कुछ अलग तरह से कार्य करने को सुशासन मान लिया जाता है। जबकि नवाचार सुशासन नहीं है। उन्होंने उदारहण देते हुए कहा कि पात्र और योग्य लोगो के जीवन को सहज और सरल बनाना सुशासन है। जैसा कि बालाघाट प्रशासन द्वारा इन दिनों आयुष्मान कार्ड और दिव्यांजनो को लाभ देने के लिए कार्ययोजना पर कार्य किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि सुशासन को लोगो के नजरिये से देखा जाना चाहिए। शासन और प्रशासन को यह कोशिश करनी चाहिये कि वो लोगों के नजरिये से सुशासन देखें। इसके अलावा लक्ष्य तक पहुँचने के लिए लोगों को सशक्त करना होगा।

### नवाचार सुशासन नहीं

पूर्व कलेक्टर बोरकर ने कहा कि कई बार देखा जाता है कि प्रशासन द्वारा कोई नवाचार या इनोवेशन किया जाता है। इसे ही सुशासन की तरह देखा जाता है। जबकि ऐसा नहीं है। पात्र और योग्य लोगों को लंबे समय तक सेवा या योजना प्राप्ति के बाद सशक्त होना सुशासन हो सकता है। उन्होंने सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन के प्रश्म के जवाब में कहा कि अनेकता में एकता लाने के लिए समानता की दिशा में बढ़ना होगा। ऐसा सिर्फ योजनाओँ के माध्यम से नही बल्कि व्यक्तिगत और सामाजिक प्रयासों से माध्यम से भी करना होगा। कार्यशाला का आभार सीईओ जिपं अभिषेक सराफ ने व्यक्त किया। इस दौरान अपर कलेक्टर जीएस धुर्वे, एसडीएम गोपाल सोनी तथा सभागृह में मौजूद जिला अधिकारी और गूगल मीट से जुड़े अनुभागीय अमला भी शामिल हुआ।

# किसान गर्जना संगठन ने बनाया राष्ट्रीय किसान दिवस

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। किसान गर्जना संगठन द्वारा स्थानीय अंबेडकर गार्डन में देश के पांचवें प्रधानमंत्री चौधरी



चरण सिंह के जन्म दिवस पर राष्ट्रीय किसान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां किसान गर्जना के पदाधिकारी और कुछ किसानों के द्वारा भगवान बलराम की छायाचित्र पर माल्यार्पण करते हुए राष्ट्रीय किसान दिवस कार्यक्रम मनाया गया। आपको बता दे की ऐसे तो अलग-अलग दिवस अलग-अलग संस्थान और आयोजक द्वारा बनाए जाते हैं, किंतु बहुत कम ही देखने में मिलता है कि देश के किसान को लेकर कोई कार्यक्रम आयोजित हो , वही किसान गर्जना संगठन द्वारा देश के पांचवें प्रधानमंत्री चरण सिंह चौधरी के जन्मदिन पर राष्ट्रीय किसान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, यह कार्यक्रम स्थानीय अंबेडकर चौक स्थित अंबेडकर गार्डन में मनाया गया जहां, किसान गर्जना के पदाधिकारी और कुछ किसानों द्वारा भगवान बलराम की छाया प्रति पर माल्यार्पण कर किसानों के किए गए कार्यों को याद करते हुए किसानों के लिए जयघोष के नारे लगाए गए और कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# एक व्यक्ति को उसके बड़े भाई और भाभी ने की मारपीट, सर में ईट पटककर किये घायल

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। नगर के वार्ड नंबर 10 लखेरा मोहल्ला में एक व्यक्ति को अपने हिस्से की जमीन बेचने के विवाद को लेकर उसके भाई और भाभी ने हाथ बुक्के से मारपीट किया वहीं सर में ईट से मार कर घायल कर दिए। घायल व्यक्ति पंकज पिता प्रताप लाल रतनेरे 36 वर्ष वार्ड नंबर 10 लखेरा मोहल्ला बालाघाट निवासी का इलाज जिला अस्पताल बालाघाट में किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पंकज मजदूरी करता है जिसके परिवार में दो भाई एक बहन है सभी की शादी हो चुकी है ।पंकज का बड़ा भाई प्रशांत अपने परिवार के साथ अलग रहता है और पंकज अपनी मां के साथ में रहता है पंकज की पत्नी दो बच्चों को लेकर मायके में रह रही है। बताया गया है कि पंकज के पिता की 72 डिसमिल जमीन ग्राम सुसवा में है। जिसमें सभी का नाम दर्ज है। पंकज के हिस्से में 18 डिसमिल जमीन आ रही है जिससे वह बेचना चाहता था जिसके लिए सभी की सहमति होना जरूरी होता है ।22 दिसंबर की रात की 10:00 बजे पंकज ने अपने भाई प्रशांत से बोला कि मैं अपनी हिस्से की जमीन बेच रहा हूं आप अपनी सहमति देकर कागजात में दस्तक कर दे। किंतु प्रशांत ने मना कर दिया कि मैं सहमति नहीं दूंगा और हस्ताक्षर भी नहीं करूंगा। इसी को लेकर के दोनों भाई के बीच विवाद होने लगा और इस विवाद के चलते पंकज को उसके भाई प्रशांत और भाभी ने हाथ बुक्के से मारपीट किया और सर में ईट पटक कर घायल कर दिए ।बीच बचाव के बाद पंकज इलाज करने के लिए जिला अस्पताल पहुंचा ।जिला अस्पताल पुलिस ने पंकज का बयान लेकर अस्पताल तहरीर अग्रिम कार्रवाई हेतु कोतवाली बालाघाट भिजवा दी है।

# गृहमंत्री अमित शाह पर दर्ज की जाए एफआईआर

## प्रज्ञा बौद्ध विहार निर्माण समिति ने नगर में निकाली रैली, कोतवाली थाने में आवेदन देकर की कार्यवाही की मांग

बालाघाट (पदमेश न्यूज़)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा सदन में अंबेडकर पर दिए गए बयान को लेकर पिछले कुछ दिनों से मचा बवाल ,थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिसको लेकर पूरे देश में जगह-जगह प्रदर्शन किए जा रहे हैं जहां अमित शाह के बयान से खफा, बौद्ध अनुयाई, अंबेडकरवादी, एसटी ,एससी, ओबीसी, मूल निवासी पिछड़ा वर्ग सहित विभिन्न संगठन गृहमंत्री अमित शाह से माफी मंगवाने की जिद पर आमदा है। उधर अमित शाह के बयान को लेकर पूरे देश की तरह नगर में भी चल रहे विरोध प्रदर्शन के बीच सोमवार को प्रज्ञा बौद्ध विहार निर्माण समिति द्वारा वार्ड नंबर 24 से कोतवाली थाने तक एक रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया गया। जहा रैली के माध्यम से अंबेडकर अनुयायियों ने कोतवाली थाना पहुँचकर थाना प्रभारी प्रकाश वास्कले को एक आवेदन सौपा है जिसमें उन्होंने गृहमंत्री अमित शाह पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। जहां उन्होंने पिछले 7 दिनों से जारी विरोध प्रदर्शन ज्ञापन के बावजूद भी अब तक अमित शाह पर कोई कार्यवाही न होने पर नाराजगी जताते हुए पुलिस महकमे के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर अमित शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराए जाने की चेतावनी दी है। इस दौरान जिला बौद्ध संघ अध्यक्ष सचिन मेश्राम, भीम आर्मी से संतोष गेड़ाम, सुशील डोंगरे, निरंजन मेश्राम, मंजू मेश्राम, खुशी गेड़ाम सहित अन्य पदाधिकारी सदस्य व सामाजिक महिलाएं प्रमुख रूप से उपस्थित रही।



### अमित शाह पर बनाया जाए धार्मिक भावना आहत करने का मामला

गृहमंत्री अमित शाह पर एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर कोतवाली थाना पहुंचे अंबेडकर अनुयायियों ने बताया कि 17 दिसंबर को भारत सरकार के गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संसद सत्र के दौरान डां बाबा साहेब अम्बेडकर जी को कहा गया कि आज देश मे एक फैशन बन गया है लोग अम्बेडकर, अम्बेडकर अम्बेडकर अम्बेडकर रट रहे है इतनी बार अगर भगवान का नाम ले लेते तो सात जनमो तक स्वर्ग मिल जाता है, उक्त टिप्पणी करने से संविधान निर्माता डॉ बाबा साहेब अम्बेडकर को बहुत छोटा बताने से डॉ बाबा साहेब अम्बेडकर के अनुयायीयो एवं समस्त देशवासियो की भावनाएं आहत हुई है जबकि भारत के संविधान मे डॉ. अम्बेडकर जी के द्वारा किसी भी धर्म को मानने की स्वतंत्रता दी गई है परन्तु गृह मंत्री अमित शाह द्वारा किसी एक धार्मिक वर्ग के पक्ष मे धार्मिक भावना भडका कर भगवान को मानने के लिए प्रेरित करता है जिससे अन्य धर्मो को मानने वाले की भावनए आहत हुई है एवं डां बाबा साहेब अम्बेडकर जी को नीचा दिखाने का प्रयास किया गया है इस परिस्थिति मे गृह मंत्री अमित शाह के विरूद्व धार्मिक भावनाओं को भडकाने का अपराध पंजीबद्ध कर तत्काल देश एवं देश के समस्त आम्बेंडकर अनुयायियो से माफी मांगनी चाहिए, वही उनके द्वारा माफी ना मांगने पर उनके खिलाफ तत्काल धार्मिक भावनाएं आहत करने का मामला पर पंजीबद्ध किया जाना चाहिए।

### यह सत्ता और शासन के खिलाफ लड़ाई है-सचिन मेंश्राम

मामले को लेकर की गई चर्चा के दौरान जिला बौद्ध संघ अध्यक्ष सचिन मेंश्राम ने बताया कि देश के गृहमंत्री अमित शाह ने बाबा साहब का अपमान किया है उन्होंने हमारी धार्मिक भावनाएं भड़काई हैं समस्त आबादी बाबा साहब अंबेडकर को मानने वाली है गृहमंत्री ने सदन के अंदर से लोगों को भड़काने का काम किया है संविधान की शपथ लेने के बाद उसी संविधान निर्माता के खिलाफ उन्होंने टिप्पणी की है जो स्वीकार नहीं की जाएगी। इसीलिए आज हम आवेदन देने नहीं बल्कि एफआईआर दर्ज करने के लिए आए हैं कटंगी में भी एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर आवेदन दिया गया है आज कोतवाली में भी एफआईआर की मांग को लेकर आवेदन दिया गया है और आगे अन्य थानों में भी इसी मांग को लेकर आवेदन दिया जाएगा। क्योंकि यह सत्ता और शासन के खिलाफ लड़ाई है। 7 दिन बाद आकर हम फिर देखेंगे की अमित शाह पर कार्यवाही हुई या नहीं हुई। यदि एफआईआर दर्ज नहीं होती तो पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क कर एफआईआर दर्ज कराने की मांग की जाएगी।

## खैरलांजी थाने के घोटी बलवा कांड

# लिल्हारे परिवार के 8 नामजद सहित एक दर्जन लोगों की विरुद्ध अपराध दर्ज

## चाकू बिछुवा लाठी के वार से घायल शिवकुमार की हालत गम्भीर

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। खैरलांजी पुलिस ने ग्राम घोटी बलवा कांड में इसी ग्राम के लिल्हारे परिवार के 8 नामजद सहित एक दर्जन लोगों के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है ।इन आरोपियों के विरुद्ध सरपंच नरेंद्र ठकरेले के भाई शिव कुमार ठकरेले की हत्या करने की नीयत से बलवा कर उसे डंडा चाकू बिछुआ से प्राण घातक चोट पहुंचाने का आरोप है। 22 दिसंबर की शाम 6:00 बजे आपसी रंजिश के चलते हुई इस वारदात में गंभीर रूप से घायल शिवप्रसाद ठकरेले गोंदिया के एक निजी हॉस्पिटल में जिंदगी और मौत सेसंघर्ष कर रहे हैं। घटना के बाद से सभी आरोपी फरार हो गए हैं ।जिनमे कुछ आरोपियों को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम घोटी में 2 वर्ष पहले हुए पंचायत चुनाव से ही कि ग्राम के ठकरेले और लिल्हारे परिवार के बीच आपसी रंजिश चली आ रहीथी। बताया गया है कि पंचायत चुनाव में ठकरेले परिवार से नरेंद्र ठकरेले और लिल्हारे परिवार से कृष्णा उर्फ पिंटू लिल्हारे ने सरपंच के लिए दावेदारी की थी। किंतु इस पंचायत चुनाव में कृष्णा उर्फ पिंटू लिल्हारे को हार का सामना करना पड़ा था। तभी से लिल्हारे परिवार की सरपंच नरेन्द्र ठकरेले के परिवार से आपसी रंजिश बन गई थी और इसी के साथी कृष्णा उर्फ पिंटू लिल्हारे के बड़े पिता के बेटे महेश लिल्हारे और नरेंद्र ठकरेले ने पार्टनरशिप में स्कूल चलाने के लिए स्कूल निर्माण के लिए जमीन खरीदी थी। किंतु महेश लिल्हारे के द्वारा अड़ंगा डालने पर नरेंद्र ठकरेले ने स्कूल के लिए खरीदी गई जमीन के 6 लाख 76हजार रुपये महेश लिल्हारे को वापस कर दिए थे। इसके बावजूद कृष्णा उर्फ पिंटू लिल्हारे और महेश लिल्हारे पंचायत के निर्माण और विकास कार्य के अलावा सामाजिक कार्यक्रम में भी अड़ंगा डालने लगे थे। इसी को लेकर भी सरपंच नरेन्द्र ठकरेले और लिल्हारे परिवार के बीच आपसी रंजिश बनी गई थी और यह परिवार ठकरेले परिवार को मार काट करने के लिए आमाद हो रहा था। 22 दिसंबर को सुबह लिल्हारे परिवार के करीब एक दर्जन लोगों ने सरपंच नरेंद्र ठकरेले के घर में हमला किया और घर में घुसकर नरेंद्र ठकरेले और उसके बेटे को मारपीट किए थे। बीच बचाव के बाद सरपंच नरेंद्र ठकरेले अपने बेटे के साथ रिपोर्ट करने के लिए खैरलांजी पुलिस थाना गए थे। किंतु खैरलांजी थाने मे की गई शिकायत पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई थी। दोपहर में सरपंच नरेंद्र ठकरेले का बेटा दुर्गा प्रसाद ठकरेले जब अपने खेत में था तब उसे कृष्णा उर्फ पिंटू लिल्हारे ,मनीष लिल्हारे और महेंद्र देशभरतार ने मारपीट किए थे। शाम 6:00 बजे करीब जब सरपंच नरेंद्र ठकरेले का छोटा भाई शिव कुमार ठकरेले खेत से भैंस लेकर घर आ रहा था। तभी गांव के मनोज खजरे के घर के सामने हैंडपंप के पास जैसे ही शिवकुमार ठकरेले पहुंचा तभी महेश लिल्हारे, पिंटू लिल्हारे, परमेश्वर लिल्हारे,मनीष लिल्हारे, ज्ञानेश्वर लिल्हारे, सुरेश लिल्हारे, नरेश लिल्हारे, रमेश लिल्हारे सहित अन्य तीन चार लोगों ने बलवा करते हुए शिवकुमार पर लाठी डंडा चाकू बिछुआ से हमला कर दिये। इन लोंगों ने शिवकुमार ठकरेले को दौड़ा दौड़ा कर मारे कृष्ण उर्फ पिंटू लिल्हारे ने शिवकुमार को चाकू से तथा महेश लिल्हारे ने बिछुआ से शिवकुमार के पेट में मारे और वही सर में धारदार हथियार से वार कर दिए ।आपसी रंजीत के चलते यह वारदात इन आरोपियों ने शिव कुमार की हत्या करने की नीयत से की गई थी । चाकू बिछवा लाठी डंडे के वार से शिवकुमार ठकरेले गंभीर रूप से घायल और बेहोश हो गया था। बीच बचाव के बाद घायल शिवकुमार को 108 एंबुलेंस से वारासिवनी के अस्पताल में भर्ती किए थे जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल बालाघाट रेफर कर दिया गया था ।जिला अस्पताल बालाघाट में भी शिव कुमार की गंभीर स्थिति की देखते हुए उसे नायब तहसीलदार द्वारा मरणासन्न कथन लेने के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया गंभीर रूप से घायल शिवकुमार को उसके परिवार वालों ने गोंदिया के जानकी हॉस्पिटल में भर्ती किए हैं जो जीवन और मौत से संघर्ष कर रहा है। खैरलांजी पुलिस ने सरपंच नरेंद्र ठकरेले द्वारा की गई रिपोर्ट पर लिल्हारे परिवार के महेश लिल्हारे,कृष्णा उर्फ पिंटू लिल्हारे, परमेश्वर लिल्हारे, मनीष लिल्हारे, ज्ञानेश्वर लिल्हारे, सुरेश लिल्हारे,नरेश लिल्हारे,रमेश लिल्हारे,औरअन्य तीन चार आरोपियों के विरुद्ध धारा 191(2),191(3),190,296,109(1)115(2),351(3) भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की है घटना के बाद से सभी आरोपी फरार बताए गए हैं। जिनकी तलाश की जा रही है।

### सुबह की घटना पर यदि इन आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही हो जाती तो शाम को उनके भाई पर हमला नही होता-सरपंच नरेन्द्र ठकरेले

ग्राम पंचायत घोटी के सरपंच नरेंद्र ठकरेले ने दूरभाष पर पद्मेश न्यूज़ को बताएं कि 22 दिसंबर को सुबह 8:30 बजे एक दर्जन से अधिक लोगों ने उनके घर में हमला कर उसे और उसके बेटे को मारपीट किए थे ।जिसकी शिकायत खैरलांजी पुलिस थाने में की गई थी। किंतु इस शिकायत पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। जिसके कारण इन आरोपियों के हौसले बुलंद हो गए और उन्होंने शाम को 6:00 उनके भाई शिव कुमार पर प्राणघातक हमला कर दिए। यदि सुबह की घटना की शिकायत पर इन आरोपियों के विरुद्ध हो जाती तो शाम को यह वारदात नहीं होती। सरपंच श्री ठकरेले ने बताया कि 22 दिसम्बर की सुबह गई शिकायत पर यदि अपराध दर्ज नहीं हुआ और आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी नही हुई तो उन्हें चक्का जाम धरना प्रदर्शन करने बाध्य होना पड़ेगा ।

### कुछ आरोपियों को अभिरक्षा में ले लिया गया है- थाना प्रभारी रामसिंह पटेल

खैरलांजी थाना प्रभारी निरीक्षक राम सिंह पटेल ने पद्मेश न्यूज़ को दूरभाष पर बताये कि घोटी में हुई घटना को लेकर अपराध दर्ज होने के बाद इस घटना में फरार आरोपियों की तलाश की जारी है। कुछ आरोपियों को अभिरक्षा में ले लिया गया है। अन्य आरोपियों को भी शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# अखिल भारतीय स्तर पर गढ़वाल समाज युवा प्रकोष्ठ का विस्तार

## संपूर्ण भारत वर्ष से युवक युवतियों को युवा प्रकोष्ठ में किया गया शामिल

बालाघाट(पदमेश न्यूज)। अखिल भारतीय गढ़वाल समाज महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक जिला मुख्यालय निकट भटेरा के एक लॉन में संपन्न हुई । बैठक दोपहर 2 बजे प्रारंभ हुई। जिसमें राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सभी प्रमुख पदाधिकारी सहित युवा प्रकोष्ठ व महिला प्रकोष्ठ सम्मिलित हुए ।




बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र नागेश्वर के अध्यक्षता में प्रारंभ की गई । बैठक का आरंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना से किया गया ।तत्पश्चात महासभा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष प्रदीप खरे द्वारा आय व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात् समाज की भटेरा स्थित जमीन पर छात्रावास भवन निर्माण के लिए 11 सदस्यीय निर्माण समिति का गठन किया गया ।महासभा के पूर्व अध्यक्ष कमलेश अजीत को इस समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वही समाज हित मे अन्य निर्णय लिए गए।

### युवा व महिला प्रकोष्ठ कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी का विस्तार हुआ

अखिल भारतीय गढ़वाल समाज महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में अन्य विषयों के साथ-साथ युवा प्रकोष्ठ व महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का भी विस्तार किया गया जहा युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल शिववंशी द्वारा युवा प्रकोष्ठ कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए राष्ट्रीय सचिव के रूप में युवराज चंद्रवंशी व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष के रूप में कमलेश अजीत एवं अन्य अनेक पदों की घोषणा की गई।

### समाज का फोकस शिक्षा और स्वास्थ्य पर-नागेश्वर

आयोजन को लेकर की गई चर्चा के दौरान अखिल भारतीय गढ़वाल समाज महासभा अध्यक्ष रविंद्र नागेश्वर द्वारा बताया गया कि छात्रावास के निर्माण होने के बाद हमारे समाज के छात्रों जो दूरस्थ क्षेत्रों से आकर बालाघाट में पढ़ाई करते है उनके रहने के लिए यह एक उचित व्यवस्था समाज की ओर से होगी । जिसमें समाज के छात्रों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होने के साथ-साथ उनकी शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। बताया गया की गढ़वाल समाज शिक्षा और स्वास्थ्य पर विशेष फोकस कर रहा है और सामाजिक प्रगति के लिए यह दोनों क्षेत्रों में सुधार अत्यंत आवश्यक है ऐसी बैठके समाज हितों को संरक्षित करने और उनकी उन्नति के लिए महत्वपूर्ण है ऐसी बैठके निरंतर आयोजित की जानी चाहिए ।

### युवा ही समाज का भविष्य -शिववंशी

युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल शिववंशी द्वारा कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए कहा गया कि, युवा ही समाज का भविष्य है । सभी युवाओं को सामाजिक मर्यादा का ध्यान रखते हुए सामाजिक जिम्मेदारियो का निर्वहन करना है । साथ ही समाज की प्रगति और उन्नति के लिए निरंतर कार्य करते रहना है । हमें समाज में युवाओं को समाज और सामाजिक जिम्मेदारियो के लिए जागृत करना है ।सभी सामाजिक युवाओं को समाज से जोड़े रखने के लिए कार्य करना है । साथ ही सामाजिक एकता के लिए भी कार्य करना होगा ।

# किसानों के विरोध के बाद प्रशासन ने खरीदी केन्द्र स्थान को बदला

## नये खरीदी केन्द्र रामजी वेयर हाउस में जगह के अभाव में किसानों को उपज विक्रय करने में हो रही थी परेशानी, ददिया उपकेन्द्र के पुराने खरीदी केन्द्र में समर्थन मूल्य में हुई धान खरीदी शुरू, मांग पूरी होने पर किसान खुश नजर आये

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय स्थित वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति लालबर्रा की उपकेन्द्र ददिया में गत दिवस से शासन के निर्देश पर समर्थन मूल्य में धान खरीदी की जा रही है और प्रशासन के द्वारा पुराने खरीदी केन्द्र स्थान को बदलकर खामघाट के समीप बने रामजी वेयर हाउस को खरीदी केन्द्र बनाया गया था। जहां जगह का अभाव होने के कारण किसानों को अपनी उपज विक्रय करने एवं समिति को धान खरीदी करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था और पूर्व से ही किसानों के द्वारा नये स्थान पर बनाये गये खरीदी केन्द्र का विरोध कर रहे थे परन्तु उसी स्थान पर खरीदी प्रारंभ कर दी गई थी। जिससे आक्रोशित ददिया, बम्हनी सहित अन्य ग्रामों के किसानों से गत दिवस तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर पुराने खरीदी केन्द्र ददिया में ही खरीदी किये जाने की मांग की थी और मांगे पूरी नही होने पर कोई भी किसान समर्थन मूल्य में अपनी उपज विक्रय नही करेगें और आंदोलन करने की चेतावनी शासन-प्रशासन को दिये थे। साथ ही किसानों की इस समस्या को लेकर बालाघाट एक्सप्रेस अखबार में समाचार भी प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। किसानों के द्वारा आंदोलन किये जाने की चेतावनी एवं अखबार में समाचार प्रकाशित होने के बाद खाद्य विपणन केन्द्र के अधिकारी हरकत में आये और गत दिवस रामजी वेयर हाउस में बनाये गये खरीदी केन्द्र का निरीक्षण कर किसानों से मुलाकात की और उनकी समस्या जाना। इस दौरान किसानों ने खाद्य विपणन केन्द्र के अधिकारियों को बताया




कि रामजी वेयर हाउस खरीदी केन्द्र में जगह का अभाव होने के कारण उपज विक्रय करने में परेशानी हो रही है और बम्हनी, ददिया से काफी दुर है इसलिए पुराने स्थान ददिया सोसायटी परिसर में बने मनरेगा योजना के केप स्थान पर ही खरीदी करने की मांग की और किसानों के आक्रोश को देखते हुए अधिकारियों ने किसानों को पुराने खरीदी केन्द्र ददिया में खरीदी किये जाने आश्वास्त किया था। जिसके बाद किसानों का आक्रोश शांत हुआ और सोमवार से ददिया के उपकेन्द्र के पुराने खरीदी केन्द्र में धान खरीदी कार्य प्रारंभ हो चुकी है। जिससे किसान खुश है और अपनी उपज समर्थन मूल्य में विक्रय करने पहुंच रहे है। इस तरह से किसानों के विरोध के बाद प्रशासन ने नये स्थान पर किये जा रहे खरीदी केन्द्र के स्थान को बदलकर पुराने खरीदी केन्द्र में पुर्व की तरह खरीदी करने के निर्देश दिये है और खरीदी कार्य जारी है। वहीं किसान समर्थन मूल्य में अपनी उपज विक्रय कर रहे है लेकिन शासन के द्वारा बनाये गये साफ्टवेयर में ऋण की राशि पुरी काट ली जा रही है जिससे किसान परेशान है। जबकि इसके पूर्व में ऋण की आधी राशि काटी जाती थी परन्तु इस बार पूरी राशि काट ली जा रही है। ऐसी स्थिति में कम खेती वाले किसानों को उपज बेचने के बाद भी कम राशि का भुगतान होने से उन्हे परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि किसान अपनी उपज विक्रय करने के बाद जो पैमेंट आता है उस राशि से ट्रेक्टर, जुताई सहित अन्य काम में खर्च हुए रूपये का भुगतान करता है परन्तु. ऋण की राशि पुरी काट लेने के कारण किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और शासन-प्रशासन की इस नीति से किसानों में आक्रोश व्याप्त है।

### खरीदी केन्द्र बदलने से किसान खुश है - धनीराम

किसान धनीराम बोपचे ने बताया कि प्रशासन के द्वारा इस वर्ष समर्थन मूल्य में धान खरीदी के लिए रामजी वेयर हाउस को खरीदी केन्द्र बनाया गया था परन्तु वह जगह का अभाव होने के कारण किसानों को उपज विक्रय करने में परेशानी होती है इसलिए किसानों ने गत दिवस प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर स्थान परिवर्तन करने की मांग किये थे। जिसके बाद प्रशासन के द्वारा किसानों की मांग को पूरा करते हुए खरीदी केन्द्र को बदलकर ददिया में बने पुराने खरीदी केन्द्र में सोमवार से धान खरीदी की जा रही है और किसान



अपनी उपज विक्रय कर रहे है। श्री बोपचे ने बताया कि सोमवार से जिस स्थान पर धान खरीदी की जा रही है वह पर्याप्त जगह है और किसानों को विक्रय करने एवं समिति को खरीदी करने में परेशानी नही होगी। साथ ही यह भी बताया कि ऋण पुरा काट लिया जा रहा है जिससे किसान परेशान है।

### उपज विक्रय करने २६६ किसानों ने करवाया स्लॉट बुक - धनेन्द्र

ददिया खरीदी केन्द्र प्रभारी धनेन्द्र मात्ते ने बताया कि समर्थन मूल्य में गत दिवस से धान खरीदी कार्य प्रारंभ हुआ है और रामजी वेयर हाउस को खरीदी केन्द्र बनाया गया था जहां खरीदी की जा रही थी परन्तु जगह का अभाव होने के कारण किसानों के साथ ही हमें भी परेशानी हो रही थी। गत दिवस किसानों ने प्रशासन को खरीदी केन्द्र का स्थान बदलने की मांग किये थे जिसके बाद खरीदी केन्द्र का स्थान परिवर्तन कर पुराने स्थान पर खरीदी



करने के निर्देश दिये गये है। जिसके परिपालन में सोमवार से ददिया सोसायटी के समीप पुराने स्थान पर ही खरीदी की जा रही है। श्री मात्ते ने बताया कि २६६ किसानों ने उपज विक्रय करने स्लॉट बुक करवा चुके है और २० जनवरी तक पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य में धान खरीदी की जायेगी एवं साफ्टवेयर से ही पूरा ऋण काटा जा रहा है।

# पीड़ित किसान ने तहसीलदार एवं थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

## कोर्ट के आदेश की अवहेलना कर रहे है अनावेदकगण - नीलम

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग १० किमी. दूर ग्राम पंचायत मोहगांव ध. के ग्राम खोंगाटोला



निवासी नीलम नगपुरे ने ग्राम के गोरेलाल, शंकरलाल एवं मनोहर नगपुरे पर कोर्ट के आदेश की अवहेलना करने एवं जबरन मेरी खेती से आना-जाना करने काआरोप लगाते हुए तहसीलदार एवं थाना प्रभारी को गत दिवस ज्ञापन सौंपकर कोर्ट के आदेश की अवहेलना करने वाले व्यक्ति पर सख्त कार्यवाही करने की मांग की है। चर्चा में पीड़ित किसान नीलम नगपुरे ने बताया कि हमारी पूर्वजों की खेती बिरसोला में एक तरफ दो एकड़ का रकबा है, एक ओर ढाई एकड़ का रकबा है और बीच में गोरेलाल, शंकरलाल एवं मनोहर नगपुरे की खेती है परन्तु पूर्व में हम लोग एक-दुसरे के खेत से आना-जाना करते थे परन्तु तीनों अनावेदकों के द्वारा ५ वर्ष पूर्व हमे अपने खेत से जाने के लिए मना कर कोर्ट से स्टे आर्डर लाया था। जिसमें उल्लेख था कि यह निस्तार का रास्ता नही है इसलिए हमने अलग से खेत जाने के रास्ते की व्यवस्था की थी परन्तु अब वह हमारी खेती से आने-जाने का रास्ता बना रहे है। जबकि हमें कोर्ट से स्टे मिल चुका है कि आने-जाने का रास्ता नही है उसके बाद भी वह जबरदस्ती रास्ता बनाने का प्रयास कर रहे है एवं मना करने में मारने-पीटने की धमकी दी जा रही है। इस तरह से शंकरलाल नगपुरे सहित उनके भाईयों के द्वारा कोर्ट के आदेश की अवहेलना की जा रही है। श्री नगपुरे ने बताया कि शंकरलाल एवं उनके दोनों भाईयों के खेत के सामने मेरी ढाई एकड़ भूमि है और वे मेरी खेती से आना-जाना कर रहे थे तो मैंने भी कोर्ट में आवेदन किया था जिसका निराकरण में यह आया की अनावेदक मेरे खेत से आना-जाना नहीं करेंगे। लेकिन वे जबरन कोर्ट की अवहेलना करते हुए मेरे खेत से आना जाना कर रहे हैं। जबकि रास्ता निस्तार पत्रक में भी दर्ज नहीं है, कोर्ट से मिली हुई कापी भी मेरे पास उपलब्ध है। जब मेरा रास्ता उनकी भूमि से नहीं है तो उनका भी रास्ता मेरी भूमि से नहीं है इसलिए थाना प्रभारी एवं तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि शंकरलाल नगपुरे एवं उनके दो भाई मेरी खेती ने न जावे, कोर्ट के आदेश की अवहेलना कर रहे है उन पर कार्यवाही करें। साथ ही यह भी बताया कि अनावेदक शंकरलाल, गोरेलाल, मनोहर नगपुरे के द्वारा मुझसे वाद-विवाद की स्थिति निर्मित कर फसाने की धमकी देते है, रास्ता रोककर धमकाते है अगर मेरे साथ कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदार शंकर नगपुरे सहित उनके दोनों भाई होगें।

### इनका कहना है

खोंगाटोला के किसान ने शिकायत की है कि कोर्ट का स्टे आर्डर मिलने के बाद भी उनकी खेती से दुसरे किसान आना-जाना कर रहे है, मामले की जांच कर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

**कन्हैयालाल टेकाम**
**तहसीलदार, लालबर्रा**

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्र संगठन ने महाविद्यालय प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

## महाविद्यालय में वार्षिक महोत्सव एवं शैक्षणिक भ्रमण करवाने की मांग की




लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय स्थित शासकीय महाविद्यालय में वार्षिक महोत्सव एवं शैक्षणिक भ्रमण करवाने की मांग को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्र संगठन के द्वारा सोमवार को महाविद्यालय प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा है और उक्त मांगों को जल्द पूरा किये जाने की मांग की है। आपकों बता दे कि नगर मुख्यालय स्थित शासकीय महाविद्यालय में पूर्व में प्रतिवर्ष वार्षिक महोत्सव एवं छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण करवाया जाता था परन्तु कोरोना काल के बाद से उक्त कार्यक्रम एवं शैक्षणिक भ्रमण नही करवाया जा रहा है जिससे छात्र-छात्राओं में रचनात्मक और आत्म अभिव्यक्ति का विकास नही हो पा रहा है। साथ ही पूर्व की तरह वार्षिक महोत्सव एवं अन्य गतिविधियां करवाये जाने की मांग महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के द्वारा गत वर्ष से की जा रही है परन्तु महाविद्यालय प्रशासन के द्वारा इस ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। जिससे अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की प्रतिभा सामने नही आ पा रही है क्योंकि वार्षिक महोत्सव होने पर विभिन्न प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। जिसमें वे शामिल होकर अपनी प्रस्तुती देते है जिससे उनके अंदर छुपी प्रतिभाएं सामने आती है इसलिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्र संगठन के द्वारा सोमवार को महाविद्यालय प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर महाविद्यालय में वार्षिक महोत्सव एवं शैक्षणिक भ्रमण करवाने की मांग की है। मांग करने वालों में नगर महाविद्यालय प्रमुख डिपेश नागेश्वर, नगर सहमंत्री साजेन्द्र लांजेवार, संदीप ठाकरे, डुलेश्वरी बोहने, रविना लाडेकर, खुशबू पटले, सोनाली रोकड़े, स्वेता सिलेकर, स्मिता, नंदनी ठाकरे, प्रीति रहांगडाले, निशा खरोले, नंदनी करंडे, नंदनी पटले, मासुम राउत, अनुसूईया हरदे, रियल तुरकर, माधुरी खैरवार, दुर्गेश्वरी लांझेवार, बबिता भेलावे, सरिता उइके, शिवानी शांडिल्य, दुर्गा शनिचरे, रूपाली पंचेश्वर, राधिका श्रीवास सहित अन्य छात्र-छात्राएं शामिल है।

### वार्षिक महोत्सव का होना चाहिए आयोजन - गौरव

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्र संगठन के नगर मंत्री गौरव उइके ने बताया कि लालबर्रा महाविद्यालय में पूर्व में वार्षिक महोत्सव कार्यक्रम एवं छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण करवाया जाता था परन्तु कोरोना काल के बाद से नही करवाया जा रहा है।



जिससे महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं में रचनात्मक और आत्म अभिव्यक्ति का विकास नही हो पा रहा है इसलिए सोमवार को महाविद्यालय प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर वार्षिक महोत्सव एवं शैक्षणिक भ्रमण सहित अन्य गतिविधियां करवाने की मांग की है और हमें आश्वास्त किया गया है कि कार्यक्रम करवाये जायेगें।

### कोरोना के समय से नही हो रहे कार्यक्रम - खण्डायत

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्रकुमार खण्डायत ने बताया कि महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय में वार्षिक महोत्सव एवं शैक्षणिक भ्रमण करवाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपे है और उक्त कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए उत्साहित है। साथ ही यह भी बताया कि पूर्व में कार्यक्रम होते थे परन्तु कोरोना



(कोविड-१९) के बाद से महाविद्यालय में वार्षिक महोत्सव का आयोजन नही किया जा रहा है, छात्र-छात्राओं से कहा गया है कि उक्त कार्यक्रम आयोजन के लिए एक तिथि का प्रस्ताव मुझे दे ताकि कार्यक्रम का आयोजन कर सके और इस वर्ष वार्षिक महोत्सव का आयोजन करवायेगें।

# किसान गर्जना संगठन ने मनाया राष्ट्रीय किसान दिवस

## सरकार से धान का समर्थन मूल्य ३१०० रूपये दिये जाने की मांग की

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय के हृदय स्थल बस स्टेण्ड स्थित गांधी मंच में किसान गर्जना संगठन के द्वारा २३ दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरणसिंह का जन्मदिन को राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में मनाया गया। यह कार्यक्रम किसान गर्जना संगठन लालबर्रा अध्यक्ष रामचंद सिहोरे सहित अन्य पदाधिकारी व किसानों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरणसिंह के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर उपस्थित किसानों को बताया गया कि भारत के ५ वें प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरणसिंह की जयंती को राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में मनाया जाता है और इन्होने अपने कार्यकाल के दौरान किसानों के जीवन को बेहतर मनाने का हर संभव प्रयास किया और कई कृषि बिल पारित किये गये है, किसानों के हित में इसलिए किसानों को अपने हक की लड़ाई लड़ते रहना चाहिए। साथ ही यह भी कहा कि म.प्र. से लगे राज्य छत्तीसगढ़ में धान ३१०० रूपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदी की जा रही है लेकिन म.प्र. सरकार के द्वारा धान ३१०० रूपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदी किये जाने की घोषणा करने के बाद भी इस कीमत पर नही खरीदी जा रही है। जिससे किसान परेशान है और किसान गर्जना संगठन के द्वारा किसानों की लड़ाई निरंतर रूप से लड़ी जा




रही है और जल्द सरकार धान का समर्थन मूल्य ३१०० रूपये, गेंहू २७०० रूपये प्रति क्विंटल से नही खरीदेगी तो किसानों के हित में उग्र आंदोलन किया जायेगा। किसान गर्जना संगठन लालबर्रा अध्यक्ष रामचंद सिहोरे ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरणसिंह का जन्मदिवस को राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में मनाया गया एवं किसानों को उनके द्वारा किसान हित में किये गये कार्यों की जानकारी दी गई और उनके बताये मार्ग पर चलकर किसानों के हित में लड़ाई लड़ेगें। श्री सिहोरे ने बताया कि भाजपा सरकार ने किसानों के साथ वादाखिलाफी की है जबकि उन्होने चुनाव के पूर्व कहा था कि केन्द्र एवं प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी तो धान का समर्थन मूल्य ३१०० रूपये दिया जायेगा। लेकिन सरकार बनने के बाद उन्होने अपना वादा पूरा नही किया है जिससे किसान अपने आप को ठसा का महससू कर रहा है और धान का समर्थन मूल्य २३०० रूपये दिया जा रहा है इसलिए किसान आंदोलन करने बाध्य है। साथ ही यह भी बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरणसिंह ने किसानों के हित में कई कृषि बिल पारित किये परन्तु वर्तमान में जो सरकारे है किसानों के हित में कुछ भी नही कर पा रही है इसलिए सरकार से मांग है कि किसानों से जो वादे किये है उसे पूरा करें। इस अवसर पर किसान गर्जना संगठन के पदाधिकारी एवं किसानगण उपस्थित रहे।

### सिहोरा में मनाई जायेगी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती २५ को

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग ५ किमी. दूर ग्राम पंचायत सिहोरा के सरपंच संजय टेंभरे के निवास में २५ दिसंबर को प्रात: १० बजे पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटलबिहारी



वाजपेयी की जन्म जयंती शताब्दी वर्ष मनाई जायेगी। चर्चा में भाजपा मंडल लालबर्रा अध्यक्ष प्रसन्न अवधिया ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटलबिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती शताब्दी वर्ष २५ दिसंबर को प्रात: १० बजे सिहोरा सरपंच संजय टेंभरे के निवास में मनाई जायेगी। साथ ही इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल लालबर्रा की बैठक भी संपन्न होगी। उक्त कार्यक्रम पूर्व केबिनेट मंत्री गौरीशंकर बिसेन, भाजपा जिला महामंत्री मौसम हरिनखेड़े की प्रमुख उपस्थिति में प्रारंभ होगा। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेतागण, शक्ति केंद्र प्रभारी, मंडल पदाधिकारी, समस्त मोर्चा अध्यक्ष, महामंत्री, बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील भाजपा मंडल लालबर्रा अध्यक्ष प्रसन्न अवधिया ने की है।

# महाविद्यालय में "राष्ट्रीय गणित दिवस" कार्यक्रम का हुआ आयोजन

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय स्थित शासकीय महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत २३ दिसंबर को "राष्ट्रीय गणित दिवस" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्रकुमार खण्डायत की अध्यक्षता में प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने माँ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर गीत, भाषण, गणित स्वांग का आयोजन किया गया है। जिसमें साजेंद्र लांजेवार ने गीत, गौरव उइके ने भाषण, मितेश शिववंशी ने गणित स्वांग, सोनम पन्द्र ने देशभक्ति गीत, प्राची पंचेश्वर, समरिता गजभिये ने सरस्वती वंदना, खुशबु पटले के द्वारा कविता की प्रस्तुति दी गई। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्रकुमार खण्डायत ने छात्र-छात्राओं को गणित का महत्व बताते हुए जीवन के प्रारंभ से लेकर अन्त तक गणित का महत्व एवं रामानुजन के सिध्दांतों पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा, चिकित्सा एवं अंतरिक्ष विज्ञान के शोध कार्यो पर उनके सिध्दांतों की उपयोगिता के बारे में बताया। डॉ. देवराज चौरे ने "जब जीरो दिया मेरे भारत ने" गीत के माध्यम से गणित विषय पर भारत का योगदान से छात्र-छात्राओं को परिचित करवाया। विषय विशेषज्ञ एवं गणित के विद्वान सहायक प्राध्यापक संदीप चौरसिया ने




श्री निवास रामानुजन एवं उनके शोध, गणित विषयों के उनके प्रमेय, विषय पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन श्रीमती अनिभा शरणागत एवं आभार प्रदर्शन डॉ क्रांति जैन के द्वारा किया गया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक डॉ. निर्मल कीर्ति गेडाम, डॉ. पल्लवी जाटव, डॉ. कामाक्षा बिसेन, डॉ. विवेक खरगाल, श्रीमती माधुरी पुसे, पीतम मुरते, यादोराव राजुरकर, व्यंकटरमन नगपुरे, श्रीमती सरिता ऐड़े, रामदयाल मथारे, लकेश गेडाम, श्रीमती वंदना कुर्वे, मिनेश पंचेश्वर एवं विद्यार्थियों का सराहनीय योगदान रहा।

# पुलिस ने अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का किया पर्दाफाश

## पुलिस ने चोरों का जुलूस निकाल न्यायालय में किया पेश

**वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। वारासिवनी पुलिस के द्वारा २३ दिसंबर को अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए नगर के वार्ड नंबर ५ में हुई चोरी का खुलासा किया गया। जिसमें अज्ञात चोरों के द्वारा सुने मकान में घर का ताला तोड़कर अंदर घुसकर चोरी की वारदात की गई थी। जिसमें चोरी की गई वस्तुओं को बरामद कर दोनों आरोपी राहुल पालेवार ,रोहित बान्ते को रिमाण्ड में लेकर पूछताछ की गई थी। जिनके द्वारा चोरी की वारदात करना स्वीकार किया गया जिनके ऊपर चोरी के दर्जनों अपराध विभिन्न थाना क्षेत्र में दर्ज है। उन्हे पुन: २३ दिसंबर को पुलिस थाना वारासिवनी से पैदल जुलूस निकालकर नगर भ्रमण करवाते हुए बस स्टैंड से वारासिवनी न्यायालय ले जाकर पेश किया गया जहां न्यायालय ने उन्हें जेल भेज दिया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी बीवी टांडिया ,उपनिरीक्षक पवन यादव, प्रधान आरक्षक शाहिद परवेज, गजेंद्र माटे, शोभेन्द्र डहरवाल ,आरक्षक हेमंत बघेल, पप्पु उईके, विकास चौड़े, पंकज सायबर सेल का सराहनीय योगदान रहा है।**



### बालाघाट नगर से दोनों को पुलिस ने किया था गिरफ्तार

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस थाना वारासिवनी में प्रार्थी शशांक कुमार तिवारी वार्ड नं.५ हेल्थ क्लब कॉलोनी निवासी के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनके सूने मकान में १० से ११ दिसंबर की रात्रि में अज्ञात बदमाशो के द्वारा सूने मकान का फायदा उठाते हुए चोरी की वारदात की गई है। जिसमें घर का ताला तोड़कर घर में घुस कर जेवर व नगदी चुराकर अज्ञात चोर फरार हो गये है। वह सभी बाहर रहते है घर पर माता पिता रहते है जो हमारे पास आये हुए थे। जिसमें पुलिस के द्वारा अपराध क्रमांक ३९५/२४ धारा ३३१ (४), ३०५ (ए) भारतीय न्याय संहिता २०२३ ते तहत पंजीबद्ध कर जांच में लिया था। जिसमें चोरी के आरोपी सीसीटीवी कैमरे में भी देखे गये थे जिससे उनकी पहचान की गई। मामले में पुलिस अधीक्षक बालाघाट नगेन्द्र सिंह के द्वारा चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं अज्ञात चोरी की घटनाओं के खुलासे अज्ञात चोरो एवं चोरी गये माल की तलाश हेतु निर्देशित दिया गया है। जिसके निर्देश के पालन में थाना वारासिवनी अंतर्गत रात्रि के समय सूने मकान में हुई चोरी की घटना के संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के एल बंजारे ,एसडीओपी वारासविनी अभिषेक चौधरी के मार्गदर्शन में अज्ञात आरोपियो की तलाश हेतु थाना प्रभारी वारासिवनी निरीक्षक बी वी टांडिया के नेतृत्व में टीम गठित की गई। जिसमें अधिकारियों के निर्देशन में गठित टीम के द्वारा लगातार घटना स्थल एवं मैन रोड़ के १०० से अधिक सीसीटीवी कैमरें खंगाले गये। पुराने चोरी के अपराधियों एवं मुखबीर से गहन पूछताछ की गई जो तकनीकी साक्ष्यो के आधार २० दिसंबर को दोनो आरोपियों को बालाघाट नगर से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की थी। जिन्हें तत्काल न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई। जिसके बाद उनका २३ दिसंबर को पैदल जुलूस निकालकर पुन: न्यायालय में पेश किया गया जिन्हें न्यायालय ने जेल भेज दिया है। हालांकि पुलिस के द्वारा बरामद सामग्री की वर्तमान तक कोई जानकारी नहीं दी जा रही है केवल आवश्यक सामग्री बरामद करने की पुष्टि की जा रही है।

### गिरफ्तार आरोपी राहुल २४ से अधिक चोरी की वारदातो में है संलिप्त

वारासिवनी पुलिस ने राहुल पालेवार और रोहित बान्ते को गिरफ्तार कर २३ दिसंबर को दूसरी बार न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जिसमें यह बताया जा रहा है कि यह दोनों आदतन आरोपी है जिनके ऊपर दर्जनों चोरी के अपराध पूर्व से ही दर्ज है। जिनके द्वारा रात्री में ताला लगे हुए सुने मकान में घुसकर लोहे की राड़ या टामी से ताला तोड़कर घर में रखे गहने एवं रुपये चोरी कर फरार हो जाते है। इसमें राहुल पालेवार पिता राजेश पालेवार उम्र २४ वर्ष वार्ड नं. ०३ बैहर रोड़ बालाघाट निवासी पर जिला बालाघाट में घर में घुस कर चोरी अवैध वसूली एवं मारपीट करने के २१ अपराध दर्ज है। वहीं जिला छिंदवाडा में चोरी के २ तथा भंडारा महाराष्ट्र में १ अपराध है। इसी प्रकार दूसरे आरोपी रोहित बांते पिता मधुकर बांते उम्र २७ वर्ष निवासी वार्ड ०३ बैहर रोड़ पर जिले में घर में घुस कर चोरी, लूट, अवैध वसूली एवं मारपीट के ५ अपराध पंजीबद्ध है। जो बताता है कि यह दोनों आदतन आरोपी है।

# बोटेझरी में दो पक्षों में हुई झड़प फरियादी पहुंचे थाने

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी पुलिस थाना अंतर्गत ग्राम बोटेझरी में पानी टंकी के पास दो ग्राम पंचायत के ग्रामीणों के मध्य आपसी झड़प २३ दिसंबर की सुबह होने का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें बताया जा रहा है कि यह विवाद ग्राम पंचायत बोटेझरी और सिर्रा के युवाओं के बीच हुआ था। जिसमें मारपीट में घायल चार युवकों के द्वारा पुलिस थाने में पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करवाई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत सिर्रा का एक युवक २३ दिसंबर को भ्रमण करते हुए ग्राम बोटेझरी में अपने किसी कार्य से आया हुआ था जहां से उसके द्वारा अपने ग्राम सिर्रा के कुछ युवाओं से चर्चा की गई। जिस पर करीब एक दर्जन से अधिक युवाओं के द्वारा ग्राम बोटेझरी में आकर विवाद की घटना को अंजाम दिया गया। जिसमें बोटेझरी निवासी २६ वर्षीय जितेंद्र पुसाम, २० वर्षीय कृष्णा वट्टी, १९ वर्षीय प्रशांत शेन्द्रे, २३ वर्षीय राहुल वट्टी के द्वारा पुलिस थाना वारासिवनी में उपस्थित होकर सिर्रा निवासी कुछ लोगों पर नामजद मारपीट करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज करवाई जा रही है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक पुलिस के द्वारा मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। पद्मेश से चर्चा में जितेंद्र पुसाम ने बताया कि ग्राम पंचायत सिर्रा में २ दिन पहले क्रिकेट टूर्नामेंट चल रहा था। जिसमें बोटेझरी की टीम फाइनल मैच खेल रही थी सिर्रा की समिति की टीम से यह फाइनल मैच चल रहा था। जहां पर अंपायर के द्वारा कुछ गलत डिसीजन देने का विरोध बोटेझरी के खिलाड़ियों के द्वारा किया गया। जिस पर किसी के कुछ कहने पर सिर्रा के आयोजनकर्ता के द्वारा बोटेझरी के खिलाड़ियों के साथ मारपीट की गई। जिसके बाद हम सभी वापस आ गए थे और विवाद खत्म हो गया था फिर २३ दिसंबर की सुबह सिर्रा का एक व्यक्ति ग्राम में आया हुआ था जिसे कहा गया कि इस प्रकार सार्वजनिक कार्यक्रम में मारपीट करना ठीक नहीं है। तो उसके द्वारा अपने मित्रों को फोन किया गया जिस पर सिर्रा से करीब एक दर्जन से अधिक मोटरसाइकिल पर ग्रामीण बोटेझरी में आए जिनके द्वारा उनके साथ मारपीट की गई। जिसकी रिपोर्ट दर्ज करने हम थाने में आए हुए हैं हम चाहते हैं कि यह मारपीट करने वालों पर कठोर कार्यवाही की जायें।



# चालू विद्युत लाइन से अज्ञात चोरों ने विद्युत तार किया चोरी

## घटना रमरमा से नगझर मार्ग की पुलिस जुटी जांच में



वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी पुलिस थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत रमरमा से नगझर के मध्य में १७ दिसंबर को अज्ञात चोरों के द्वारा चालू विद्युत लाइन के विद्युत पोल गिराकर विद्युत तार चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें कार्यालय कनिष्ठ अभियंता मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड कोचेवाही वितरण केंद्र के द्वारा थाने में शिकायत कर घटना के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कर अज्ञात चोरों पर कठोर कार्यवाही करने की मांग की गई है। हालांकि यह क्षेत्र का पहला मामला नहीं है इसके पहले थाना रामपायली अंतर्गत भी इस प्रकार का मामला सामने आया था। जिसमें यह कार्य विद्युत के जानकार व्यक्ति के द्वारा किए जाने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

### कृषि फीडर के विद्युत तार हुए चोरी

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोचेवाही विद्युत वितरण केंद्र के द्वारा उक्त क्षेत्र में विद्युत सप्लाई की जाती है। जहां पर विद्युत वितरण केंद्र कोचेवाही अन्तर्गत ३३/११ केव्ही उपकेंद्र कोचेवाही है। इसके माध्यम से कोचेवाही कृषि फीडर के ग्राम रमरमा एव नगझर के बीच विभाग के द्वारा किसानों को सुविधा देने के लिए विद्युत लाइन का विस्तार बहुत पहले किया गया था। इसके बाद से यह लाइन प्रारंभ थी परंतु १७ दिसंबर को रात्रि में लगभग १०.३० बजे १० स्पान का तार अज्ञात चोरी एवं ७ नं.११ केव्ही पीसीसी भी तोडे गये है। जिससे विभाग को अनुमानित राशि १५४७६८ रूपये का नुकसान हुआ है। यह घटना की जानकारी अधिकारियों को ग्रामीणों की शिकायत से प्राप्त हुई की लंबे समय से उनकी विद्युत लाइन बंद है। जिस पर अधिकारियों के द्वारा घटना स्थल पर जाकर देखा गया तो उनके विद्युत पोल जमीन पर धराशाई पड़े थे और उन विद्युत पोलो से विद्युत तार गायब थे। जिस पर विद्युत विभाग के द्वारा लिखित शिकायत और एस्टीमेट तैयार कर वारासिवनी थाने में २३ दिसबंर को शिकायत कर अज्ञात व्यक्ति के विरूध्द प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाही करने की मांग की है।

### विद्युत तार चोरी की बढ़ती जा रही घटना

विद्युत लाइन का तार चोरी करना एक अचंभित कर देने वाली घटना सामने आ रही है। जिसमें विद्युत को पकड़ना मतलब मौत से भी लोग कतराते हैं परंतु यहां अज्ञात चोरों के द्वारा चालू विद्युत में फॉल्ट कर विद्युत पोल को तोड़कर चोरी करने में भी संकोच नहीं किया जा रहा है। यह घटना लगातार विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ती ही जा रही है इसके पहले थाना रामपायली अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र से चालू विद्युत लाइन से विद्युत तार की चोरी की गई थी जिसमें पुलिस के द्वारा अपराध भी दर्ज किया गया है। जिसके बाद यह दूसरा नया मामला वारासिवनी थाना अंतर्गत ग्राम रमरमा से नगझर का सामने आया है जिसमें विद्युत लाइन चोरी हुई है। जबकि विद्युत विभाग के द्वारा बताया जा रहा है की घटना के दौरान विद्युत चालू थी ऐसे में अब चोरी की वारदात से लोगों में दहशत व्याप्त है कि जब चालू विद्युत के तारों को चोरी करने में कोई संकोच नहीं हो रहा है तो उनके मकान दुकान व्यापार

# किसानों की मांग पुरी नही करा सकते तो जिले के सभी विधायक दें इस्तिफा-पप्पु पटेल

## किसानों ने आत्मदाह की सूचना का अनुविभागीय अधिकारी व थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। सरकार की वादा खिलाफी और झूठे आश्वासन के बाद किसानों का आक्रोश हर तरफ देखने को मिल रहा है। जहां किसानों के द्वारा सरकार को उसके वादे को याद दिलाते हुए ३१०० रुपये प्रति क्विंटल ध्यान का समर्थन मूल्य देने एवं पिछली खरीदी का ९१७ रुपये सभी किसानों को दिए जाने की मांग की जा रही है। इसी बीच महदोली निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य ज्ञान प्रकाश उर्फ पप्पू पटेल के द्वारा शासन को २५ दिसंबर तक किसानों की मांगे पूर्ण करने की अपील करते हुए मांगे पूरे ना होने पर २५ दिसंबर को जय स्तंभ चौक पर खुद पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह करने की चेतावनी दी गई थी। इसी कड़ी में २३ दिसंबर को पप्पू पटेल के द्वारा किसानों के साथ एसडीएम कार्यालय और पुलिस थाने में उपस्थित होकर लिखित सूचना दी गई है। जिसमें उल्लिखित है की सरकार के द्वारा हम किसानों से वादा खिलाफी करने एवं विधानसभा शीतकालीन सत्र में अनुपूरक बजट में किसानों की मांग ३१०० रूपये को शामिल नहीं किया गया। इस प्रकार हम किसानों के साथ सरकार ने धोखाधड़ी की जिसकी वजह से त्रस्त होकर मैं आत्मदाह करने जा रहा हूँ। सरकार के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया जायेगा एवं सभा को सम्बोधित किया जायेगा इसकी समस्त जिम्मेदारी सरकार की होगी इस अवसर पर कृषकगण मौजूद रहे।



### पूर्व जिला पंचायत सदस्य पप्पू पटेल २५ दिसबंर को करेंगे आत्मदाह -सुभाष पारधी

राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ अध्यक्ष सुभाष पारधी ने बताया कि २५ दिसंबर को हमारे पूर्व जिला पंचायत सदस्य ज्ञान प्रकाश पप्पू पटेल के द्वारा आत्मदाह करने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में हम एसडीएम को ज्ञापन देने के लिए यहां पर आए हुए हैं अभी जो बजट सत्र था तो सरकार ने ३१०० समर्थन मूल्य देने पर कुछ नहीं कहा और ना ही बजट में कुछ रखा। इसलिए हम चाहते हैं कि ३१०० समर्थन मूल्य हमें मिले वरना आंदोलन जारी रहेगा अभी भी किसानों के द्वारा आंदोलन किया जा रहा है। सभी सोसायटियों में काले झंडे लगे हुए हैं हालांकि यह बात अलग है कि किसान बहुत गरीब होता है बहुत ज्यादा समय तक अपनी धान नहीं रोक पाता है। परंतु खरीदी के बाद आंदोलन को तेज गति दी जायेगी।

### प्रदेश के मुख्यमंत्री किसानों के साथ कर रहे छलावा -पप्पु पटेल

ज्ञानप्रकाश उर्फ पप्पू पटेल ने बताया कि हमारे द्वारा यहां आकर ज्ञापन देने का विषय यह है कि पिछले एक महीने से किसानों को समर्थन मूल्य जो मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने देने को कहा था उसकी कोई घोषणा अभी तक नहीं हुई है। तो इस संबंध में २५ दिसंबर की दोपहर २ बजे आत्मदाह करने का हमारा निर्णय है। हमारा सोचना है कि सभी को धान की कीमत मिले मुख्यमंत्री रामपायली आए हुए थे तो जहां सभा में उनके द्वारा ३१०० रुपये दिलाऊंगा कहा था। किंतु वह किसानों के खाते में नहीं आया है पुराना ९१७ रुपये भी नहीं दिया है नई खरीदी प्रारंभ हो गई है इनका कोई ध्यान नहीं है। किसानों में बेहद आक्रोश है यह किसानों के हक की लड़ाई है।

### यह भाजपा और कांग्रेस की नही किसानों के पेट की लड़ाई है

श्री पटेल ने कहा कि कुछ नेताओं का दिख रहा है कि वह भाजपा और कांग्रेस कर रहे हैं उनसे कहना है कि वह राजनीति को बीच में ना लेकर आयें। यह किसान के पेट की लड़ाई है जिले में हमारे ६ विधायक है जो जीते हैं उनका मूल काम भी खेती किसानी है और जिले की जनता का भी काम खेती किसानी है। हमें हमारी उपज का मूल्य यदि यह विधायक नहीं दिला सकते हैं तो सभी विधायक अपना इस्तीफा देकर किसान की लड़ाई में शामिल होकर भोपाल तक इस लड़ाई को लेकर जायें। विधानसभा में चप्पल जूते कागज फाड़कर ऐसा विरोध करें कि विरोध दिखे खाली बोलने से विरोध नहीं होता है । कि खुद बोल रहे हैं खुद ही सुन रहे हैं।

# किचन शेड़ के अभाव में बच्चों को नही मिल रहा मध्यान भोजन-उमाशंकर राणा

रामपायली/वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। सरकार ने प्राथमिक एवं माध्यमिक शासकीय विद्यालयों में मध्यान भोजन योजना प्रारंभ की है। जिसके तहत दोपहर में बच्चों को विद्या अध्ययन के अलावा भोजन ग्रहण करने की नि:शुल्क सुविधा के तहत प्रत्येक शासकीय विद्यालयों के निकट किचन शेड़ के निर्माण किए गए है। जिसमें स्वच्छ और सुलभ तरीके से रसोइयों के द्वारा भोजन बनाया जा सके लेकिन यह भोजन कक्ष अनेक स्थानों में नदारत है या फिर बन गए हैं तो वह स्कूल को हैंडोवर नहीं किए गए हैं या फिर कागजों में ही सिमट कर रह गये है। रामपायली अंतर्गत कस्बीटोला में प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय मौजूद है जहां प्राथमिक शाला के लिए किचन शेड़ तो बना दिया गया है। लेकिन माध्यमिक शाला के लिए किचन शेड नहीं बनाया गया जबकि इसके लिए शासन से २०१७-१८ को दो लाख रूपये की राशि स्वीकृत की गई और इस स्वीकृति के साथ निर्माण एजेंसी को भुगतान भी कर दिया गया। लेकिन किचन शेड़ का निर्माण आधा अधूरा आज भी यथावत है । जहां प्राथमिक और माध्यमिक शाला में ७२ छात्र.छात्राएं अध्यनरत है लेकिन इन्हें स्वच्छ एवं सुलभ मध्यान भोजन किचन शेड़ के अभाव में प्राप्त नहीं हो पा रहा है ।वर्तमान में प्राथमिक शाला के जर्जर किचन शेड में ही माध्यमिक शाला का भोजन रसोइयों के द्वारा तैयार किया जा रहा है । इस दिशा में प्रशासनिक तौर पर अधिकारियों को निष्पक्ष जांच कर दोषियों को दंडित करने की मांग वार्ड निवासियों ने की है। जिसमें बताया गया है कि यहां प्रतिदिन मध्यान भोजन तैयार किया जाता है जहां मक्खी मच्छर अन्य जहरीले जीव जंतुओं का बसेरा देखा जा सकता है। वार्ड पंच उमाशंकर राणा ने बताया कि किचन शेड़ का निर्माण २०१७-१८ से अपूर्ण है जो दो लाख रूपये की लागत से बनाया है किंतु आज तक विद्यालय को हैंडोवर नहीं किया गया है । क्योंकि कार्य अधूरा है इसके आसपास झाड़ियां उग गई है प्रशासन को अनेक बार अवगत कराने के बावजूद सकारात्मक कदम नही उठाया गय है।



खैरलांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

भोरगढ़ में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

कटंगी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# एक साथ चुनाव का विचार

केंद्र सरकार ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने का विचार लागू करने के लिए दो विधेयक पेश कर दिये हैं। अब इस विचार, जिसे सरकार ऊएक राष्ट्र, एक चुनावऊ कहती है, की व्यवहार्यता या अव्यवहार्यता पर बहस के लिए संसद का मंच सज चुका है। विधेयक पेश करने को लेकर विपक्ष द्वारा मत विभाजन की मांग किये जाने से यह साफ हो गया कि आगे क्या होने वाला है। विधेयक के पक्ष में 263 और विपक्ष में 198 वोट पड़े। एक साथ चुनाव को संभव बनाने की खातिर संवैधानिक संशोधन पारित कराने के लिए सरकार के पास संसद में दो-तिहाई बहुमत नहीं है। एक 39-सदस्यीय संसदीय पैनल दोनों विधेयकों को परखेगा। इन विधेयकों की सामग्री पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अगुवाई वाली समिति की सिफारिशों के अनुरूप है। समिति ने यह परिकल्पना की कि पहले कदम के रूप में लोकसभा और विधानसभा चुनाव साथ कराये जाएं, और बाद में आम चुनाव के 100 दिन के भीतर नगरपालिका और पंचायत चुनाव कराये जाएं। नगरपालिका चुनाव कराने की खातिर जरूरी संशोधनों के लिए, इन्हें कम से कम आधी राज्य विधानसभाओं से संपुष्टि हासिल करनी होगी। संविधान संशोधन विधेयक एक नया प्रावधान जोड़ना चाहता है जो एक साथ चुनाव के लिए टाइमलाइन प्रदान करेगा। और जैसा कि विधेयक में उल्लेख है, यह 2034 में ही संभव हो सकता है, बशर्ते कि उससे पहले किसी वजह से लोकसभा के कार्यकाल में कटौती न हो जाए। अन्य प्रावधानों में भी कोविंद समिति की सिफारिशें प्रतिध्वनित होती हैं – उदाहरण के लिए, लोकसभा और विधानसभा चुनावों को एक साथ करने के लिए ऊनिर्धारित तारीखऊ के बाद अगर कोई राज्य विधानसभा अपने पांच साल के कार्यकाल से पहले भंग होती है, तो ताजा ऊमध्यावधिऊ चुनाव कराये जायेंगे लेकिन नयी विधानसभा के पास पांच साल का पूर्ण कार्यकाल नहीं होगा। उसका कार्यकाल ऊनिर्धारित तारीखऊसे पांच साल पर खत्म होगा। यह विधेयक निर्वाचन आयोग को किसी राज्य विशेष में विधानसभा चुनाव टालने या नहीं कराने का विकल्प भी मुहैया कराता है, लेकिन विधानसभा का कार्यकाल लोकसभा चुनाव के साथ ही पूरा होगा। ये प्रावधान संघवाद के खिलाफ हैं। निर्धारित पांच साल की अवधि से पहले किसी विधानसभा के लिए एकाधिक चुनाव कराने का विचार, खर्च में कटौती के उस घोषित तर्क के खिलाफ जाता है जो एक साथ चुनाव के विचार को लाने की बुनियाद है। संघवाद यानी शासन के अलग-अलग स्तरों पर सत्ता की साझेदारी का विचार, इनके लिए निर्धारित विशिष्ट महत्व व भूमिकाओं से बंधा है और मतदाताओं द्वारा सरकार के इन अलग-अलग स्तरों से जुड़ी अपनी विशिष्ट चिंताएं प्रकट करने के लिए चुनाव एक तरीका है। तमाम चुनावी चक्रों को एक निर्दिष्ट समयावधि (टाइम फ्रेम) में समेटने से, एक साथ चुनाव का विचार प्रत्येक स्तर के महत्व को कम करने की क्षमता रखता है, जो भाजपा/एनडीए शासन की केंद्रीकरण की प्रवृत्तियों के मुताबिक है। इससे संघवाद के प्रति प्रतिबद्ध लोगों के लिए यह जरूरी हो जाता है कि वे इस विचार का डटकर विरोध करें।

# उपभोक्ता के बढ़ते शोषण पर अंकुश जरूरी

भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में एक है और यह आजादी की शताब्दी वर्ष 2047 तक उच्च मध्य आय के दर्जे तक पहुंचने की आकांक्षा के साथ विश्व बाजार बनने के पथ पर आगे बढ़ने के लिए तैयार है। देश यह भी सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि भारतीय बाजार एक ऐसी आदर्श बाजार व्यवस्था को स्थापित करें जिसमें उपभोक्ताओं की ठगी की बढ़ती घटनाएं पर पूर्णतः नियंत्रण हो। इसके लिये उपभोक्ता में उत्पादकता और गुणवत्ता संबंधित जागरूकता को बढ़ाने, जमाखोरी, कालाबाजारी, मिलावट, अधिक दाम, कम नाप-तौल, ठगी इत्यादि संकटों से उपभोक्ता को मुक्ति दिलाने एवं उपभोक्ता संरक्षण कानूनों के बारे में लोगों को जानकारी देकर उपभोक्ता के हितों की रक्षा करने के उद्देश्य से भारत में 24 दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत में उपभोक्ता का मतलब ही ठगी का शिकार हो गया है। देश का प्रत्येक आदमी कहीं न कहीं अक्सर ठगा जा रहा है। आनलाइन बाजार व्यवस्था एवं ई-बाजारवाद में ठगी की घटनाएं एक बड़ी समस्या एवं चुनौती बन गयी है। सरकार ने उपभोक्ता के अधिकारों के संरक्षण के लिए कानून भी बनाया है। उन्हें जगाने के निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। फिर भी उपभोक्ता सोये हैं, जबकि मुनाफे के लिए छल के नए-नए तरीके आजमाए जा रहे हैं, क्योंकि दो तिहाई से ज्यादा आबादी अपने ही अधिकारों के प्रति सतर्क नहीं है।

उपभोक्ताओं को शोषण से बचाने के लिए इसी दिन 24 दिसंबर, 1986 को भारत सरकार ने ऐतिहासिक उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम-1986 लागू किया गया था। इस अधिनियम एवं बाद में किये गये संशोधनों का उद्देश्य उपभोक्ताओं का दोषपूर्ण वस्तुओं, लापरवाह सेवाओं एवं अनुचित व्यापार प्रथाओं से संरक्षण करना है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के छह मौलिक अधिकार सुरक्षा का अधिकार, चुनने का अधिकार, सूचित किये जाने का अधिकार, सुनवाई का अधिकार, निवारण पाने का अधिकार एवं उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार हैं। यह दिन भारतीय ग्राहक आन्दोलन के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में लिखा गया है। उपभोक्ता संरक्षण कानून से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्य यह है की किसी भी शासकीय पक्ष ने इस विधेयक को तैयार नहीं किया बल्कि अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने प्रथमतः इस विधेयक का मसौदा तैयार किया। हम में से हर व्यक्ति किसी न किसी रूप में उपभोक्ता है। कोई व्यक्ति जो अपने उपयोग के लिये सामान खरीदता है, वह उपभोक्ता है। उपभोक्ता क्योंकि संगठित नहीं हैं इसलिए हर जगह ठगा जाता है।




इसलिए उपभोक्ता को जागना होगा और खुद को इन संकटों से बचाना होगा। बहुत कम उपभोक्ता जानते होंगे कि उनके क्या अधिकार हैं। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के माध्यम से उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाता है और इसके साथ ही अगर वह धोकाधड़ी, कालाबाजारी, घटतौली, ठगी आदि का शिकार होते हैं तो वह इसकी शिकायत कर सकें। इस कानून में जीवन एवं संपत्ति के लिए हानिकारक सामान और सेवाओं की बिक्री के खिलाफ सुरक्षा का अधिकार दिया गया है, खरीदी गई वस्तु की गुणवत्ता, मात्रा, क्षमता, शुद्धता, स्तर और मूल्य, जैसा भी मामला हो, उसके बारे में जानकारी का अधिकार एवं इसके लिए आवाज उठाने का अधिकार है।

बढ़ते बाजारवाद एवं उदारीकरण के इस दौर में जैसे ही हम अपनी जरूरत की कोई चीज या सेवा लेते हैं, तभी उपभोक्ता का ठप्पा हमारे ऊपर लग जाता है। कायदे से किसी चीज या सेवा के एवज में चुकाई जाने वाली कीमत में किसी भी तरह की घोखाधड़ी एवं ठगी नहीं होना चाहिए, लेकिन अक्सर उपभोक्ता ठगे जाते हैं। खराब गुणवत्ता की चीजें और सेवा प्रदाता से अपने अधिकारों के हक की लड़ाई ही जागरूक उपभोक्ता की पहचान है। उपभोक्ता दिवस मनाते हुए हम केवल उपभोक्ता अधिकारों की ही बात नहीं करते बल्कि उपभोक्ता की उन्नत एवं सम्यक् सोच को भी विकसित करते हैं। आर्थिक विसंगतियों एवं विषमताओं को दूर करने के लिये उपभोक्ता जागृति जरूरी है। आज का उपभोक्तावादी दृष्टिकोण एक प्रकार का सम्मोहन बन गया है, हिस्टीरिया की बीमारी बन गया है। सम्मोहन करने वाला जैसा नचायेगा, उपभोक्ता वैसा ही नाचेगा, फिर उपभोक्ता संरक्षण कैसे संभव होगी? यह तभी संभव है जब हमारा उपभोग के प्रति सम्यक् दृष्टिकोण होगा। नया उपभोक्तावाद एक प्रकार से नई हिंसा का उपक्रम है। हिंसा, प्रतिस्पर्धा, सत्ता की दौड़ एवं आर्थिक साम्राज्य को इससे नया क्रूर आकार मिला है। क्योंकि उपभोक्तावाद की अंधी दौड़ ने व्यक्ति को संग्रह, सुविधा, सुख, भोग-विलास एवं स्वार्थ से जोड़ दिया है। स्वार्थों के संघर्ष में अन्याय, शोषण एवं अनैतिकता होने लगी। आज की उपभोक्तावादी एवं सुविधावादी जीवन-धारा में जैसे-जैसे भोगवाद बढ़ता जारहा है, जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, प्रकृति दोहन, आतंकवाद, युद्ध, संघर्ष की स्थितियों बढ़ती जा रही है। समाज, राष्ट्र एवं विश्व में व्याप्त प्रदर्शन, दिखावा एवं फिजुलखर्ची पर नियंत्रण जरूरी है।

सरकार की ओर से उपभोक्ताओं को जागरूक किया जा रहा है, उनके हितों का संरक्षण भी किया जा रहा है, इसी की निष्पत्ति है 'जागो ग्राहक जागो' जैसे अभियान। उपभोक्ता अधिकारों पर काम करने वाली एनजीओ कट्स (सीयूटीएस) इंटरनेशनल ने समय-समय पर सर्वे के माध्यम से पता लगाया है कि कितने उपभोक्ता ठगे जाते है और कितने उपभोक्ता अपने अधिकारों के प्रति सचेत है। उपभोक्ता मंत्रालय के व्यापक जागरूकता अभियान के बावजूद गलत उत्पाद बेचकर मुनाफा कमाने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। ऐसी ठगी के शिकार 90 प्रतिशत लोगों ने तो कभी शिकायत ही नहीं की है। चार से पांच प्रतिशत उपभोक्ता ही कंपनी या उत्पाद निर्माता के पास अपनी शिकायत दर्ज कराते हैं। हालांकि हाल के वर्षों में आनलाइन खरीद और साइबर क्राइम में वृद्धि के चलते लोगों में अपने आप जागरूकता बढ़ रही है। शहरी क्षेत्र के लोग कुछ ज्यादा जागरूक हुए हैं, जबकि गांवों के लोग अभी भी अनजान हैं। गांवों के लोग यह भी नहीं जानते कि खरीदारी से पहले आईएसआई, आईएसओ एवं एगमार्क जैसे गुणवत्ता प्रमाण की छानबीन करनी चाहिए। इंटरनेशनल कंज्यूमर पालिसी एक्सपर्ट प्रो. बीजान मिश्रा का कहना है कि अगर किसी से प्रेरित होकर कोई व्यक्ति उचित फोरम में चला भी गया तो गारंटी नहीं कि उसे समाधान मिल ही जाए। शिकायत दर्ज कराने वाले केवल 18 से 20 प्रतिशत उपभोक्ताओं को ही संतोषजनक समाधान मिलता है। बाकी को या तो समाधान नहीं मिला या कार्रवाई से संतुष्टि नहीं मिली। हालांकि सुखद संकेत है कि कई मामलों में त्वरित समाधान मिलने से उपभोक्ता निवारण तंत्र पर भरोसा धीरे-धीरे बढ़ रहा है। ई-प्लेटफार्म पर भरोसा नहीं होने पर भी खरीदारी बढ़ रही है। एक सर्वे में बात आई है कि शहरों में 56 प्रतिशत उपभोक्ता आनलाइन खरीद करने लगे हैं। हालांकि अलग बात है कि उन्हें आनलाइन खरीदे गए उत्पादों की गुणवत्ता पर भरोसा फिर भी नहीं होता।

आज की बाजार शक्तियां उपभोक्ताओं का शोषण करती है। इन्हीं उपभोक्तावादी एवं बाजार शक्तियों के कारण जीवन में सुख का अभिप्राय केवल भोग और उपभोग को माना जाने लगा है। ऐसे में झूठी शानो-शौकत के दिखावे के चक्कर में उपभोक्ता अविवेकशील होकर अनावश्यक चीजों को भी थैले में भरकर घर ला रहा है। बाजार एवं उपभोक्तावादी संस्कृति के इस काले जादू के आगे उपभोक्ता बेबस एवं लाचार खड़ा हैं। जिसके कारण वस्तुओं की गुणवत्ता के स्तर में गिरावट आ रही हैं। कोई भी चीज मिलावटरहित मिलना अब संभव नहीं है। न चाहते हुए भी उपभोक्ता लूट का शिकार बन रहा है। इतना ही नहीं, उपभोक्तावादी संस्कृति ने भोगवादी जीवन जीने के लिए मनुष्य के समक्ष नए आयाम प्रस्तुत किए हैं तथा उसे सुविधाभोगी बना दिया है। भोग्य वस्तुओं का उपयोग ही जीवन का प्रमुख लक्ष्य बन गया है। भोगवाद के कारण सबसे बड़ी हानि यह हुई है कि भोगों के प्रति रुचि या रति का गहरा पोषण हुआ है वही उपभोक्ताओं के शोषण भी बढ़ता जारहा है। इसी शोषण से मुक्त दिलाना ही राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस की सार्थकता एवं उपयोगिता है।

**- ललित गर्ग**

## छत्तीसगढ़ की महतारी वंदन योजना, सियासत और विवादों के बीच

छत्तीसगढ़ सरकार ने महतारी वंदन योजना को महिलाओं के सशक्तिकरण और आर्थिक सहायता के उद्देश्य से शुरू किया था। इस योजना के तहत, राज्य की पात्र विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह 1,000 रुपये की वित्तीय सहायता दी जाती है। योजना का उद्देश्य महिलाओं की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करना और उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाना है। हालांकि, हाल ही में इस योजना को लेकर कई विवादों ने सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं, जिससे राजनीतिक हलकों में उथल-पुथल मच गई है। महतारी वंदन योजना की लाभार्थी सूची में बॉलीवुड अभिनेत्री सनी लियोनी का नाम सामने आने के बाद राजनीतिक बवाल मच गया। अभनपुर विधानसभा के युवा कांग्रेस अध्यक्ष जयवर्धन बघेल ने सोशल मीडिया पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि सनी लियोनी के नाम पर 1,000 रुपये हर महीने भेजे जा रहे हैं। यह जानकारी इस संदर्भ में है कि सनी लियोनी का पता बस्तर जिले के तलूर क्षेत्र में दर्ज किया गया है और उनके पति का नाम जॉनी सिन्स लिखा गया है। यह जानकारी सामने आते ही राजनीतिक नेताओं ने इसका तीखा विरोध किया और इसे एक बड़ा घोटाला करार दिया। कांग्रेस पार्टी ने महतारी वंदन योजना के तहत सनी लियोनी के नाम पर राशि जारी किए जाने को लेकर राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने इस मुद्दे को उठाते हुए कहा कि महतारी वंदन योजना में वित्तीय अनियमितताएँ हो रही हैं और यह योजना कथित तौर पर पात्र महिलाओं के बजाय अन्य व्यक्तियों को लाभ पहुँचाने का एक तरीका बन गई है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि क्या और भी फिल्मी हस्तियों के नाम पर योजना की राशि भेजी जा रही है, और इसका उद्देश्य क्या था। भाजपा ने कांग्रेस के आरोपों का खंडन करते हुए इसे राजनीतिक खेल करार दिया है। भाजपा के विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि महतारी वंदन योजना महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है, और इसमें कुछ प्रशासनिक गड़बड़ियाँ हो सकती हैं। उन्होंने कांग्रेस से यह सवाल किया कि जब वे सत्ता में थे, तब उन्होंने महिलाओं के लिए क्या किया। भाजपा का कहना है कि इस योजना का उद्देश्य समाज के अंतिम छोर तक महिलाओं को लाभ पहुँचाना है और इसमें उठाए गए मुद्दों को हल किया जाएगा। सनी लियोनी के नाम से जुड़ी जानकारी सामने आने के बाद, राज्य सरकार ने योजना में गड़बड़ी की शिकायतों पर जांच का आदेश दिया है। तहसीलदार और महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने ग्राम तलूर में जांच की, जहाँ कुल 310 लाभार्थी थे। जांच में यह पाया गया कि इस प्रक्रिया में वीरेंद्र जोशी का आधार नंबर भी शामिल था, जो एक और विसंगति को उजागर करता है। महतारी वंदन योजना का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करना था, लेकिन इस योजना से जुड़े विवादों ने उसकी पारदर्शिता और कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। राजनीतिक दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप और प्रशासनिक जांच से यह स्पष्ट हो रहा है कि इस योजना को लेकर सुधार की आवश्यकता है। राज्य सरकार को इस मामले की गंभीरता से जांच करनी चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि योजना का लाभ वास्तविक पात्र महिलाओं तक पहुँचे, ताकि इसका उद्देश्य पूरा हो सके। महतारी वंदन योजना के विवादों को लेकर चल रही सियासी गहमागहमी इस बात का संकेत है कि अगर योजनाओं का सही तरीके से संचालन न हो, तो उनका वास्तविक उद्देश्य नष्ट हो सकता है। इसलिए यह जरूरी है कि इस योजना को सही दिशा में लागू किया जाए और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पर त्वरित कार्रवाई की जाए।

**-सत्य प्रकाश दुबे**

# सुरों के सरताज़ मोहम्मद रफ़ी

मोहम्मद रफ़ी भारतीय संगीत और सिनेमा के अद्वितीय गीतकार, गायक और संगीतकार एक ऐसी शख्सियत हैं जिनका योगदान अविस्मरणीय है। आज भी ऐसा लगता है मानो उनका संगीत और आवाज़ भारतीय सिनेमा की आत्मा में समाहित हो गए हैं। रफ़ी साहब के व्यक्तित्व का प्रभाव सिर्फ उनके गीतों के माध्यम से ही नहीं बल्कि उनकी सरलता, विनम्रता और पेशेवर अंदाज में भी महसूस किया जा सकता था।

रफ़ी का जन्म 24 दिसम्बर 1924 को पंजाब (अब पाकिस्तान) के अमृतसर जिले के कोटला सुलतान सिंह गांव में हुआ था। उनका परिवार संगीत के प्रति स्नेह रखने वाला था। इनके बड़े भाई की नाई दुकान थी। रफ़ी जब सात साल के थे तो वे अपने बड़े भाई की दुकान से होकर गुजरने वाले एक फ़कीर का पीछा किया करते थे जो उधर से गाते हुए जाया करता था। उसकी आवाज रफ़ी को पसन्द आई और रफ़ी उसकी नकल किया करते थे। उनकी नकल में अव्वलता को देखकर लोगों को उनकी आवाज भी पसन्द आने लगी। लोग नाई दुकान में उनके गाने की प्रशंसा करने लगे। उनके मन में संगीत का बीज एक भीख मांगने वाले फ़कीर को देखकर अंकुरित हुआ। तब उनके मन में भी उस फ़कीर जैसे गाने की इच्छा जगी। जब उन्होंने गाना शुरू किया तो पिता ने ही सबसे पहले विरोध किया जिसके लिए उनकी पिटाई भी हुई लेकिन संगीत को मन में बसाने की तमन्ना लिए रफ़ी कभी भी अपने लक्ष्य से नहीं डिगे। लाहौर में कुन्दनलाल सहगल जब अपना स्टेज शो करने निकले तब रफ़ी महज 13 बरस की उम्र में उनको सुनने गए। वहां मंच पर लाइट चली गई तो भीड़ शांत करने के लिए, एक नौजवान को गाने का मौका मिला। रफ़ी ने ऐसा गाना उस स्टेज में गाया सब देखते रहे और सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। तब संगीतकार श्यामसुन्दर ने उनकी प्रतिभा को पहचाना और मायानगरी में आकर प्लेबैक गायक बनने का मौका दिया और पंजाबी फिल्म गुल बलोच में गाना गाया।यह गाना रफ़ी का ज़ीनत बेगम के साथ एक युगल गीत था जिसके बोल थे "नी सोहनिये नी हीरिये तेरी याद ने। इनके बड़े भाई मोहम्मद हमीद ने इनके संगीत के प्रति इनकी रुचि को देखा और उन्हें उस्ताद अब्दुल वाहिद खान के पास संगीत शिक्षा लेने को कहा। उनका रुझान शास्त्रीय संगीत की ओर तेजी से बढ़ा और उनका गायक बनने का सपना साकार होने की दिशा में कदम बढ़ने लगे। रफ़ी की गायन-प्रतिभा को पहचानते हुए संगीतकार फिरोज़ निज़ामी ने रफ़ी को आल इंडिया रेडियो लाहौर में नौकरी दिलवा दी।

रफ़ी की हिन्दी गायकी की असल शुरुआत 1941 में हुई जब उन्होंने पहली बार रेडियो पाकिस्तान के लिए गाना गाया लेकिन उनका बॉलीवुड में प्रवेश 1944 में हुआ जब उन्होंने सोनिये नी हीरिये, तू हिंदू बनेगा मुसलमान बनेगा और अन्य छोटे-छोटे गीतों के माध्यम से हिंदी सिनेमा में अपनी अलहदा पहचान बनाने की दिशा में तेजी से अपने कदम बढ़ाये। हालांकि उन्हें असली पहचान 1946 में फिल्म गांव की गोरी से मिली जिसमें उनका गीत सोनिये नी हीरिये काफी हिट हुआ। भारत का वो दौर याद करें जब देश विभाजन के सदमे की त्रासदी से उबर ही रहा था। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। उस दौर में राजेंद्र कृष्ण के लिखे गीत सुनो सुनो ए दुनिया वालों, बापू की ये अमर कहानी को हुस्नराम भगत राम ने अपना संगीत से सजाया और रफ़ी ने गाया। इस गाने को रफ़ी साहब ने अपनी दिलकश आवाज़ से झंकृत करने का काम बखूबी किया। उस दौर में रफ़ी होने के मायने आप इस बात से समझ सकते हैं कि इस गीत को सुनने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने ख़ासतौर से रफ़ी साहब को अपने दिल्ली निवास स्थान पर आमंत्रित किया और इस गीत सुनकर नेहरू की आँखें भी नम हो गई। भारत की आज़ादी की पहली वर्षगाँठ पर नेहरू ने उस दौर में रफ़ी को चाँदी का एक छोटा सा मेडल भेंट किया तब मोहम्मद रफ़ी की उम्र महज 24 बरस की रही जो उनके लिए किसी बड़े सम्मान से कम नहीं था।

रफ़ी ने अपनी गायकी में विविधता और प्रयोग की कोई कमी नहीं छोड़ी। चाहे वह रोमांटिक गीत हों या फिर देशभक्ति गीत हों या फिर दर्द भरे नग्मे, रफ़ी की दिलकश आवाज़ में वह ताकत थी कि हर गीत उस दौर में अपनी पूरी कहानी खुद बयां कर देता था। उन्होंने अपने करियर के दौरान लगभग 28,000 से अधिक गीत गाए जो आज भी हर संगीत प्रेमी के दिल में गूंजते हैं। उनके गायन में जो मिठास थी वह अनमोल मानी जाती है। रफ़ीके गाने सिर्फ सुरों और शब्दों का मिलाज नहीं होते थे बल्कि उन गीतों में जो भावनात्मक गहराई थी जो उस दौर के रेडियो सुनने वालों को दिल में उतार देती थी। तेरा मुझसे है पहले का नाता कोई (नौशाद द्वारा संगीतबद्ध), कुछ तो लोग कहेंगे(शंकर जयकिशन), आजकल पाँव ज़मीन पर नहीं (आर.डी. बर्मन) जैसे गीतों में रफ़ी की आवाज़ ने न केवल गीतों को संजीवनी दी बल्कि ये सभी गीत हिंदी सिनेमा की अनमोल धरोहर बन गए। रफ़ी ने हिन्दी सिनेमा के लिए बिना फीस लिये या बेहद कम पैसों लेकर भी नायाब गीत गाए। उनका कहना था, मेरा काम घास - घोड़ा चिल्लाना नहीं है। मेरा काम इंसानों के काम आना है। इंसानो से दोस्ती करने का है। मेरा शौक, मेरी इबादत संगीत है। वह करना मुझे अच्छा लगता है इसलिए मैं कभी भी पैसे के लिए नहीं गाता। न मैंने कभी भी किसी से पहले से कोई समझौता किया जिसने जो दे दिया मैंने अपनी रोजी-रोटी समझकर रख लिया क्योंकि गायिकी मेरी अपनी जागिर नहीं थी। खुदा की दी हुई नायाब नेमत है।




रफ़ी की गायकी का एक महत्वपूर्ण पहलू यह था कि वे हर प्रकार के गीत गाने में माहिर थे। उन्होंने शास्त्रीय संगीत, सुगम संगीत, भक्ति गीत, भजन, ग़ज़ल, रोमांटिक गीत, हास्य गीत और यहां तक कि फ़िल्मी गानों के साथ भी प्रयोग किया। मन तड़पत हरि दर्शन को (बैजू बावरा), सारे जहाँ से अच्छा (पाकिस्तान दिवस पर गाया गया गीत) जैसी विविधताएं दर्शाती हैं कि रफ़ी का गायन सिर्फ एक शैली तक सीमित नहीं था। रफ़ी की आवाज़ में वह सहजता और सरलता थी जो उन्हें एक आम आदमी से जोड़ देती थी। उनकी आवाज़ में गंभीर सादगी नजर आती थी जो श्रोताओं के दिलों के भीतर उतर जाती थी। रफ़ी के संगीतकारों के साथ सम्बन्ध भी बड़े सौहार्दपूर्ण रहे। उन्होंने नौशाद, शंकर जयकिशन, ओ.पी. नैय्यर, एस.डी. बर्मन, आर.डी. बर्मन, और लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल जैसे महान संगीतकारों के साथ काम किया। रफ़ी और नौशाद की जोड़ी ने हिंदी सिनेमा को कई कालजयी गीत दिए हैं। नौशाद की फ़िल्म बैजू बावरा में रफ़ी की गायकी ने सिनेमा जगत को एक नया मोड़ दिया। रफ़ी साहब की पहचान एक संगीतकार से अधिक एक कलाकार के रूप में थी। वे न केवल अपने गीतों के लिए प्रसिद्ध थे बल्कि उनके व्यक्तित्व की विनम्रता भी लोगों के दिलों में बसी थी। उनकी आवाज़ ने सैकड़ों अभिनेता-अभिनेत्रियों की फिल्मों में जान डाली।

1945 से जब से गोल्डन एरा शुरू हुआ तब से ही हर अभिनेता की इच्छा होती थी कि रूपहले पर्दे पर मुझे महान रफ़ी साहब की रूहानी मिलें। ख़ासकर देव, दिलीप, शम्मी कपूर, राजेन्द्र कुमार, धर्मेंद्र, शशि कपूर, धर्मेंद्र, अमिताभ बच्चन, राजेश खन्ना सरीखे कई अदाकारों आदि की कामयाबी में सबसे बड़ा रोल रफ़ी का रहा। हिन्दी सिनेमा में रफ़ी ने सबसे ज्यादा शम्मी के लिए गाया। क्लासिकल गज़ल के उस्ताद रफ़ी साहब शम्मी कपूर की इमेज का पूरा ख्याल रखते थे। 'शंकर-जयकिशन' का संगीत और मोहम्मद रफ़ी की आवाज में लिखे जो खत तुझे'- कन्यादान का गाना आज भी उतना चर्चित है जितना वह 1968 में था। आशा पारेख और शशि कपूर पर शूट किया गया यह गाना मोहम्मद रफ़ी की बेहतरीन पेशकश में से एक है। मुगल-ए-आज़म फिल्म को भला कौन भूल सकता है। सलीम और अनारकली की प्रेम कहानी की लोकप्रियता को देखते हुए ही आगे चलकर इस फिल्म को कलर रूप दिया गया। इसके गाने आज भी बहुत पॉपुलर हैं। मोहम्मद रफ़ी ने सबसे ज्यादा गाने शम्मी कपूर के लिए गाए थे। मोहम्मद रफ़ी और शम्मी कपूर के नाम कई हिट 'बदन पे सितारे', 'तुमसे अच्छा कौन है','चाहे कोई मुझे जंगली कहे'। शम्मी कपूर अपने आप को मोहम्मद रफ़ी के बिना अधूरा मानते थे। मोहम्मद रफ़ी और शम्मी कपूर की जोड़ी ने कई हिट गाने दिए हैं। इन्हीं में एक गाना था 'जंगली' फिल्म का 'सुकु-सुकु' ये गाना आज भी उतना ही खुशमिजाज लगता है जितना उस दौर में लगता था।

रफ़ी को उनके योगदान के लिए कई सम्मान प्राप्त हुए। उन्हें 1967 में पद्मश्री और 1977 में पद्मभूषण जैसे उच्चतम सम्मान प्राप्त हुए। साथ ही उन्हें 6 फिल्मफेयर पुरस्कार भी मिले। मोहम्मद रफ़ी का आखिरी गीत फिल्म आस पास के लिए था जो उन्होंने लक्ष्मीकांत प्यारेलाल के लिए अपने निधन से ठीक दो दिन पहले रिकॉर्ड किया था। गीत के बोल थे शाम फिर क्यों उदास है दोस्त...। संगीत जगत में रफ़ी जिस मुकाम पर थे शायद यदि कोई और होता तो उसे सफल होने का घमंड होता लेकिन रफ़ी का व्यक्तित्व सहज और सरल था। वो किसी का हक मारने में विश्वास नहीं रखते थे। वे बहुत ही नेकदिल इंसान थे।

आज भी रफ़ी का संगीत सिनेमा प्रेमियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनके गाए गीत आज की नई पीढ़ी की जुबां पर उतरते हैं। रफ़ी की दिलकश आवाज़ ने भारतीय सिनेमा को वह रूप दिया है जिसे सिनेमा प्रेमी सदियों तक याद करेंगे। रफ़ी के जन्म शताब्दी वर्ष पर यह कहने में कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी कि रफ़ी सरीखे गायक हजार बरस में एक बार पैदा होते हैं। रफ़ी साहब जब दुनिया रुखसत कर गए तो संगीत के सिरमौर नौशाद ने रफ़ी पर कसीदे पढ़ते हुए सच ही कहा था

**कहता है कोई दिल गया दिलबर चला गया**

**साहिल पुकारता है समुन्दर चला गया**

**लेकिन जो बात सच है, वो कहता नहीं कोई**

**दुनिया से मौसकी का, पयम्बर चला गया**

**- हर्षवर्धन पाण्डे**

## इन्दौर बाजार भाव –

इन्दौर। मॉंग की मजबूती से सोमवार को अनाज मंडी में चना सुर्खी पर रहा। तुअर-उड़द में बाजार बने रहे। खाद्य तेलों में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा। तिलहनों में सोयाबीन टिका रहा। किराना जिंसों में हरि इलायची बाजार मजबूत नज़र आये। व्यापारिक सूत्रों के अनुसर चने में लेवाली से बाजार मजबूती के रहे। चना 6750 रू. प्रति क्क ?टल पर सुर्ख रहा। तुअर, उड़द व मूंग में बाजार बने रहे। खाद्य तेलों में व्यापार बेहद सुस्त ही रहा। सोया तेल रिफाइंड मालों में 1205-1215 रू. प्रति 10 किलो बोला गया। तिलहनों में सोयाबीन टिका रहा। किराना जिंसों में हरि इलायची बाजार सुर्खी पर रहे। भाव इस प्रकार रहे –

**किराना** - शक्कर 3710-3760, खोपरा गोला 160-210, खोपरा बूरा 3400-5600 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 292-305, ऊंझा हल्का 292-300, मीडियम 308-316, बेस्ट 325-335, हल्दी निजामाबाद 200-220, सांगली 270-280, साबूदाना हल्का 4900-5050, मीडियम 5100-5200, ग्लास 6700, वरलक्ष्मी 5350, सौंफ मोटी 110-120, मीडियम 190-250, बेस्ट 285-310, सौंफ बारि ?क 200-350, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 675-680, गरबल 655-658, मटरदाना 715-730, खसखस अनक्लीन 825-875, क्लीन 1050-1225, दालचीनी 250-260, जायफल 725-750, बेस्ट 750-760, वाद्यान फूल 440-495, शाहजीरा 385, तेजपान 90-95, पत्थर फूल 340-425, बेस्ट 475-500, जावत्री 1800-1900, नाग केसर 925-950, सौंठ 375-400, धोली मूसली 2175-2250, लौंग 750-780, बेस्ट 780-820, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-185, सिंदूर 6600, देशी कपूर 750-775, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 2350-2450, मीडियम 2750-2950, बोल्ड 3100-3200, एक्ट्रा बोल्ड 3225-3250, पानबार 2250, बड़ी इलायची 1425-1475, बेस्ट 1550-1675, तरबूज मगज 390-400, बेस्ट 575-625, काजू (240) 1050, काजू (320) 925-950, काजू एस. डब्ल्यू 900, जे.एच. 890-900, टुकड़ी 840-850, बादाम मगज 750 -800, सिंगापुरी 650-790, टांच 500-575, अखरोट 450-650, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 420-470, बेस्ट 550-650, इंडियन 140-150, बेस्ट 170-190, चारौली 1550-1650, बेस्ट 1700, मुनक्का 450-550, बेस्ट 650-900, अंजीर 750-1450, मखाना 1025-1500, खारक 115-135, मीडियम 140-180, बेस्ट 225-250, एक्ट्रा बेस्ट 300-310, पिस्ता 1300-1450, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1820, मैदा कट्टा 1850, रवा कट्टा 1880, बेसन 4600 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 2200-2250, (160) 2400-2450, (200) 2500-2600, (250) 2700-2750

**तेल** - सींगदाना 1450-1470, मुम्बई 1475, राजकोट तेलिया 2300, सोया साल्वेंट 1150-1165, सोया रिफाइंड 1205-1215, कपास्या 1160, धूलिया 1165, कड़ी 1170,

**रात की धारणा** - गुजरात लुज 1400, मुम्बई पाम 1310-1320, मुम्बई सोया 1230,

खली - कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 1750, देवास-उज्जैन 1750, खंडवा-बुरहानपुर 1725, अकोला 2650 (प्रति क्विंटल)

**तिलहन** - सरसो 5900-5950, एवरेज 5500-5550, रायडा 5600-5700, सोयाबीन 4150-4200, टोली (महुआ बीज) 4300-4350, करंज 4250-4300, अलसी 7500-7600,

**दलहन** - चना कांटेवाला बेस्ट 6700-6750, एवरेज 6500-6600, विशाल 6500-6550,

काबूली चना बिटकी 6300-6600, काबली चना काटकू 6700-7200, काबूली चना मीडियम 7400-8300, काबूली चना डॉलर 9600-10600, मसूर बेस्ट 6000-6050, एवरेज 5800-5900, मूंग देशी 8000-8100, पाला 8100-8200, चमकी 8200-8300, नायलोन 8400-8500, नई तुअर 7000-8400, तुअर निमाड़ी बेस्ट 8900-9000, एवरेज 8700-8800, हल्की 8300-8500, तुअर महाराष्ट्र 9400-9600, उड़द बेस्ट 8700-8800, एवरेज 8600-8650, शंकर 8300-8400, हल्की 8000-8100,

**दाल** - चना दाल एवरेज 8200-8300, मीडियम 8400-8500, बोल्ड 8600-8700, तुअर दाल सवा नं. 13200-13300, तुअर दाल फूल 14300-14400, तुअर दाल बोल्ड 15100-15200, मसूर दाल एवरेज 7500-7600, बेस्ट 7700-7900, मूंग दाल 9100-9200, बोल्ड 9300-9500, मूंग मोगर 9800-9900, बोल्ड 10000-10100, उड़द दाल 10600-10700, बोल्ड 10800-10900, मोगर 10900-11000, बोल्ड 11200-11400,

**अनाज** - गेहूं मिल क्वालिटी 2875-2900, लोकवन 3100-3150, (147) 2900-3000, एवरेज 2700-2800, मालवराज 2975-3000, पूर्णा 2900-3000, चन्द्रोसी 3400-4000, ज्वार देशी 2500-2650, मक्का पीली 2375-2400,

**चावल**- चावल हंसा सफेद 2800-3000, सेला 3400-3600, परमल 3200-3400, दुबराज 4500-5000, राजभोग 7000-7500, काली मुंछ 8500-8800, बासमती दुबार 8000-9000, मीनी दुबार 7000-7500, मोगरा 4500-7000, तिबार 9500-10500, बासमती (921) 11000-12000, बासमती सेला 7000-9500, पोहा 4700-5100,

**मावा** - इन्दौर 320, उज्जैन 260, रतलाम 250 रू. प्रति किलो।

## इन्दौर सराफा बाजार –

इन्दौर। सोमवार को स्थानीय सराफा बाजार में व्यापार की मात्रा सामान्य ही रही। दोनों ही मूल्यवान धातुओं में बाजार नरमी के रहे। भाव इस प्रकार रहे –

चॉंदी (9999) 90000, चॉंदी (99) 89000, टंच 89200, सिक्का 1000, सोना 10 ग्राम 78500,

## रुपया गिरावट के साथ बंद

मुंबई। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को रुपया सात पैसे की गिरावट के साथ ही 85.11 पर बंद हुआ। बाजार में आज सुबह विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और विदेशी कोषों की निकासी जारी रहने से रुपया शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.04 पर स्थिर रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 85.02 पर खुला और पिछले सत्र के बंद स्तर 85.04 पर पहुंच गया। रुपया शुक्रवार को अपने सर्वकालिक निचले स्तर से कुछ संभला और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले नौ पैसे बढ़कर 85.04 पर बंद हुआ था।

## आज का राशिफल

**मेष**- आज का दिन आपके लिए चुनौतियों से भरा रहने वाला है। आपको अपने परिवार के सदस्यों से किसी बात को लेकर खटपट होने की संभावना है। आपको अपने स्वभाव में बदलाव लाना होगा, नहीं तो इससे आपके आसपास रह रहे लोगों को हमेशा समस्या बनी रहेगी। आप अपने कामों में कोई गलती करने से बचें। आपको अपनी फिटनेस पर पूरा ध्यान होगा। जीवनसाथी के साथ आप कहीं घूमने फिरने जाने की प्लानिंग कर सकते हैं।

**वृषभ**- आज का दिन आपके लिए कुछ खास रहने वाला है। आपका मनोबल ऊंचा रहेगा। आपका आत्मविश्वास और बढ़ेगा। आप अपनी प्रतिभा को उभारने की कोशिश में लगे रहेंगे। आपकी दिनचर्या अस्त-व्यस्त रहेगी। बिजनेस में आपको कोई बड़ी उपलब्धि मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**मिथुन**- आज का दिन आपके लिए कुछ नया करने के लिए रहेगा। आप अपने घर में कुछ बदलाव करेंगे, जिसके लिए आपके परिवार के सदस्यों से विचार विमर्श करने की आवश्यकता है। आपको अपनी आर्थिक स्थिति को लेकर थोड़ी टेंशन रहेगी। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से सदस्यों में उत्साह बना रहेगा।

**कर्क**- आज का दिन आपके लिए आध्यात्म के कार्यों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आपको अपने कामों से मानसिक शांति मिलेगी। यदि आपका कोई सरकारी काम लंबे समय से रुका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है। किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर आपको खुशी होगी। कार्यक्षेत्र में आपका दबदबा भरपूर रहेगा। सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे लोगों के प्रयास बेहतर रहेंगे। आपको धन-धान्य में वृद्धि होगी।

**सिंह**- आज का दिन आपके लिए सामाजिक कार्यक्रमों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। संतान को करियर से जुड़ी समस्या चल रही थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है। आप अपने घर के रिनोवेशन पर भी अच्छा खासा धन खर्च करेंगे। आपको कोई पेट संबंधित समस्या हो सकती है, इसलिए आप अपने खान-पान में बदलाव लाएं। जीवनसाथी आपसे किसी पारिवारिक समस्या को लेकर बातचीत कर सकती है।

**कन्या**- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। किसी पैतृक संपत्ति संबंधित मामले में आपको जीत मिलेगी। आपको कुछ अनुभवी व्यक्तियों से काम को लेकर सलाह लेनी पड़ सकती हैं। आपने यदि किसी से कोई धन को लेकर वादा किया था, तो उसे भी आप पूरा करने की पूरी कोशिश करेंगे। परिवार में कोई सदस्य आपके किसी बात को लेकर आपसी वाद-विवाद में पड़ सकता है। आपको अपने निजी कामों को पूरा करने के लिए भी समय निकालना होगा।

**तुला**-आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। भाग्य का आपको पूरा साथ मिलेगा। आप अपने कार्यक्षेत्र में कामों को जी जान लगाकर पूरा करेंगे। बिजनेस कर रहे लोगों को के सामने कोई बड़ा कंपीटीटर आ सकता है, इसलिए आपको बेहतर करने की कोशिश करनी होगी। परिवार के सदस्यों के साथ आप किसी यात्रा पर जाने की तैयारी कर सकते हैं। परिवार में किसी सदस्य के विवाह को लेकर विचार विमर्श हो सकता है।

**वृश्चिक**- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपका कोई महत्वपूर्ण निर्णय आपको समस्या दे सकता है। आपको बेवजह कामों को लेकर टेंशन रहेगी। माताजी से किए हुए बातें को आपको समय रहते पूरा करना होगा। कार्यक्षेत्र में भी आपको मन मुताबिक काम ना मिलने से आप परेशान रहेंगे। संतान को किसी कोर्स में दाखिला मिल सकता है। आपको धैर्य और संयम से काम लेने की जरूरत है।

**धनु**- आज का दिन आपके लिए कुछ खास रहने वाला है, क्योंकि आपको कुछ विशेष व्यक्तियों से मिलने का मौका मिलेगा। जो युवा रोजगार को लेकर परेशान चल रहे हैं, उन्हें भी कोई अच्छा अवसर हाथ लग सकता है। आप अपने मन में नकारात्मक विचारों को न रखें। राजनीति में आपको थोड़ा सोच समझकर हाथ बढ़ाने की आवश्यकता है।

**मकर**- आज का दिन आपके लिए कुछ विशेषकर दिखाने के लिए रहेगा। राजनीति में कार्यरत लोग अपने कामों पर पूरा ध्यान दें। आपको महिला मित्रों से सावधान रहने की आवश्यकता है। कुछ अपरिचित लोगों से आपको दूरी बनाकर रखना बेहतर रहेगा। यदि आपको कुछ धन संबंधी समस्या चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। आपको किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर करने से बचना होगा। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को साथी की कोई बात बुरी लग सकती है।

**कुंभ**- आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। आप किसी प्रॉपर्टी को खरीदने और बेचने की योजना बना सकते हैं। आपको किसी काम को लेकर जल्दबाजी नहीं दिखानी है। कुछ अनुभवी व्यक्तियों का आपको लाभ मिलेगा। परिवार में यदि किसी काम को लेकर कुछ समस्या चल रही थी, तो उस पर आप पूरा ध्यान दें। आपको कोई नई उपलब्धि मिलने की संभावना है।

**मीन**-आज का दिन आपके लिए कुछ नए संपर्कों से लाभ लेकर आएगा। आपका समय धन को लेकर अच्छा है, क्योंकि आपका आपका डूबा हुआ धन मिलने की संभावना है। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोग अपने विचारों से लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेंगे। विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई में ढील देने से बचना होगा, नहीं तो बाद में उन्हें समस्याएं आ सकती हैं। आप अपने दोस्तो के साथ मस्ती करने में काफी समय व्यतीत करेंगे, जिससे आपको टेंशनों से छुटकारा मिलेगा।

## शब्दजाल - 7759

शब्दजाल में प्राण की दस फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम ऊपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं।

उपकार,शराबी,नसीब,हीर रांझा,आदमी, जंजीर,कुर्बानी,धर्मा,गंगा की सौगंध,राम और श्याम

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | ल | र | ही | दा | उ | प | का | र | झ | आ |
| ज | द | ल | र | आ | क | ह | ब्ब | तें | शा | रा |
| अं | इ | मी | रां | ल | दा | ल | न | र | ला | म |
| जं | कु | अ | झा | बे | ला | क | सी | रि | श | औ |
| जी | ति | श | ने | व | द | स | ब | ग | वी | र |
| र | रां | गं | गा | की | सौ | गं | ध | ती | प | श्या |
| जो | गा | ध | र्मा | गा | प | म | र | कौ | या | म |
| श | बा | जीं | स | त | क | छ | श | ग | श | ध |
| म | स | मि | न | व | न | ज | म | रा | जू | द |
| द | र | ल | म | ह | र | औ | के | स | बी | ना |
| थो | कु | र्बा | नी | र | हो | ग | या | दु | र | क |

### शब्दजाल - 7758 का हल

[illegible]

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली - 6703

**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, अक्षय, करिश्मा की 'दिल लगाने की' गीत वाली फिल्म-२,२
३. 'आते आते तेरी' गीत वाली संजयदत्त, अनिताराज की फिल्म-२,१,२
६. दिलीपकुमार, निम्मी की 'आग लगी तन मन में' गीत वाली फिल्म-२
७. 'धक धक करने लगा' गीत वाली अनिलकपूर, माधुरी की फिल्म-२
९. 'कमसिन कली हूँ' गीतवाली फिल्म-२
१०. मनोज बाजपेयी, उर्मिला की रामगोपाल वर्मा निर्देशित फिल्म-२
११. राजेश खन्ना, शबाना की 'दिन महीने साल' गीत वाली फिल्म-४
१३. 'उगंली में अंगूठी' गीत वाली जीतेंद्र, जयाप्रदा की फिल्म-१
१४. गोविंदा, रवीना की 'तेरे प्यार ने ये क्या' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'दोस्तों तुम सबको' गीतवाली अनिल, जैकी, टीना, हेमा की फिल्म-२
१८. नायक सुनीलदत्त वाली फिल्म 'मिलन' की नायिका कौन थी-३
२०. 'सनी' में अमुता सिंह का नायक-२
२२. अशोक, मधुबाला की 'मुश्किल है बहुत मुश्किल' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'तुन्ना तुन्ना तक तक तुन्ना' गीत वाली संजयदत्त, अनिताराज की फिल्म-३
२४. सुनील शेट्टी, रवीना टंडन की 'बप्पा मोरिया' गीत वाली फिल्म-४
२६. 'ऐ दिल कहाँ तेरी मंजिल' गीतवाली देव आनंद, माला की फिल्म-२
२९. दीनो मोरिया, बिपाशा बसु की 'तुम अगर सामने' गीत वाली फिल्म-२
३१. 'गोरी के हाथ में' गीत वाली फिरोज खान, संजय, मुमताज की फिल्म-२
३२. ऋषिकपूर, शाहरूख, दिव्या की 'तेरी उम्मीद तेरा' गीत वाली फिल्म-३
३३. 'मेरा कँगना झाँझर चूड़ी' गीत वाली सुनील शेट्टी, रंभा की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. जीतेंद्र, रेखा की 'मैं ने कह दी तूने सुन ली' गीत वाली फिल्म-२,३
२. 'दिलबर दिलबर' गीत वाली अनिल कपूर, शिल्पा, करिश्मा की फिल्म-२
३. 'सच कहते हैं हम' गीत वाली अक्षय कुमार, करिश्मा की फिल्म-४
४. 'तेरा जादू चल गया' में अभिषेक के साथ नायिका कौन थी-२
५. 'सुन सजना तेरे' गीत वाली मिथुन, जयाप्रदा, ममता कुलकर्णी की फिल्म-५
८. सलमान खान, रेवती की 'साथिया तूने क्या किया' गीत वाली फिल्म-२
११. फिल्म 'कालीचरण' में 'लॉयन' के नाम से कौन प्रसिद्ध हुआ-३
१२. 'इस टूट दिल की पीर' गीतवाली फिल्म-२
१५. जैकी श्रॉफ, रति की 'जितना कभी किसी ने' गीत वाली फिल्म-२
१६. फिल्म 'प्यार दिवाना होता है' में गोविंदा के साथ नायिका -२
१७. मिथुन, संगीता बिजलानी की 'नाले नाले मैं चली' गीत वाली फिल्म-४
१९. 'ओ गुड़िया ओ बहना' गीत वाली संजयदत्त, फरहा की फिल्म-३
२०. फिल्म 'निकाह' की नायिका कौन थी-३
२१. १९४२ ए लव स्टोरी' के गीत 'क्यों नये लग रहे हैं' की गायिका कौन?-३
२५. फिल्म 'अमर प्रेम' में नायिका कौन थी-३
२७. 'छू कर मेरे मन को' गीत वाली फिल्म-३
२८. धर्मेन्द्र, सायरा 'आज की रात नया चाँद' गीत वाली फिल्म-२
३०. संजय खान, डैनी, जीनत की 'उलझन सुलझे ना' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली - 6702

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बं | दि | नी | | पु | | गैं | ब | ल | र |
| ध | | ल | ल | का | र | | हा | | वी |
| न | सी | म | | र | | प | र | वा | ना |
| | मा | | श्र | | सु | र | | सु | |
| आ | | आ | शि | क | | दे | वी | | ह |
| ह | मे | श्रा | | ह | व | स | | स | त्या |
| | ला | | आ | र | जू | | खे | ल | |
| बे | | ला | वा | | द | स | | मा | या |
| खु | | | रा | जू | | फ | र्ज | | रा |
| दी | वा | ने | | ली | ड | र | | टी | ना |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**24 दिसम्बर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | धनु में | मकर | 08.10 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | कुंभ | 09.57 बजे से |
| मंगल | कर्क में | मीन | 11.30 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | मेष | 13.00 बजे से |
| गुरु | वृष में | वृष | 14.40 बजे से |
| शुक्र | मकर में | मिथुन | 16.38 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कर्क | 18.52 बजे से |
| राहु | मीन में | सिंह | 21.08 बजे से |
| केतु | कन्या में | कन्या | 23.20 बजे से |
| राहुकाल 3.00 से 4.30 बजे तक | | तुला | 01.31 बजे से |
| | | वृश्चिक | 03.45 ब.से |
| | | धनु | 06.01 बजे से |

**मंगलवार** 2024 वर्ष का 359 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** पौष (दक्षिण भारत में मृगशीर्ष) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** नवमी 19.53 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** हस्त 12.17 बजे को समाप्त। **योग** शोभन 20.54 बजे को समाप्त। **करण** गर 19.53 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 22.7 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 23° 25' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872203 **जूलियन दिन** 2460668.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** जमादि उस्सानी **तारीख** 21

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगत: आत्मा के उपासक

एक बार महर्षि अनमीषि ने एक पंक्ति कहीं पढ़ी, 'कुबेर हो या रंक, जब तक परिश्रम से कमाए धन का एक अंश लोकहति में समर्पित नहीं करता, वह अधर्म खाता है।' महर्षि इस पंक्ति से बहुत प्रभावित हुए। उन्होंने पत्नी सहित यह प्रतिज्ञा ली कि अपने भिक्षाटन से उन्हें जो कुछ प्राप्त होता है, उसमें से भी नित्य वे दीन- दुखियों को भोजन करा कर ही भोजन किया करेंगे। उन्हें संकल्प निभाते कई वर्ष बीत गए। कोई तप परीक्षा बिना सिद्ध हो गया हो, ऐसा कम ही होता है। एक दिन भोजन के समय तक उनके द्वार पर कोई नहीं आया। दोनों उदास हो गए। अनमीषि अपनी कुटिया से बाहर निकले। उन्हें थोड़ी दूर पर एक पेड़ के नीचे एक वृद्ध कुष्ठ रोगी पीड़ा से कराहता दिखाई दिया। अनमीषि ने उसके पास जाकर कहा, हे बंधु, मेरे यहां भोजन तैयार है। उसे खा कर निश्चय ही आपकी पीड़ा कुछ कम होगी। कृपया उसे ग्रहण कर हमें भी कृतार्थ करें। वृद्ध ने अत्यंत दीन भाव से कहा, आर्य श्रेष्ठ, मैं आपकी उदारता का अधिकारी नहीं हूँ, क्योंकि जाति का चांडाल हूँ। यदि संभव हो तो बची हुई कुछ रोटियां यहां फेंक दें, उन्हें उठाकर मैं अपना पेट भर लूंगा। वृद्ध की यह बात सुन कर अनमीषि की करुणा उमड़ पड़ी, आंखों से अश्रु की धारा बह चली। वे बोले, ऐसा न कहें तात! हम जाति के पुजारी नहीं, जीवमात्र में व्याप्त आत्मा के उपासक हैं। आपके अंदर जो चेतन है, वही तो परमात्मा है। उसे छोड़कर हम अन्न ग्रहण करने का पाप कैसे कर सकते हैं? वे उसे सादर अपनी कुटिया पर ले गए। स्नान आदि करा कर साफ कपड़े पहनाए। फिर उसे भोजन कराने के बाद ही पति-पत्नी ने स्वयं भोजन किया। जब रात को अनमीषि सोए तो अग्नि देव प्रकट हुए और बोले, तू ही ईश्वर का सच्चा भक्त है, जो ब्राह्मण, चांडाल, हाथी व कुत्ते में कोई भेद नहीं करता।

## सूडोकु नवताल- 7012

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7011 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

## शब्द पहेली - 8227

**बाएँ से दाएँ**

1. पाबंदी, संयम, पाश-3
3. मनुष्य, इंसान-3
5. शारीरिक ऊंचाई-2
6. नलका, टूंटी
8. प्रलय, महासंकट-4
11. दही से बना खाद्य पदार्थ-3
13. निर्माण, निर्मिती-3
14. हुनर, आर्ट-2
15. उम्मीद, आशा-2
16. खाना बनाना-3
18. असफल, अनुतीर्ण-3
20. आभास, भास-3
22. वध-2
24. जी, इच्छा, चित-2
25. सब्जी का सड़ना, बर्फ का पिघलना-3
26. याद करना-3

**ऊपर से नीचे**

1. हड़ताल, स्थिर, रुका हुआ-2
2. लवण -3
3. विश्राम, राहत-3
4. मछली, मत्स्य, राशि चक्र की एक राशि-2
5. बूंद-3
7. शरमाना-3
9. दोस्त, मित्र-2
10. बहुत प्यासा होना-4
12. एकटक निहारना-3
16. शरण, आश्रय-3
17. सम्मान-2
19. चिंतन-3
20. मकान, इमारत-3
21. कमी, थोड़ा-3
23. तज देना-2
24. इंकार, मनाही-2

### शब्द पहेली -8226 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| न | भ | | न | र | म | | मा | त |
| म | | शा | म | | द | म | | प |
| क | न | क | | ज | | ना | प | ना |
| | मा | | ख | न | क | | र | |
| रा | ज | दा | र | | स | रो | व | र |
| | गा | | ल | गा | म | | रि | |
| र | ह | न | | ल | | मि | श | न |
| म | | ख | त | | पा | त्र | | जा |
| ल | य | | वा | च | क | | ता | त |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# एसबीआई की रिपोर्ट में खुलासा... घरेलू शेयर बाजारों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजारों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। आंकड़ों के अनुसार, हर चार 4 नए निवेशकों में से लगभग एक निवेशक महिला है। भारतीय स्टेट बैंक ने अपनी एक रिपोर्ट में यह दावा किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बाजारों में भागीदारी बढने् के साथ ही 2021 से हर साल लगभग तीन करोड़ नए डीमैट खाते खुले हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2021 से, औसतन हर साल लगभग 30 मिलियन नए डीमैट खाते खुले हैं, उनमें लगभग हर 4 में से 1 महिला निवेशक है। भारत भर के शेयर बाजारों में महिलाओं की भागीदारी में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है,निवेशकों के पंजीकरण के मामले में दिल्ली सबसे आगे है, उसके बाद महाराष्ट्र और तमिलनाडु का स्थान है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 22 से व्यक्तिगत निवेशक पंजीकरण में महिलाओं की भागीदारी में क्रमिक वृद्धि देखी गई है। वित्त वर्ष 2025 के लिए अब तक की रिपोर्ट में कहा गया है कि दिल्ली में बड़े राज्यों में सबसे अधिक 29.8 प्रतिशत महिला प्रतिनिधित्व है, उसके बाद महाराष्ट्र (27.7 प्रतिशत) और तमिलनाडु (27.5 प्रतिशत) का स्थान है। ये आंकड़े राष्ट्रीय औसत 23.9 प्रतिशत से काफी अधिक हैं।

### बिहार, यूपी और ओडिशा में महिला निवेशक कम

इसके विपरीत, बिहार (15.4 प्रतिशत), उत्तर प्रदेश (18.2 प्रतिशत) और ओडिशा (19.4 प्रतिशत) जैसे राज्यों में महिलाओं की भागीदारी का स्तर 20 प्रतिशत से कम है, जो लैंगिक समावेशन में क्षेत्रीय असमानताओं को दर्शाता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कुछ अपवादों को छोडक़र, अधिकांश राज्यों में वित्त वर्ष 2025 की तुलना वित्त वर्ष 2022 से करने पर महिलाओं की भागीदारी दर में राष्ट्रीय औसत से अधिक वृद्धि देखी गई है। यह प्रगति, हालांकि अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग है। वित्तीय बाजारों में अधिक लैंगिक समावेशन की दिशा में सकारात्मक रुझान का संकेत देती है। रिपोर्ट में वित्तीय बाजारों के भौगोलिक प्रभुत्व में बदलाव के बारे में भी बताया गया है। इसके अनुसार पश्चिमी क्षेत्र पारंपरिक रूप से पूंजी बाजार गतिविधि का केंद्र रहा है। हालांकि, अब बेंगलुरु, हैदराबाद और कानपुर जैसे शहरों में भी निवेशकों की गतिविधि बढ़ रही है।

### बचत करने के तरीके में आया बदलाव

एसबीआई की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले तीन वर्षों में भारतीय परिवारों के बचत पैटर्न में भी महत्वपूर्ण बदलाव आया है। रिपोर्ट के अनुसार पारंपरिक बैंक जमा से म्यूचुअल फंड और जीवन बीमा की ओर धन का प्रवाह बढ़ रहा है। रिपोर्ट में बताया गया है कि बैंक जमा में घरेलू बचत का हिस्सा, जो 2021 में 47.6 प्रतिशत था, 2023 में घटकर 45.2 प्रतिशत रह गया। इस बीच, जीवन बीमा फंड में घरेलू निवेश में वृद्धि देखी गई है। यह 2021के 20.8 प्रतिशत से बढक़र 2023 में 21.5 प्रतिशत हो गया। घरेलू बचत में म्यूचुअल फंड की हिस्सेदारी भी बढ़ी है, जो 2021 में 7.6 प्रतिशत से बढक़र इस अवधि में 8.4 प्रतिशत हो गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्तीय बचत में, बैंक जमा/मुद्रा की हिस्सेदारी घट रही है क्योंकि निवेश के नए रास्ते (जैसे म्यूचुअल फंड, आदि) उभर रहे हैं। रिपोर्ट में शुद्ध वित्तीय बचत के रुझानों पर भी प्रकाश डाला गया है। कुल घरेलू बचत में उनकी हिस्सेदारी में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, यह वित्त वर्ष 14 के 36 प्रतिशत से बढक़र वित्तीय वर्ष 2021 में लगभग 52 प्रतिशत हो गई है।

# प्राथमिकता क्षेत्र के ऋण ढांचे में सुधार की मांग- सीआईआई

नई दिल्ली। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने भारत के प्राथमिकता क्षेत्र के ऋण (पीएसएल) ढांचे में महत्वपूर्ण सुधार किए जाने का अनुरोध किया है। उद्योग संगठन ने सुझाव दिया है कि इससे देश की उभरती आर्थिक प्राथमिकताओं के साथ बेहतर तालमेल हो सकता है। सीआईआई ने उभरते हुए क्षेत्रों को समर्थन देने के लिए अधिक विकास वित्त संस्थानों (डीएफआई) की स्थापना का भी आह्वान किया है। प्राथमिकता क्षेत्र के ऋण में बैंकों को अपने ऋण का एक हिस्सा महत्वपूर्ण क्षेत्रों जैसे कृषि, शिक्षा, आवास और छोटे उद्योगों के लिए रखना होता है। सीआईआई के एक व ?रिष्ठ अ ?धिकारी ने बताया कि पीएसएल ढांचा सफल रहा है, लेकिन इसे नए सिरे से दुरुस्त करने की जरूरत है। उन्होंने भी जोर दिया कि पीएसएल आवंटन में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में विभिन्न क्षेत्रों के बदलते योगदान और उनके विकास की क्षमता नजर आनी चाहिए। सीआईआई ने पीएसएल ढांचे में उभरते क्षेत्रों को शामिल किए जाने की सिफारिश की है, जिससे सतत विकास सुनिश्चित हो सके। उद्योग संगठन ने बुनियादी ढांचे और नवोन्मेषी विनिर्माण पर ही ध्यान देने को भी दिया है। सीआईआई की प्रस्तावित शृंखला में उद्योग संगठन ने ऋण वितरण में परिणाम-आधारित व्यवस्था में बदलाव की भी सिफारिश की है। उसका कहना है कि विकासात्मक परिणामों पर ज्यादा ध्यान देने पर जोर दिया जाए। इस प्रपोजल का मकसद भारत के विकास में महत्वपूर्ण उच्च विकास वाले क्षेत्रों को समर्थन करना है, जिससे देश का आर्थिक उद्यमिता और स्थिरता बनाए रह सके।

# 8 दिनों से चली आ रही भूख हड़ताल को तहसीलदार ने जूस पिलाकर की समाप्त

लांजी (पद्मेश न्यूज)। नगर परिषद लांजी के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 5 मंडई टेकरी के निवासी अपनी मांगों को लेकर 8 दिनों से तहसील कार्यालय के समक्ष भूख हड़ताल पर बैठे हुए हैं। जिनका स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा था। 2 दिन पूर्व हड़ताल पर बैठे एक व्यक्ति की हालत खराब हुई थी, उसके बाद सोमवार 23 दिसंबर को भूख हड़ताल पर बैठे दो लोगों की हालात गंभीर होते देख लांजी तहसीलदार हिम्मत सिंह भवेदी भूख हड़ताल स्थल पर पहुंचे और उन्होंने हड़ताल पर बैठे वार्ड वासियों से चर्चा की और उन्हें मनाने की कोशिश की गई। फिर भी वार्डवासी अपनी मांगों को लेकर अड़े हुए थे उसके बाद लांजी तहसीलदार के द्वारा उनकी मांगों को देखते हुए निराकरण निकाला गया और भूख हड़ताल पर बैठे वार्डवासी लीलाधर डोलस, अनिल खनोरकर, धरम राउत, संतोष उईके, फूलचंद पाण्डे को




तहसीलदार की ओर से कुछ समय की मोहलत दी गई, जिस पर भूख हड़ताल पर बैठे वार्ड वासियों ने तहसीलदार की बात मानी। उसके बाद तहसीलदार हिम्मत सिंह भवेदी के द्वारा भूख हड़ताल पर बैठे लीलाधर डोलस, अनिल खनोरकर, धरम राउत, संतोष उईके, फूलचंद पाण्डे इन पांच लोगों को जूस पिलाकर उनका भूख हड़ताल तुड़वाया गया।

### इनका कहना है

लांजी नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 5 मैं जो अतिक्रमण कर मकान बनाया गया है जिसको तुड़वाने हेतु हमारे द्वारा आवेदकली का आदेश किया गया था जिसके विरोध में पांच लोगों के द्वारा भूख हड़ताल किया जा रहा था। इनके द्वारा हमसे कुछ समय चाहा गया है और हमने इनकी बात मानते हुए समय देना स्वीकार है जिसे मानकर आज इनके द्वारा हड़ताल तोड़ा जा रहा है।

**हिम्मत सिंह भवेदी**
**तहसीलदार लांजी**

# कल मनाया जायेगा प्रभु यीशु का जन्मदिन क्रिसमस-डे

लांजी (पद्मेश न्यूज)। मसीह समुदाय का सबसे प्रमुख त्यौहार क्रिसमस पर्व कल नगर के मसीह समाज के प्रार्थना भवन वार्ड नंबर 2 रेस्टहाउस में हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। इस संबंध में पास्टर महेंद्र नागदौने ने जानकारी में बताया कि 25 दिसम्बर को सुबह 11 बजे से कार्यक्रम प्रारंभ होगा। प्रभु यीशु का जन्मदिन मनाने को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। वहीं ईशा मसीह के जन्मदिन क्रिसमस डे पर सुबह से ही विशेष आराधना, गीत, संगीत, ड्रामा सहित विभिन्न संस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन किए जाएंगे। आपको बताए कि इस पर्व को ईसाई समाज द्वारा बहुत धूमधाम से मनाया जाता है, क्रिसमस को बड़ा दिन भी कहा जाता है इस दिन प्रभु यीशु का जन्म हुआ था जिन्होंने पूरी दुनिया को प्रेम और दया जिस पर ईसाई का संदेश दिया था। धर्मावलंबियों द्वारा इस दिन को धुमधाम से मनाया जाता है जिसकी खुशियां 15 दिन पूर्व से प्रारंभ हो जाती है जहां मसीह समाज के लोग एक दूसरे के घरों में जाते हैं जहां कैरोल सिंगिंग का आयोजन होता है। जहां प्रभु यीशु के जन्मदिन पर पूरे दिन कैरोल सिंगिंग सहित



विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। क्रिसमस डे के दिन सामूहिक रूप से प्रभु यीशु की आराधना भी की जाएगी। तो वहीं विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किया जाएगा।

# आईटी ट्रेड के विद्यार्थियों को कराया औद्योगिक भ्रमण

लांजी (पद्मेश न्यूज)। शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत 23 दिसम्बर को हायर सेकेण्डरी स्कुल पाथरगांव में अध्ययनरत आईटी ट्रेड के विद्यार्थियों को औद्योगिक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत यूनिवर्सल कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट लांजी का भ्रमण कराया गया। जहां छात्र-छात्राओं को संस्था के संचालक रमेश आसटकर, रेखा आसटकर,




शिक्षक भानूप्रताप प्रजापति, देवेंद्र क्षीरसागर द्वारा मार्गदर्शन किया। विद्यार्थियों को भविष्य में कम्प्यूटर-आईटी के क्षेत्र में स्वर्णिम अवसरो के बारे में बताया गया। 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद विद्यार्थी और उनके माता-पिता के मन में तरह-तरह के सवाल उभरते हैं। अपने बच्चों के भविष्य को लेकर वे सोचते हैं कि कौन-सा ऐसा कोर्स कराया जाए जिससे आगे चलकर उनका बच्चा बेरोजगार न रहे और भविष्य में नयी ऊँचाइयों को छुए। वर्तमान समय में कौशल विकास के लिये सहायक कम्प्युटर के डिप्लोमा कोर्स की जानकारी एवं महत्व के बारे में बताया गया। इस क्षेत्र में रोजगार व स्वरोजगार के अवसरो के बारे में बताया गया। इस भ्रमण कार्यक्रम में शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कुल पाथरगांव विद्यालय के 58 विद्यार्थियों के साथ प्रभारी प्राचार्य अनुपचंद घोरमारे, आईटी शिक्षिका दीपा सरवे उपस्थित रहे। अंत में छात्र-छात्राओं को संस्था की ओर से उपहार व मिष्ठान का वितरण किया गया।

# नहीं रूक रही बोरवेल में तोड़फोड़

## वायर काटकर सामग्री चोरी घटना, खेत में लगे बोर से मोटर चोरी का प्रयास

लांजी (पद्मेश न्यूज)। विगत दिनों क्षेत्र के ग्राम बोलेगांव, बेनेगांव में किसानों के खेतों में बने बोरवेल में तोड़फोड़ कर इलैक्ट्रोनिक सामानों को क्षति पहुंचाने व आटो चोरी किए जाने की घटनाएं घटित हो चुकी है, जिसकी किसानों द्वारा पुलिस में शिकायत भी की गई थी। इसी तरह की एक घटना 22 दिसम्बर की रात्रि में क्षेत्र के ग्राम बिंझलगांव में घटित हुई, जिसमें खेत में बने बोर से मोटर चोरी करने का प्रयास किया गया। इस संबंध में योगेश बिहोने ने 23 दिसम्बर को पुलिस थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि रविवार 22 दिसम्बर की रात्रि में घर के सामने खेत में बने बोरवेल में लगा



सबमर्सिबल पंप चालू था, रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा केबल वायर काटकर एवं मोटर के क्लैम्प खोलकर मोटर चोरी का प्रयास किया गया। रात्रि में आवाज होने पर दरवाजा खोला देखा किन्तु कोई नजर नहीं आया। सुबह उठकर देखा तो बोर के पास सब अस्त व्यस्त था, मोटर का पाइप व केबल वायर कटा हुआ था, मोटर के क्लैम्प खुले पड़े हुए थे। ऐसा प्रतीत होता है कि रात्रि में दरवाजे खोले जाने व लाइट देख चोर भाग गए एवं बोर में लगा सबमर्सिबल पंप चोरी होने से बच गया। बहरहाल आवेदक योगेश बिहोने ने इस संबंध में पुलिस थाना लांजी में आवेदन देकर अज्ञात तत्वों के खिलाफ मामला दर्ज कर कड़ी कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# खेत में रखी पैरा एवं धान जलकर हुई राख

लांजी (पद्मेश न्यूज)। क्षेत्र के ग्राम देवलगांव में 23 दिसम्बर के अल सुबह खेत में गहाकर रखी दो एकड़ की खुली पैरा एवं उसमें दबाकर रखी 22 कट्टी धान आगजनी के चलते जलकर राख हो गई। इस संबंध में सहसराम टेंभरे पिता सोना टेंभरे उम्र 71 वर्ष ने पुलिस को जानकारी देते हुए बताया कि मैंने अपने घर के पीछे ही खलिहान बनाया तथा 21 दिसम्बर को 2 एकड़ धान की थ्रेसर से मिसाई करके 22 बोरा धान इक्कठा करके पैरा से ढककर खेत मे रख दिया था। 23 दिसम्बर के सुबह 05.00 बजे उठकर बाहर देखा



तो खेत में रखी पैरा जल रही थी, मैंने अपने लड़के दुर्योधन टेंभरे, भतीजा डूडेश्वर टेंभरे, नाती लोकेश टेंभरे को जगाया और आग बुझाने का प्रयास किया किंतु आग नहीं बुझी एवं पूरी धान, पैरा जल गई। जिससे मुझे लगभग 45000/- रुपये का नुकसान हुआ है। पुलिस ने रिपोर्ट पर आगजनी क्रं 12/24 कायम कर जांच में लिया है।

# नालसा अंतर्गत विधिक सेवा बाल इकाई के सदस्यों का 02 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री दिनेश चन्द्र थपलियाल के मार्गदर्शन में नालसा (बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा बाल योजना, 2024) अंतर्गत विधिक सेवा बाल इकाई (जिला स्तरीय) के सदस्यों का 02 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बालाघाट में किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री सुरेन्द्र सिंह गुर्जर ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से सभी प्रतिभागीगण परस्पर चर्चा कर दूसरे विभागों के कार्य एवं योजनाओं को समझेंगे एवं बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने में समर्थ हो सकेंगे। इस कार्यक्रम में समाहित किये गये विषयों पर प्रभावी निश्कर्ष प्राप्त होगा, संवेदनशीलता बढ़ेगी एवं हम सभी मिलजुल कर इस दिशा में कार्य करेगे एवं जन-जागरूकता बढ़ाने का प्रयास करेंगे। साथ ही उन्होंने लैंगिक अपराधों से बालकों का



संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के संबंध में तथा किशोर न्याय (बालको की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यशाला में जीतेन्द्र मोहन धुर्वे, जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा बताया गया कि राज्य का प्रथम कर्तव्य जनता के हितों की रक्षा के लिए कल्याणकारी योजना तैयार करना एवं उसका लाभ जनसामान्य को दिलाना हैं। भारतीय संविधान के निति निर्देशक तत्वों में अनुच्छेद 39 क जोड़ा जाकर नि:शुल्क विधिक सहायता के संबंध में निर्देशित किया गया हैं कि राज्य यह सुनिश्चित करेगा की विधिक तंत्र इस प्रकार कार्य करे कि समान अवसर के आधार पर न्याय प्राप्त हो तथा कोई भी व्यक्ति आर्थिक अभाव व अन्य निर्योग्ता के कारण न्याय प्राप्त करने के अवसर से वंचित न रहें। कार्यक्रम में सुश्री रचना चौधरी द्वारा वन स्टॉप सेन्टर के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही कार्यक्रम में महिला थाना प्रभारी सोनाली ढोक द्वारा पुलिस की कार्यप्रणाली के संबंध में जानकारी दी। वहीं श्रम विभाग से निरीक्षक श्री सुनिल यादव एवं सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारीगण द्वारा भी प्रशिक्षण कार्यक्रम में जानकारी दी गई। इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री सुरेन्द्र सिंह गुर्जर, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री जीतेन्द्र मोहन धुर्वे, सुश्री रचना चौधरी वन स्टॉप सेंटर, डिफेंस काउंसल स्टॉफगण, पैनल अधिवक्तागण एवं पैरालीगल वॉलन्टियर्स उपस्थित रहे।

# प्रशासन गाँव की ओर के तहत अनुसुइया के खेत पहुँचा राजस्व विभाग

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। जनकल्याण अभियान के तहत जिले के ग्रामीण नगरीय क्षेत्रों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को जिले के 38 ग्राम पंचायतों और 5 वार्डों में शिविर आयोजित हुए है। लालबर्रा तहसील के कनकी पंचायत शिविर के दौरान ही अनुसुइया बाई



द्वारा नक्शा बटांकन और बंटवारे के लिए आवेदन किया गया। उनके इस आवेदन पर तहसीलदार के निर्देशों पर त्वरित रूप से पटवारी और आरआई खेत पर बंटवारे के लिए पहुँचा। वास्तव में प्रशासन गाँव की ओर अभियान के तहत यह सुखद कदम है कि जिस विभाग से जुड़ा कार्य है। वो विभाग त्वरित रूप से समस्या निराकरण के लिए पहुँच रहा है।

### शिविरों के माध्यम से प्राप्त किये 10 हजार से अधिक आवेदन

जिले में अब तक 250 से अधिक स्थानों पे शिविर आयोजित हो चुके हैं। इस शिविरों में अब तक 10827 आवेदन प्राप्त किये गए है। इसमें 255 आवेदन ऑनलाइन प्राप्त किये गए है। जबकि अब तक 8626 आवेदनो का निराकरण किया गया है। शिविरों में प्राप्त कुल आवेदनों में से 8341 आवेदन स्वीकृत किये गए थे।

# आदमखोर बाघ को पकड़ने विभाग ने बिछाया जाल

## दिन भर खैरलांजी गांव के करीब दिखाई दिया बाघ, मंडरा रहा खतरा

कटंगी(पद्मेश न्यूज)। सिवनी जिले के राजस्व और वन सीमा से सटे बालाघाट जिले की कटंगी जनपद क्षेत्र के ग्राम खैरलांजी (अंबेझरी) में आदमखोर बाघ की लगातार मौजूदगी ने ग्रामीणों में दहशत फैला दी है. रविवार को जहां बाघ ने एक किसान को अपना शिकार बनाया. वहीं सोमवार को पूरा दिन वन्य प्राणी बाघ को खैरलांजी गांव के नजदीक देखा गया है. सोमवार को अलग-अलग समय पर बाघ को देखा गया है दोपहर ढाई बजे के आस-पास बाघ को किसन मर्सकोले के घर के सामने पैरा के ढेर के पास देखा गया. जहां से गांव के स्कूल की दूरी महज कुछ कदम की है. ऐसे में स्कूली बच्चों पर भी खतरा मंडरा रहा है. किसान की मौत के बाद स्थानीय ग्रामीणों में वन विभाग कटंगी के अधिकारियों पर सवाल उठा रहे है खैर, इन सब के बीच पूर्व खवासा और कटंगी वन विभाग से बाघ को पकड़ने के लिए जाल बिछाया है. सोमवार की शाम 07 बजे पूर्व खवासा वन विभाग की टीम ने जंगल में पिंजरा लगाया है जिसमें पालतू मवेशी बकरी को बाघ के शिकार के लिए रखा गया है अब देखना है कि विभाग का यह प्रयास कितना सफल हो पाता है. इधर, ग्रामीणों में इतना डर है कि वो अपने खेतों में नहीं जा पा रहे। सोमवार को कटंगी एसडीएम मधुवंत राव धुर्वे, उपवन मंडल अधिकारी कटंगी बी.आर.सिरसाम, वन परिक्षेत्र अधिकारी बाबूलाल चडार, तिरोड़ी थाना प्रभारी जयंत मर्सकोले, महकेपार चौकी प्रभारी सुरेन्द्र उइके और पूर्व खवासा रेंज अधिकारी घनश्यामदास चतुर्वेदी मौजूद रहे. वन विभाग खवासा की टीम लगातार 15 दिनों से खैरलांजी में अपनी नजर बनाए हुए है. आज एसडीएम ने



खवासा रेंजर से चर्चा करते हुए सड़क किनारे की झाड़ियों को साफ कराने का अनुरोध किया. वहीं उन्होंने कटंगी वन विभाग के अधिकारियों को भी झाड़ियों की कटाई के निर्देश दिए है. जानना जरूरी है कि खैरलांजी से सिलारी मार्ग को स्वीकृति मिल चुकी है किंतु बालाघाट कलेक्टर कार्यालय में निर्माण से जुड़ी फाईल अटकी हुई है. अगर शायद समय पर सड़क निर्माण हो चुका होता तो जिस तरह की घटनाएं अभी हो रही है और ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है यह स्थिति निर्मित ही ना होती।

लांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

भानेगांव में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बोलेगांव में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# सौरभ शर्मा के खिलाफ ईडी ने दर्ज किया केस

भोपाल। परिवहन आरक्षक रहे सौरभ शर्मा और उसके सहयोगी चेतन गौर के यहां लगभग 18 करोड़ रुपये नकदी और 54 किलो सोना मिलने के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भी जांच शुरू कर दी है। प्रवर्तन निदेशालय ने लोकायुक्त विशेष पुलिस स्थापना में दर्ज एफआइआर के आधार पर मनी लॉड्रिंग एक्ट के अंतर्गत प्रकरण कायम कर जांच प्रारंभ की है।

ईडी के अधिकारियों ने बताया कि इस दिशा में जांच की जाएगी की संपत्ति कहां से कैसे अर्जित की गई है। दूसरे देशों से पैसे का गलत तरीके से लेनदेन तो नहीं हुआ है। इस संबंध में ईडी की ओर से लोकायुक्त पुलिस से जब्त संपत्ति की जानकारी और दस्तावेज मांगे जाएंगे। आयकर विभाग की एसेसमेंट रिपोर्ट तैयार होने के बाद, उसके आधार पर भी जांच की जाएगी। इस मामले में सौरभ के परिवार से भी पूछताछ की जा सकती है।



### नौकरी छोड़ने के बाद भी सौरभ करवा रहा था वसूली

इधर जांच का दायरा जैसे-जैसे बढ़ रहा है, वैसे ही नए-नए खुलासे भी हो रहे हैं। अब सौरभ के बारे में पता चला है कि वह नौकरी छोड़ने के बाद भी परिवहन विभाग में सक्रिय था। अपने लोगों को परिवहन के चेक पोस्टों पर भेजा करता था। हालांकि तब सितंबर 2023 में कुछ अधिकारियों ने इसका विरोध करते हुए जानकारी ऊपर तक भी पहुंचाई थी, लेकिन इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था।

### अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं

अब लोकायुक्त और आयकर विभाग के रडार पर आने के बाद सौरभ शर्मा के बारे में ये सारी बातें सामने आ रही हैं। हालांकि जिन अधिकारियों के सामने तब ये मामले आए थे, अब वे भी कुछ कहने से बच रहे हैं। पुलिस सूत्रों की मानें तो सौरभ शर्मा के पास करीब 12 लोगों की ऐसी टीम थी, जिनको परिवहन के चेक पोस्टों पर वसूली का अनुभव था। बीच-बीच में उसके लोगों के वीडियो भी सोशल मीडिया के अलग-अलग माध्यमों पर वायरल हुए थे, तब मामला ऊपर तक भी पहुंचा था, लेकिन लिखित शिकायत से पहले ही पूरा मामला दबा दिया गया था।

### आयकर विभाग का बिल्डर के बाद सौरभ पर फोकस

आयकर विभाग की टीम ने बिल्डर के यहां छापेमारी में अहम राजफाश करने के बाद अब सौरभ शर्मा पर फोकस बढ़ा दिया है। दिल्ली से दिशा-निर्देश मिलने के बाद आयकर विभाग ने सोने और 10 करोड़ रुपये की नकदी की जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। सौरभ के दुबई से भारत आने के बाद उसे पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा।

### ऊपर से रकम को होल्ड करने के मिले निर्देश

आयकर सूत्रों का कहना है कि रातीबड़ में एक फार्म की जमीन पर खड़ी कार से जब्त सोना और रुपये को लोकायुक्त को वापस करने की चर्चाओं पर अब विराम लग गया है। आला अधिकारियों की बैठक के बाद रकम को होल्ड करने का निर्णय लिया गया है। जब तक सोने की पूरी जानकारी नहीं मिल जाती है, तब तक रकम और सोना आयकर विभाग के पास ही रहेगा।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटियां की जाएगी भंग

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने दिए सकेत

भोपाल। मध्य प्रदेश में कांग्रेस के द्वारा संगठन का ढांचा नए सिरे से तैयार करने के लिए पूरे प्रदेश की ब्लॉक कांग्रेस कमेटियां भंग की जाएगी। इसके साथ ही सभी ब्लॉक अध्यक्षों को भी उनके पद से हटा दिया जाएगा। इस बात के संकेत प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने दी है। इसके साथ ही सभी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों को भी उनके पद से हटा दिया जाएगा। पटवारी के द्वारा कांग्रेस नेताओं को यह बता दिया गया है कि अब यह कदम उठाया जाना है। ऐसा समझा जाता है कि पटवारी ने यह जानकारी इस कारण से दी ताकि जब ब्लॉक अध्यक्ष को उनके पद से हटाया जाए तो अपने समर्थक को पद से हटाए जाने को आधार बनाकर नेताओं के द्वारा बयानबाजी का सिलसिला शुरू नहीं किया जाए।



सूत्रों ने बताया कि इस बैठक में पटवारी द्वारा आने वाले समय के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा तैयार किए गए वर्किंग कैलेंडर की भी चर्चा की गई। कांग्रेस के नेताओं को यह बताया गया कि अब आने वाले समय में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा कब-कब क्या-क्या किए जाने की योजना है। इस बैठक में कई वरिष्ठ नेता शामिल थे।

# तीनों विद्युत वितरण कंपनियों ने फर्जी आंकड़ों के जरिए किया अवार्ड हासिल

भोपाल। भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट में चौंकाने वाला बड़ा खुलासा हुआ है। 100 प्रतिशत इलेक्ट्रिफिकेशन के नाम पर करोड़ों रुपए की होली खेली गई है। मध्यप्रदेश में शत-प्रतिशत विद्युतीकरण का दावा फर्जी निकला है। कैग की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि प्रदेश की तीनों विद्युत वितरण कंपनियों ने फर्जी आंकड़ों के जरिए अवार्ड हासिल किया है।

कैग की रिपोर्ट के अनुसार, तीनों डिस्कॉम कंपनियों ने झूठे सर्वे और फर्जी आंकड़े पेश किए,गांवों में शत प्रतिशत इलेक्ट्रिफिकेशन के नाम प्रत्येक कंपनी को 100 करोड़ रुपये का इंसेंटिव और 50 लाख रुपये का कैश प्राइज दिया गया। कैग की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि कई गांव अब भी बिजली से वंचित है। कई स्थानों पर ट्रांसफार्मर और पोल लगाए तो गए, लेकिन बिजली नहीं पहुंची है। पीएम सहज बिजली हर घर योजना (सौभाग्य योजना), दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के नाम पर फर्जी आंकड़ों और सर्वे रिपोर्ट का खेल हुआ है। इस खुलासे के बाद सरकार ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। कैग रिपोर्ट पर नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक ने सरकार से जांच की मांग की है। रजत भार्गव, सदस्य, नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने कहा कि जांच न कराए जाने पर हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे।

# धार्मिक स्थलों का पानी सबसे प्रदूषित

भोपाल। मप्र को नदियों का मायका कहा जाता है क्योंकि यह एक ऐसा राज्य है जहां 200 से ज्यादा छोटी-बड़ी नदियां बहती हैं। इसके बावजूद दो दर्जन से ज्यादा ऐसी नदियां हैं जो प्रदूषित हो चुकी हैं। इनमें से क्षिप्रा, बेतवा, नर्मदा नदियां तो ऐसी हैं कि इनका पानी पीना तो दूर आचमन करने लायक भी नहीं बचा है। खासकर इन नदियों के किनारे स्थित धार्मिक स्थलों का पानी सबसे अधिक प्रदूषित है। इसका खुलासा मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एमपीपीसीबी) की रिपोर्ट में हुआ है।

मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार मप्र की 89 नदियां ऐसी हैं, जिनमें सालभर पानी रहता है। एमपीपीसीबी ने इन नदियों के रूट पर 293 स्थानों पर पानी की जांच की। रिपोर्ट में सामने आया कि 197 जगहों का पानी ए-कैटेगरी का है। जबकि 96 स्थानों पर पानी की गुणवत्ता खराब पाई गई। इनमें से 60 से अधिक स्थान धार्मिक स्थलों के पास हैं। यहां का पानी आचमन या स्नान तो छोड़िए हाथ धोने के लायक भी नहीं है।

### विधानसभा में पेश की गई रिपोर्ट

विधानसभा के शीतकालीन सत्र में पेश की गई एमपीपीसीबी की 2023-24 के वार्षिक प्रतिवेदन में नदियों के पानी की गुणवत्ता की वार्षिक औसत स्थिति के बारे में बताया गया है। रिपोर्ट में इंदौर की कान्ह (खान) नदी को सबसे प्रदूषित बताया गया है। उज्जैन की क्षिप्रा नदी की स्थिति भी खराब है। देवास की छोटी कालीसिंध नदी सूखने से उसकी जांच नहीं हो सकी। एमपीपीसीबी ने 5 कैटेगरी में गुणवत्ता जांची है। ए-कैटेगरी का पानी रोगाणु मुक्त होता है। इसे बिना किसी परंपरागत उपचार के सीधे पीने के है। बी-कैटेगरी में रोगाणु (जैसे बैक्टीरिया, वायरस और अन्य सूक्ष्मजीव) पाए जाते हैं। यह धुलाई या सफाई के लिए उपयुक्त है। सी-कैटेगरी के पानी में अतिरिक्त हैवी मेटल और अन्य प्रदूषक तत्व होते हैं। डी-कैटेगरी के पानी का रंग पूरी तरह काला हो जाता है। ई-कैटेगरी के पानी उद्योगों से निकले अपशिष्ट या अत्यधिक घातक प्रदूषण से प्रभावित होता है।

# बाहरी नेताओं को विधानसभा क्षेत्र का प्रभार

### पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत पटवारी ने अपने गृह जिले से की, जल्दी पूरे प्रदेश में होगा विस्तार

भोपाल। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने अपने गृह जिले इंदौर से एक नया प्रयोग शुरू किया है। पायलट प्रोजेक्ट के तहत बाहर के नौ नेताओं को इंदौर जिले के नौ विधानसभा क्षेत्र का प्रभार सौंपा गया है। अब इन विधानसभा क्षेत्र में संगठन से जुड़े सारे फैसलों में प्रभारी की अहम भूमिका रहेगी।

पार्टी के इंदौर शहर प्रभारी खरगोन के पूर्व विधायक रवि जोशी को अब शहर प्रभारी के साथ ही इंदौर चार विधानसभा क्षेत्र का जिम्मा सौंपा गया है। इंदौर ग्रामीण के प्रभारी अवनीश भार्गव को महू विधानसभा क्षेत्र का दायित्व दिया गया है। इंदौर एक का प्रभार मंदसौर के राजेश रघुवंशी को सौंपा गया है। यह प्रदेश कांग्रेस में सचिव भी हैं। इंदौर दो के प्रभारी चांचौड़ा के वरिष्ठ नेता देवेंद्र सिंह रघुवंशी बनाए गए हैं। इंदौर तीन के प्रभारी सोमिल नाहटा होंगे जो की प्रदेश कांग्रेस के सचिव होने के साथ ही शहर के सह प्रभारी भी हैं। इंदौर पांच का प्रभार राजपुर के अजय ठक्कर को दिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष के गृह विधानसभा क्षेत्र राऊ के प्रभारी के रूप में शुजालपुर के गजेंद्र सिंह सिसोदिया को दायित्व दिया गया है। सिसोदिया इंदौर जिले के सह प्रभारी भी हैं। देपालपुर का प्रभार नीमच के तरुण भारती को दिया गया है जो की प्रदेश कांग्रेस में सचिव के साथ ही इंदौर ग्रामीण के सह प्रभारी भी है। प्रदेश कांग्रेस की महासचिव उज्जैन की माया त्रिवेदी सांवेर की प्रभारी बनाई गई है।

प्रदेश अध्यक्ष भी एक विधानसभा क्षेत्र संभालेंगे। मोहल्ला और पंचायत स्तर की कमेटी बनाने की शुरुआत इंदौर से की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के मुताबिक यह माइक्रो लेवल मैनेजमेंट की कवायद का हिस्सा है। हम शहरी क्षेत्र में मोहल्ला कमेटी और ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम पंचायत कमेटी का गठन करने जा रहे हैं। इस पर काम शुरू हो चुका है। दोनों ही इकाइयों में हम पार्टी के मोर्चा संगठनों के पदाधिकारी भी नियुक्त करेंगे और विभिन्न प्रकोष्ठ भी बनाए जाएंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के नाते मैं भी प्रदेश के किसी एक विधानसभा क्षेत्र का कामकाज देखूंगा। इसी के तहत यह नियुक्तियां शुरू की गई हैं, जो पूरे प्रदेश में होंगी। प्रदेश कांग्रेस का हर पदाधिकारी, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष, पॉलिटिकल अफेयर समिति के सदस्य और विशेष आमंत्रित सदस्य भी शामिल हैं, एक-एक विधानसभा क्षेत्र का प्रभार संभालेगा और वहां शहरी क्षेत्र में मोहल्ला और ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत स्तर की कमेटी गठित करने की दिशा में हुए कामकाज की निगरानी करेंगे। ब्लॉक शहर और जिला कांग्रेस ने इस दिशा में जो काम किया है, उसका सुपरविजन भी प्रभारी करेंगे। यह नेता मार्गदर्शक की भूमिका में तो रहेंगे ही साथ ही यह भी देखेंगे की जो काम निचले स्तर पर किया गया है, वह केवल कागजों पर ही तो नहीं है। अपने प्रभार के क्षेत्र में ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति में भी इन नेताओं की राय अहम रहेगी।

# अवैध हथियारों के विरुद्ध मप्र पुलिस की लगातार कार्रवाही जारी

### धार, खरगोन और छतरपुर में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, अवैध हथियार फैक्ट्रियों और तस्करों पर शिकंजा

भोपाल। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा के निर्देशन में मध्यप्रदेश पुलिस अवैध हथियारों के निर्माण और तस्करी के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। इन निर्देशों के परिपालन में धार, खरगोन और छतरपुर जिलों में पुलिस ने हाल ही में बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार फैक्ट्रियों और तस्करों पर शिकंजा कसा है। पुलिस ने इन जिलों में कार्रवाही कर विगत एक माह में 122 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही इन आरोपियों से 24 देशी पिस्टल एवं 23 देशी कट्टे, 47 अवैध फायर आर्म्स, 02 मैग्जीन, 118 कारतूस जप्त किए हैं।

**खरगौन**- खरगौन पुलिस टीम ने विगत एक माह में 24 पिस्टल, 7 देशी कट्टे, 6 अवैध फायर आर्म्स तथा दो कारतूस सहित 12 आरोपियों को पकड़ा है।

**धार**- धार पुलिस ने हथियार (पिस्टल, देशी कट्टे व कारतुस) बनाने वाली फैक्ट्री पर दबिश देकर 16 देशी 12 बोर के कट्टे, 06 अधबनी पिस्टल, 02 मैग्जीन, दो जिन्दा कारतूस और हथियार निर्माण के भारी मात्रा में उपकरण जप्त किये हैं तथा चार सिकलीगर को गिरफ्तार किया है।

**छतरपुर**- इसी प्रकार छतरपुर पुलिस ने विगत एक माह में कार्रवाही कर 41 आग्नेय शस्त्र तथा 116 कारतूस के साथ 106 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सिर्फ हथियार बरामदगी तक सीमित न रहते हुए आदतन अपराधियों के विरुद्ध और रासुका (राष्ट्रीय सुरक्षा कानून) जैसी सख्त धाराओं में कार्रवाही की है। साथ ही, पुलिस अपराध में लिप्त लोगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए भी प्रयासरत है। साथ ही, पुलिस द्वारा यह भी प्रयास किया जा रहा है कि समुदाय के लोगों को अपराध छोड़कर समाज की मुख्यधारा में जोड़ा जाए। इस तरह की पहल न केवल अपराधों पर लगाम लगाएगी, बल्कि समुदाय के सामाजिक और आर्थिक विकास में भी सहायक होगी।

### प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में की प्रेस ब्रीफिंग

# बाबा साहब की सामाजिक और राजनैतिक उपेक्षा करने वाली कांग्रेस बाबा साहब के नाम पर ढोंग कर रही है

भोपाल। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी, राष्ट्पिता महात्मा गांधी व बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों को जमीन पर उतारने के साथ उन्हें प्रतिपादित कर रहे हैं। बाबा साहब की सामाजिक और राजनैतिक उपेक्षा करने वाली कांग्रेस बाबा साहब के नाम पर ढोंग कर रही है। कांग्रेस और उसका टूलकिट गैंग केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान को एआई से एडिट कर साजिश रच रहा है। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के समय भी अमित शाह के बयान को एआई से एडिट कर साजिश रचकर झूठ परोसने का कार्य किया था। चुनावों में मिली हार से कांग्रेस इतना बौखला गई है कि वह जनता के बीच उन्माद पैदा करने का षडयंत्र रच रही है।



भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता बाबा साहब के विचारों और सिद्धांतों का सम्मान करता है। जिस कांग्रेस पार्टी ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के सिद्धांतों की धज्जियां उड़ाई, आज वही बाबा साहब के नाम पर समाज में भ्रांतियां फैला रही है। देश में 55 साल तक शासन करने वाली कांग्रेस ने अपने प्रथम परिवार के नेताओं जवाहरलाल नेहरू, श्रीमती इंदिरा गांधी व राजीव गांधी को भारत रत्न दिया, उनके स्मारक बनवाए, लेकिन बाबा साहब डॉ. अंबेडकर को सदैव वंचित रखा है। जवाहरलाल नेहरू और कांग्रेस नेतृत्व ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर को चुनाव हराने का घिनौना कार्य किया। कांग्रेस नेतृत्व में डॉ. अंबेडकर को इतना परेशान किया गया कि उन्हें केंद्रीय कानून मंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा। डॉ. अंबेडकर को भाजपा समर्थित सरकार में भारत रत्न दिया गया। कांग्रेस के खून में आज भी अंग्रेजों का जींस है इसलिए दिग्विजय सिंह सहित कांग्रेस नेता आज भी फूट डालो राज करो की नीति पर कार्य कर रहे हैं।

### झूठ व छल-कपट की राजनीति के सहारे नकारात्मकता फैलाने में लगी है कांग्रेस

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर और बाबा साहब के विचारों की विरोधी कांग्रेस अब मध्यप्रदेश में कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के माध्यम से झूठ परोस रही है। इसी तरह राहुल गांधी व कांग्रेस नेताओं ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान को एडिट कर झूठ परोसने का साजिश कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव के समय भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान को एआई के जरिए एडिट कर कांग्रेस और उसका टूलकिट गैंग भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के बयानों को तोड़-मरोड़ कर पेशकर समाज को बांटने व नकारात्मकता फैलाने का काम कर रही है।

# 232 सरकारी बाबू-अधिकारी पर लटकी तलवार

### - आरक्षण के लिए फर्जीवाड़ा करने वाले 24 अधिकारी-कर्मचारियों की नौकरी जाना तय

भोपाल। मध्यप्रदेश में 230 सरकारी अधिकारी कर्मचारियों की नौकरी पर तलवार लटक रही है। इतना ही नहीं 24 अधिकारी-कर्मचारी तो ऐसे हैं जिनकी नौकरी लगभग तय हो चुका है। ये जानकारी मध्यप्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान पूछे गए एक सवाल के जवाब में दी गई है। जानकारी मध्यप्रदेश सरकार के जन जातीय कार्य मंत्री कुंवर विजय शाह ने लिखित में दी है। जिन अधिकारी कर्मचारियों की नौकरी खतरे में हैं उन सभी ने आरक्षण का लाभ लेने के लिए फर्जीवाड़ा किया है।

विधायक डॉ. राजेन्द्र सिंह ने सवाल किया था फर्जी जाति प्रमाण-पत्रों की जांच के संबंध में साल 2015 से आज तक किसने किसके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है और उन शिकायतों की जांच में क्या कार्रवाई की गई है। जिसके जवाब में जन जातीय कार्य मंत्री कुंवर विजय शाह ने लिखित में जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में 232 कर्मचारी अधिकारियों के खिलाफ अलग-अलग लोगों द्वारा शिकायतें की गई हैं। जिनके खिलाफ जांच की जा रही है हालांकि अधिकांश के खिलाफ अभी तक जांच ही चल रही है। वहीं एक अन्य सवाल के जवाब में बताया गया कि 2020 के बाद पिछले चार साल में 24 अधिकारी कर्मचारियों के जातिगत प्रमाण पत्र निरस्त किए जा चुके हैं। इन्हीं फर्जी जाति प्रमाण पत्रों के आधार पर उन्होंने सरकारी नौकरी हासिल की थी। अब जब जांच में उनके जाति प्रमाण पत्र फर्जी पाए गए और उन्हें निरस्त कर दिया गया है तो अब इन 24 अधिकारी कर्मचारियों की नौकरी जाना तय माना जा रहा है।

# आयकर विभाग के रडार पर पूरा परिवहन विभाग

भोपाल। मप्र के परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा के घर से 52 किलो सोना, 10 करोड़ की नगदी मिलने मामले के बाद आयकर विभाग चौकन्ना हो गया है। अब आयकर विभाग की रडार पर प्रदेश का पूरा परिवहन विभाग है। जांच अधिकारियों के हाथ लगी सौरभ की डायरी से बड़ा खुलासा हुआ है।

डायरी की मानें तो परिवहन विभाग में हर साल 100 करोड़ का काला हिसाब होता था। प्रदेश के 52 आरटीओ और बड़े अफसरों के नाम, नंबर, पता के साथ हर माह पहुंचने वाली रकम लिखी है। उगाही की काली कमाई का पैसा ऊपर तक पहुंचाने का अनुमान है। केंद्र की प्रवर्तन निदेशालय एफआईयू (फाइनेंशियल इन्वेस्टिगेशन) यूनिट भी मामले में जुटी है।

# एक क्लिक में मिल जाएगी सरकारी फाइल

### नए साल में सरकारी कामकाज में होगा बदलाव : 1 जनवरी से मोहन सरकार के कर्मचारी बदलेंगे वर्किंग स्टाइल

भोपाल। प्रदेश के प्रशासनिक भवन वल्लभ भवन में अब अधिकारी और बाबू फाइल न मिलने का रोना नहीं रो सकेंगे। साल 2025 से वल्लभ भवन में फाइलिंग की नई व्यवस्था शुरू होने जा रही है। इसके बाद एक क्लिक पर फाइल मिल जाएगी। जनवरी 2025 से वल्लभ भवन में 39 विभागों में ई-ऑफिस प्रणाली शुरू होने जा रही है। इस प्रणाली के तहत तमाम सरकारी फाइलें कम्प्यूटर पर दौड़ेंगी। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने सभी विभागों को इसका उपयोग शुरू करने के निर्देश दिए हैं।



इसकी ट्रेनिंग दिलाई जा रही है। ट्रेनिंग के लिए ऑनलाइन सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। अभी तक 39 विभागों को ई-ऑफिस की ट्रेनिंग दी जा चुकी है।

मध्यप्रदेश में ई ऑफिस प्रणाली के तहत सभी काम ई-ऑफिस पर होंगे। इसमें नोटशीट कम्प्यूटर पर ही तैयार होंगी। इस नई प्रणाली में काम करने के दौरान कोई परेशानी न आए, इसके लिए सभी अधिकारी कर्मचारियों को

हैं। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने इसको लेकर सभी विभाग प्रमुखों को नोटशीट भेजकर निर्देश दिए हैं। इसमें कहा गया है कि सभी फाइलों की स्कैनिंग की जाए।

### 17 विभागों से शुरुआत, बाकी को निर्देश

इसके बाद 39 विभागों में से 17 विभागों से शुरुआती स्तर पर इसका उपयोग शुरू कर दिया है। बाकी 22 विभागों को भी इसकी शुरुआत करने के निर्देश दिए गए

### तीन चरणों में लागू होगी नई प्रणाली

प्रदेश में ई-ऑफिस प्रणाली को तीन चरणों में लागू करने की तैयारी है। सबसे पहले 1 जनवरी से मंत्रालय में कम्प्यूटर पर ही काम शुरू हो जाएगा। इसके तहत सभी काम ई ऑफिस के रूप में ही होंगे। इसके बाद सभी संचालनालयों में और फिर प्रदेश भर के जिला मुख्यालयों में इसे लागू किया जाएगा। इस प्रणाली के लागू होने से जहां काम में तेजी आएगी, साथ ही कागज और स्टेशनरी की भी बचत होगी। इसके अलावा फाइल ढूंढने के नाम पर लोगों को चक्कर नहीं काटने होंगे। ई ऑफिस प्रणाली की पहल तकनीकि शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार विभाग ने की है। तकनीकि शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार विभाग के सचिव रघुराज राजेन्द्रन के मुताबिक, ई-ऑफिस प्रणाली में अब मंत्री स्तर तक सभी फाइलें और दस्तावेज डिजिटल प्रारूप से ही संचालित होंगी। इससे कार्य में तेजी आएगी। साथ ही कागज की खपत में भी कमी आएगी।

# 7 लाख सरकारी कर्मचारी और पेंशनर्स होंगे मालामाल

### - डीए में 3 फीसदी की बढ़ोतरी कर सकती है सरकार

भोपाल। मप्र के 4 लाख सरकारी कर्मचारियों और करीब 3 लाख पेंशनर्स को खुशखबरी मिलने वाली है। दरअसल सरकार नए साल में सरकारी कर्मचारियों और पेंशनर्स का डीए बढ़ाने का ऐलान कर सकती है। अधिकारिक सूत्रों का दावा है कि सरकार जनवरी 2025 से कर्मचारियों को 3 प्रतिशत बढ़े हुए डीए का लाभ देने पर विचार कर रही है।

बता दें कि जनवरी 2025 में केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते और महंगाई राहत में फिर बढ़ोतरी होगी। माना जा रहा है कि केंद्र सरकार केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 3 प्रतिशत बढ़ा सकती है। इस लिहाज से मध्य प्रदेश और केंद्रीय कर्मचारियों की सैलरी में डीए का अंतर बढ़कर 6 प्रतिशत तक हो सकता है। ऐसे में इसके पहले ही मध्य प्रदेश में भी डियरेस अलाउंस(डीए) यानी महंगाई भत्ता बढ़ाए जाने की तैयारी शुरू हो गई है। मान लीजिए कि सरकार नए साल से सरकारी कर्मचारियों का डीए 3 प्रतिशत बढ़ाने की मंजूरी देती है तो इससे लोगों के वेतन में हर महीने 450 रुपये से लेकर 4500 रुपये की बढ़ोत्तरी होगी।

### केंद्र तो छोड़ो, अधिकारियों से भी 3 प्रतिशत पीछे

कर्मचारी नेता उमाशंकर तिवारी ने बताया कि राज्य के कर्मचारी और पेंशनर्स डीए के मामले में केंद्र से 3 प्रतिशत पीछे चल रहे हैं। अभी केंद्र सरकार अपने कर्मचारियों और पेंशनर्स को 53 प्रतिशत महंगाई राहत और महंगाई भत्ता दे रही है। जबकि मध्य प्रदेश के कर्मचारियों को 50 प्रतिशत ही डीए मिल रहा है। उमाशंकर तिवारी ने बताया कि केंद्र तो छोड़िए डीए के मामले में राज्य में भी भेदभाव है। दरअसल एमपी में भले ही कर्मचारियों और पेंशनर्स को 50 फीसदी डीए व डीआर मिल रहा है, लेकिन राज्य प्रशासनिक सेवा, पुलिस सेवा और वन सेवा समेत अन्य विभागों के प्रथम श्रेणी कर्मचारियों को 53 प्रतिशत डीए मिल रहा है।

### डीए देने में राज्य सरकार करती है देरी

महंगाई भत्ते को लेकर राज्य कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने कहा कि राज्य सरकार कर्मचारियों का महंगाई भत्ता केन्द्र के समान लेकर आ जाएगी। अभी प्रदेश के कर्मचारियों को केन्द्र से 3 फीसदी कम महंगाई भत्ता मिल रहा है। प्रदेश में पिछली बार कर्मचारियों को महंगाई भत्ता और राहत के लिए भी धरना प्रदर्शन करना पड़ा था। 2024 के पहले तक केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते और महंगाई राहत में बढ़ोत्तरी करने के बाद राज्य सरकार भी डीए बढ़ा देती थी, लेकिन अब इसमें भी देरी हो रही है।

# श्रेयस की शानदार पारी से मुम्बई ने हैदराबाद को हराया



अहमदाबाद। कप्तान श्रेयस अय्यर की शानदार पारी से मुम्बई ने विजय हजारे ट्रॉफी में हैदराबाद को हरा दिया। इस मैच में 170 रनों के लक्ष्य का पीछा करते मुंबई की आधी टीम 67 रनों पर ही पेवेलियन लौट गयी थी पर इसके बाद श्रेयस ने केवल 20 गेंदों पर 4 चौके और तीन छक्कों लगाकर 44 रन बनाकर अपनी टीम को 26वें ओवर में ही लक्ष्य तक पहुंचा दिया। श्रेयस के अलावा तनुष कोटिया ने भी 37 गेंदों पर 39 रन बनाये। वहीं इससे पहले हैदराबाद ने 38.1 ओवरों में 169 रन बनाये थे।

तन्मय अग्रवाल और अभिरथ रेड्डी ने हैदराबाद की ओर से अच्छी शुरुआत की। दोनो ने पहले विकेट के लिए 85 रन जोड़े। रेड्डी 58 गेंदों पर 35 रन बनाकर आऊट हुए कि इसी ओवर में तिलक वर्मा भी खाता खोले बिना ही पेवेलियन लौट गये। तन्मय अग्रवाल ने एक छोर संभाला और 74 गेंदों पर 9 चौके और एक छक्के की मदद से 64 रन बनाए और स्कोर 125 तक ले गए। इसके बाद अवनीश ने एक छोर संभाला और 47 गेंदों पर 6 चौके और 3 छक्कों की मदद से 52 रन बनाए, और टीम का स्कोर 169 तक ले गए। मुंबई की ओर से अंकोलेकर ने 55 रन देकर 4, तनुष ने 38 रन देकर 2 तो आयुश ने 17 रन देकर 3 विकेट लिए।

इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई को रघुवंशी और आयुष म्हात्रे ने अच्छी शुरुआत दी। रघुवंशी ने 19 तो आयुष ने 16 गेंदों पर 5 चौके और 1 छक्के की मदद से 28 रन बनाए। इसके बाद मुंबई को लगातार झटके लगे। हार्दिक पंड्या 0, शार्दुल 0 पर आऊट हो गए। तनुष कोटियन ने एक छोर संभाला और 37 गेंदों पर 6 चौकों की मदद से 39 रन बनाए। सूर्यकुमार 8वें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए और 23 गेंदों पर 18 रन बनाकर आउट हो गये।

## रोहित शर्मा ठीक, मेलबर्न टेस्ट में खेलेंगे - आकाशदीप

मेलबर्न। भारतीय क्रिकेट टीम के युवा तेज गेंदबाज आकाशदीप ने कहा है कि कप्तान रोहित शर्मा ठीक हैं और 26 दिसंबर से यहां होने वाले चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच में खेलेंगे। इससे पहले रविवार को अभ्यास के दौरान रोहित के अलावा बल्लेबाज केएल राहुल और स्वयं आकाशदीप को भी चोट लगी थी पर उन्होंने मीडिया से बात करने के दौरान कहा कि इस प्रकार की चोट लगती रहती हैं और ये भी खेल का एक हिस्सा है। इसमें चिन्ता की कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा, जब आप क्रिकेट खेलते हैं तो ऐसी चोटें तो लगती रहती हैं। मुझे लगता है ये अभ्यास विकेट सफेद गेंद के लिए थी, यही वजह थी कि कई बार गेंद नीचे रह रही थी। लेकिन ये सब अभ्यास सत्र में सामान्य बात है, किसी भी तरह की कोई गंभीर समस्या नहीं है। रोहित को रविवार को अभ्यास के दौरान घुटने में गेंद लगी थी जिसके बाद वह आइस पैक लगाकर बैठे दिखे थे। रोहित और राहुल के अलावा अभ्यास सत्र में यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली और शुभमन गिल भी नई गेंद से अभ्यास करते दिखे। रोहित स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ अभ्यास कर रहे थे, जहां वह पुल शॉट खेलने के प्रयास में चोटिल हो गये। अभ्यास सत्र खत्म होने तक रोहित ठीक नजर आ रहे थे और वह आराम से कोच और टीम के साथियों के साथ बात करते हुए चल रहे थे। वहीं राहुल को दाहिने हाथ पर और आकाश दीप को भी बल्लेबाजी के दौरान हाथ में चोट लगी थी। लेकिन मीडिया से बात करने के बाद उन्होंने इस चोट को मामूली करार दिया। इसके अलावा रोहित की चोट के बारे में अपडेट देते हुए आकाश दीप ने कहा, मुझे नहीं लगता यह ज्यादा मायने रखता है, वह ठीक हैं।

## ट्रेविस हैड पर अंकुश लगाना होगा - शास्त्री



मेलबर्न। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा है कि भारतीय गेंदबाजों को ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रेविस हैड पर अंकुश लगाना होगा। हैड ने अब तक इस सीरीज में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो शतक लगाये हैं और सबसे अधिक रन बनाये हैं। शॉर्ट बॉल को जल्दी पहचानने की क्षमता के कारण ही वह बड़े शॉट लगाने में सफल हुए हैं। इस सीरीज की अपनी पहली पारी में 11 रन पर आउट होने के बाद से ही हेड ने अपने अगले तीन मैचों में 89, 140 और 152 रन बनाए हैं। उन्होंने गुलाबी गेंद के दिन-रात्रि टेस्ट में भी अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने 10 विकेट से जीत दर्ज कर 1-1 से बराबरी हासिल की थी।

शास्त्री ने कहा कि मुझे लगता है कि वह बहुत चतुर क्रिकेटर है। मैंने उन्हें तीन साल पहले देखा था पर अब लगता है कि उनमें काफी सुधार हुआ है। विशेष रूप से वह जिस तरह शॉर्ट गेंदों को खेलते हैं। पहले वह इस गेंद को खेलने के लिए तैयार रहते थे पर अब उन्होंने इसे छोड़ना भी सीख लिया है। गेंद की 'लाइन एवं लेंथ' को जल्दी से परखने की क्षमता हैड को सही स्ट्रोक खेलने का समय देती है। शास्त्री ने कहा कि ऐसा नहीं है कि हमेशा शॉर्ट गेंद पर बड़ा शॉट लगाना होता है। वह या तो इसे छोड़ने या बड़े शॉट लगाने के लिए तैयार रहते हैं और अगर गेंद मिडिल या ऑफ स्टंप है, तो वह इसे स्क्वायर के सामने भी मारते हैं। जब वह लय में होते हैं तो उन्हें रोकना कठिन हो जाता है। शास्त्री ने कहा कि वह लेंथ अच्छी तरह पकड़ लेता है। यह उनकी सबसे बड़ी ताकत है। और उनके पास ऑफसाइड के लिए, शानदार शॉट होते हैं। इसलिए उन्हें रोकना मुश्किल है। इसके साथ ही वह सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हैं। भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को ऑस्ट्रेलिया के लगभग हर बल्लेबाज के लिए कठिन रहा है पर हैड ने उनका भी सामना आसानी से किया है। शास्त्री ने कहा कि हम सभी जानते थे कि वह खतरनाक है, इसलिए उसे जल्द से जल्द रोकना जरुरी है।

## चैंपियंस ट्रॉफी में 23 फरवरी को दुबई में खेला जाएगा भारत-पाकिस्तान मुकाबला

लाहौर। अगले साल की शुरुआत में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में भारत और पाकिस्तान का मुकाबला 23 फरवरी को दुबई में खेला जाएगा। चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबान पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) हाइब्रिड मॉडल के आधार पर कर रहा है। इसके तहत ही भारत के मैच पाक से बाहर तटस्थ स्थल संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी दुबई में रखे गये हैं। पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी और यूएई के मंत्री शेख नाहयान अल मुबारक के बीच बैठक में दुबई को तटस्थ स्थल रखे जाने पर फैसला हुआ। भारतीय टीम अगर सेमीफाइनल या फाइनल में पहुंची तो भी मैच यहीं खेले जाएंगे।

इस टूर्नामेंट का पहला मुकाबला 19 फरवरी को मेजबान पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच कराची में खेला जाएगा। वहीं फाइनल 9 मार्च को लाहौर होगा। टीम इंडिया का पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश से होगा। टीम इंडिया अगर नॉकआउट के लिए क्वालीफाई करती है तो सेमीफाइनल और फाइनल भी दुबई में ही खेले जाएंगे।

इसमें भारतीय टीम का पहला मुकाबला 20 फरवरी को बांग्लादेश के साथ होगा जबकि अंतिम मुकाबला 2 मार्च को न्यूजीलैंड से होगा। दोनों सेमीफाइनल 4 और 5 मार्च व फाइनल के लिए एक रिजर्व दिन भी रखा गया है। 15 में से 5 मैच यूएई में खेले जाएंगे। 8 टीमों के बीच 15 मैच का ये टूर्नामेंट 19 फरवरी से शुरू होकर 9 मार्च तक चलेगा। इसमें भारतीय टीम अपने ग्रुप स्तर के मैच यूएई में खेलेगी। अगर भारत क्वालिफाई करता है तो यहां एक सेमीफाइनल और फाइनल भी खेला जाएगा, जबकि टूर्नामेंट के अन्य 10 मैच पाक में हो सकते हैं।

# खेल जगत में छाया रहा विनेश को अयोग्य घोषित करने का विवाद

नई दिल्ली। भारतीय खेल जगत में इस साल कई विवाद भी छाये रहे। इसमें ओलंपिक फाइनल से पहले ही महिला पहलवान वीनेश फोगाफ का अयोग्य घोषित होना रहा। इसके अलावा पहलवान बजरंग पर लगा प्रतिबंध भी छाया रहा। ओलंपिक में महिला पहलवान अंतिम पंघाल भी अपनी गलत तरीके से अपनी बहन को खेलगांव में पहुंचाने के कारण निशाने पर रहीं।

विनेश को ओलंपिक के फाइनल मुकाबले से पहले अयोग्य घोषित करने से भारतीय खेल जगत स्तब्ध हो गया। मुकाबले की सुबह उनका वजन 50 किग्रा की तय सीमा से लगभग 100 ग्राम ज्यादा पाया गया। कुश्ती की वैश्विक संस्था के अनुसार आयोग्य पहलवान को प्रतियोगिता में अंतिम स्थान पर माना जाता है। इस कारण विनेश को रजत भी नहीं मिला।

विनेश ने कोर्ट ऑफ ऑर्बिट्रेशन ऑफ स्पोर्ट्स (कैस) के सामने रजत पदक देने की अपील की थी पर कैस ने उनकी अपील ठुकरा दी।

टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक विजेता बजरंग पूनिया को नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी (नाडा) ने 4 साल के लिए निलंबित कर दिया था। बजरंग ने मार्च में आयोजित हुए राष्ट्रीय ट्रायल्स के दौरान अपना डोप सैम्पल नहीं भेजा था। इसी कारण उन पर ये बड़ी कार्रवाई की गई थी। इससे अब बजरंग न तो किसी टूर्नामेंट या ट्रायल में भाग ले पाएंगे और न ही विदेशों में किसी को कोचिंग दे पाएंगे।

### अंतिम पंघाल

पेरिस ओलंपिक में भारत की एक महिला पहलवान अंतिम पंघाल के कारण भी खेल जगह को शर्मिंदगी उठानी पड़ी। पंघाल ने फर्जी तरीके से अपने पहचान पत्र के आधार पर अपनी बहन को खेलगांव के अंदर प्रवेश दिलाने का प्रयास किया था।

सुरक्षा अधिकारियों ने अंतिम की बहन निशा पंघाल को एक्रेडिटेशन कार्ड का इस्तेमाल करते हुए पकड़ा था। इस पंघाल ने अपने जवाब में कहा था कि वह कुछ सामान खेलगांव में भूल गई थीं, जिसके लिए उन्होंने अपना एक्रिडिटेशन कार्ड बहन को दिया था।

## अश्विन के संन्यास को लेकर टीम प्रबंधन पर भड़के गावस्कर

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने दिग्गज स्पिनर आर अश्विन के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के मामले को लेकर टीम प्रबंधन को आड़े हाथों लिया है। अश्विन के संन्यास के बाद कहा था कहा था कि उनपर इसके लिए टीम प्रबंधन ने दबाव बनाया था। गावस्कर ने इसके लिए टीम प्रबंधन की कड़ी आलोचना की है। अश्विन को पर्थ टेस्ट में मौका नहीं मिला जबकि एडिलेड टेस्ट में उन्हें प्लेइंग 11 में शामिल किया गया। गावस्कर ने टीम मैनेजमेंट पर निशाना साधा है उन्होंने कहा कि विदेशी हालातों में बल्लेबाजों और गेंदबाजों के साथ अलग व्यवहार होता है, उन्होंने लिखा कि घरेलू टेस्ट में उसे बाहर करने का कोई कारण नहीं है क्योंकि प्रबंधन को पता था कि उनके बिना वह मैच नहीं जीत सकते हैं।

## हेड ने बीसीसीआई को शासक, स्मिथ ने पॉवर हाउस बताया

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के स्टार क्रिकेटर ट्रैविस हेड ने एक कार्यक्रम में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को शासक करार दिया। उनके शासक शब्द से बीसीसीआई का विश्व क्रिकेट में दबदबा नजर आता है। हेड ने ये बात एक साक्षात्कार में कही। इसमें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और भारतीय क्रिकेट के एक-एक शब्द कहने को कहा गया था।

हेड ने जिस प्रकार से बीसीसीआई को शासक कहा है। वह बीसीसीआई के अत्यधिक प्रभाव को दिखाता है। अपने विशाल वित्तीय संसाधनों, बेजोड़ प्रशंसक आधार और आईपीएल की जबरदस्त सफलता के साथ बीसीसीआई एक ऐसी स्थिति में पहुंच गया है, जहां कई लोगों का मानना ?है कि उसका आईसीसी से भी अधिक प्रभाव है।

हेड ने वहीं आईसीसी को दूसरा कहा। शब्द हालांकि सरल लग रहा है पर ये क्रिकेट की शीर्ष संस्था पर एक तंज है। जिसका मतलब है कि आईसीसी खेल के भविष्य को आकार देने में बीसीसीआई के प्रभुत्व के बाद दूसरे स्थान पर है।

वहीं मैदान पर अपने शांत और संयमित व्यवहार के लिए जाने जाने वाले स्टीव स्मिथ ने शुरुआत में हल्के-फुल्के अंदाज में बीसीसीआई को पावरहाउस कहा। हालांकि उन्होंने जल्दी ही अपने पहले जवाब को मजाक बताते हुए लीडर कहा, एक ऐसा शब्द जो विश्व क्रिकेट में बीसीसीआई की नेतृत्वकारी भूमिका को दिखाता है, खासकर वित्तीय ताकत और संगठनात्मक प्रभाव के मामले में। दूसरी ओर स्पिनर नाथन लियोन ने बीसीसीआई को बिग, बॉस, पैशनेट।

## मैकस्वीनी को शुरुआत में ही बुमराह जैसे मुश्किल गेंदबाज का सामना करना पड़ा -वॉन



मेलबर्न। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने ऑस्ट्रेलिया के युवा बल्लेबाज नाथन मैकस्वीनी के प्रति सहानुभूति जताते हुए कहा कि उन्हें करियर की शुरुआत में ही जसप्रीत बुमराह जैसे दिग्गज तेज गेंदबाज का सामना करना पड़ा है। भारतीय टीम के मुख्य तेज गेंदबाज बुमराह के खिलाफ मैकस्वीनी विफल रहे और चार बार उनका शिकार बने। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया ने चौथे टेस्ट के लिए उन्हें टीम से बाहर कर दिया है। जिसके बाद से ही ये बल्लेबाज बेहद निराश है और उसने कहा है कि मैं टूट गया हूं। अब मेलबर्न और सिडनी टेस्ट के लिए उनकी जगह युवा बल्लेबाज सैम कोन्स्टास को अवसर मिला है। वॉन ने कहा, 'मैकस्वीनी की बात करूं तो मुझे नहीं लगता कि ऐसा कोई खिलाड़ी है जिसे करियर की शुरुआत में इतने कठिन गेंदबाज का सामना करना पड़ा हो। पिछले एक दशक में मैंने जितने भी खिलाड़ियों को टेस्ट क्रिकेट में आते देखा है, मुझे नहीं लगता कि किसी को भी इससे कठिन चुनौती मिली है।

मैकस्वीनी ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट में पदार्पण किया था पर वह पारी की शुरुआत करते हुए छह पारियों में 10, शून्य, 39, 10 नाबाद, नौ और चार रन ही बना पाये। वॉन ने कहा, 'उसे बुमराह के खिलाफ कठिन हालातों में खेलना पड़ा। पर्थ टेस्ट में गेंद काफी स्विंग हो रही थी। एडिलेड में दूसरे टेस्ट में गुलाबी गेंद और फिर ब्रिस्बेन में भी हालात बल्लेबाजी के लिए कठिन थे। वॉन को उम्मीद थी कि मैकस्वीनी को मेलबर्न में बॉक्सिंग डे टेस्ट के लिए टीम में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा, 'मैंने सोचा था कि वे मेलबर्न टेस्ट में मैकस्वीनी को बरकरार रखेंगे और अगर वह फिर से विफल रहे, तो वे सिडनी में अपने घरेलू टेस्ट के लिए, कोन्स्टास को लाएंगे। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि टीम से बाहर होना मैकस्वीनी के लिए अच्छा साबित हो सकता है क्योंकि वह नैसर्गिक सलामी बल्लेबाज नहीं हैं। वह लंबे समय तक बाहर नहीं रहेगा और आने वाले समय में ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम में शामिल होगा।

## बॉक्सिंग डे टेस्ट में शुभमन पर बेहतर प्रदर्शन का दबाव रहेगा

मेलबर्न। भारतीय क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज शुभमन गिल की नजरें यहां एमसीजी मैदान पर 26 दिसंबर बॉक्सिंग डे पर शुरु हो रही चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच में बेहतर प्रदर्शन पर रहेंगी। शुभमन अब तक इस सीरीज में एक बार भी बड़ा स्कोर नहीं बना पाये हैं। एशियाई देशों के बाहर अब तक उनका रिकार्ड अच्छा नहीं रहा है जिससे भी वह बेहतर करना चाहेंगे। साल 2022 के बाद से ही एशिया के बाहर उनका प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा है। शुभमन ने साल 2021 ब्रिसबेन टेस्ट के बाद से ही 16 पारियों में 17.80 की औसत से 267 रन बनाए हैं। साल 2021 में गिल ने 146 गेंदों में 91 रन की दमदार पारी खेली थी लेकिन उसके बाद से ही उनका बल्ला खामोश है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज में शुभमन तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी कर रहे हैं लेकिन तीन पारियों में वह उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं। पर्थ में खेला गया पहला टेस्ट गिल ने नहीं खेला था। लेकिन दूसरे टेस्ट में वह अंतिम ग्यारह का हिस्सा थे और सिर्फ 59 रन ही बना सके। पहली पारी में 31 और दूसरी पारी में उन्होंने 28 रन ही बनाए। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। सीरीज के शुरुआती तीन मैच खेले जा चुके हैं। पर्थ में खेला गया पहला टेस्ट भारत ने जीता जबकि उसके बाद एडिलेड टेस्ट में उसे हार झेलनी पड़ी तो गाबा टेस्ट ड्रॉ रहा। वहीं भारतीय बल्लेबाज इस सीरीज में अभी तक विफल रहे हैं। शुभमन की खराब फॉर्म भी टीम के लिए चिंता का विषय बन गई है। आने वाले समय को देखते हुए भारतीय क्रिकेट को शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल जैसे युवा खिलाड़ियों से ही उम्मीदें रहेंगी।

## पाकिस्तान ने तीसरे एकदिवसीस को जीतने के साथ ही दक्षिण अफ्रीका को सीरीज में 3-0 से हराया

# अयूब ने लगाया शतक, मुकीम ने 4 विकेट लिए





जोहान्सबर्ग। युवा बल्लेबाज सैम अयूब के शानदार शतक 101 और बाबर आजम के अर्धशतक 52 रनों की सहायता से पाकिस्तान ने मेजबान टीम दक्षिण अफ्रीका को तीसरे एकदिवसीय में 36 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ पाक टीम ने 3 मैचों की सीरीज को 3-0 से जीत लिया है। ऐसा पहली बार हुआ है जब पाकिस्तान की टीम दक्षिण अफ्रीका की धरती पर सभी मैच जीतने में सफल रही है।

बारिश से बाधित इस मैच को 47 ओवरों का कर दिया गया। इस मैच में मेजबान टीम ने टॉस जीतकर पाक को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया और उसका ये फैसला गलत साबित हुआ। पाक ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 47 ओवर में 9 विकेट पर 308 रनों का विशाल स्कोर बनाया। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 42 ओवर में 271 रनों पर ही सिमट गयी। पाक की ओर से सुफियान मुकीम ने 4 विकेट जबकि शाहीन शाह अफरीदी और नसीम शाह ने 2-2 विकेट लिए। पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही। टीम ने एक रन के स्कोर पर ही अब्दुल्लाह शफीक का विकेट गंवाया। ऐसे में ओपनर अयूब ने अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम के साथ मिलकर पारी संभाली और टीम को 100 रनों से ऊपर पहुंचाया। कप्तान मोहम्मद रिजवान ने 53, तयुब ताहिर ने 28 रन की पारियां खेलकर टीम को 308 रन के स्कोर तक पहुंचा दिया।वहीं दक्षिण अफ्रीका की ओर से कगिसो रबाडा ने 3 विकेट लिए। मार्को यानसन और ब्योर्न फोर्टुइन ने 2-2 विकेट लिए। क्वेन मफाका और कॉर्बिन बॉश को एक-एक विकेट मिला। मेजबान टीमी की ओर से 308 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए शीर्ष बल्लेबाज विफल रहे। इसके बाद हेनरिक क्लासेन ने मार्को यानसन के साथ अर्धशतकीय साझेदारी बनायी। 81 रन की पारी खेलने वाले हेनरिक क्लासन ने छठे विकेट के लिए यानसन के साथ 71 रनों की साझेदारी की पर इससे जीत नहीं मिल सकती थी।

## रोहित शर्मा ठीक, मेलबर्न टेस्ट में खेलेंगे - आकाशदीप



मेलबर्न। भारतीय क्रिकेट टीम के युवा तेज गेंदबाज आकाशदीप ने कहा है कि कप्तान रोहित शर्मा ठीक हैं और 26 दिसंबर से यहां होने वाले चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच में खेलेंगे। इससे पहले रविवार को अभ्यास के दौरान रोहित के अलावा बल्लेबाज केएल राहुल और स्वयं आकाशदीप को भी चोट लगी थी पर उन्होंने मीडिया से बात करने के दौरान कहा कि इस प्रकार की चोट लगती रहती हैं और ये भी खेल का एक हिस्सा है। इसमें चिन्ता की कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा, जब आप क्रिकेट खेलते हैं तो ऐसी चोटें तो लगती रहती हैं। मुझे लगता है ये अभ्यास विकेट सफेद गेंद के लिए थी, यही वजह थी कि कई बार गेंद नीचे रह रही थी। लेकिन ये सब अभ्यास सत्र में सामान्य बात है, किसी भी तरह की कोई गंभीर समस्या नहीं है।

रोहित को रविवार को अभ्यास के दौरान घुटने में गेंद लगी थी जिसके बाद वह आइस पैक लगाकर बैठे दिखे थे। रोहित और राहुल के अलावा अभ्यास सत्र में यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली और शुभमन गिल भी नई गेंद से अभ्यास करते दिखे। रोहित स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ अभ्यास कर रहे थे, जहां वह पुल शॉट खेलने के प्रयास में चोटिल हो गये। अभ्यास सत्र खत्म होने तक रोहित ठीक नजर आ रहे थे और वह आराम से कोच और टीम के साथियों के साथ बात करते हुए चल रहे थे।

वहीं राहुल को दाहिने हाथ पर और आकाश दीप को भी बल्लेबाजी के दौरान हाथ में चोट लगी थी। लेकिन मीडिया से बात करने के बाद उन्होंने इस चोट को मामूली करार दिया। इसके अलावा रोहित की चोट के बारे में अपडेट देते हुए आकाश दीप ने कहा, मुझे नहीं लगता यह ज्यादा मायने रखता है, वह ठीक हैं। वह मेलबर्न टेस्ट में खेलते हुए नजर आएंगे। चिंता की कोई बात नहीं है।


कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक 1 बालाघाट (म.प्र.)

निविदा आमंत्रण-सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 18/ व0ले0लि0/2024-25 बालाघाट, दिनांक 19.12.2024

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइटwww.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| सं क्र. | टेण्डर क्रं0 | जिला | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | कार्य की अनुमानित राशि (राशि लाख में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2024_PWDRB_389680 | बालाघाट | 1.भानपुर खुटिया कंटगी मार्ग लंबाई - 2.60 कि0मी0 का बी0टी0 निर्माण कार्य । 2. घेडगाटोला रौशना मार्ग लंबाई 1.00 किमी. का निर्माण कार्य । (लागत एवं जोखिम पर) | प्रथम आमंत्रण | 113.22 | 113220.00 | 12500.00 | 03 माह वर्षाऋतु सहित |
| 2 | 2024_PWDRB_389681 | बालाघाट | बालाघाट शहर के आंतरिक मार्ग (डेंजर रोड) का शेष कार्य लंबाई - 3.20 किमी. । (लागत एवं जोखिम पर) | प्रथम आमंत्रण | 96.96 | 96960.00 | 10000.00 | 03 माह वर्षाऋतु सहित |
| 3 | 2024_PWDRB_389682 | बालाघाट | बघोली से सरेखा मार्ग का शेष कार्य । लंबाई 1.00 कि.मी. । (लागत एवं जोखिम पर) | प्रथम आमंत्रण | 57.33 | 57330.00 | 10000.00 | 03 माह वर्षाऋतु सहित |
| 4 | 2024_PWDRB_389683 | बालाघाट | मंगोली खुर्द से मोहगांव मार्ग का शेष कार्य। लंबाई 1.35 किमी. । (लागत एवं जोखिम पर) | प्रथम आमंत्रण | 56.40 | 56400.00 | 10000.00 | 03 माह वर्षाऋतु सहित |
| | | | | कुल योग | 323.91 | | | |

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र आनलाईन क्रय करने एवं आनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 06/01/2025 (17.30) बजे निर्धारित है। निविदा की धरोहर राशि (EMD) एवं निविदा तथा अन्य सभी आवश्यक दस्तावेज आनलाईन ही जमा किये जायेंगें । विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है।

जी-20697/24

कार्यपालन यंत्री,
लोक निर्माण विभाग
संभाग क्रमांक 1 बालाघाट

स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता।

# 4 दिसम्बर से पूर्व जो दिंव्यांग थे लेकिन प्रमाण नहीं, 20 दिसम्बर आते आते मिला प्रमाण भी

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। जिला प्रशासन ने मात्र 16 दिनों में 10 शिविरों के माध्यम से जिले के ऐसे दिव्यांगजन जो दिंव्यांग तो थे लेकिन न तो किसी लिस्ट में थे ना ही उनके पास कोई प्रमाण था। ऐसे 4448 दिव्यांगों पर फोकस किया। अब स्थिति यह है कि प्रशासन ने 30 दिसम्बर तक 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले जरूरतमंदों को न सिर्फ दिव्यांग प्रमाण पत्र व यूडीआईडी कार्ड देने की स्थिति में है, बल्कि फरवरी तक उनकी आवश्यकता के अनुसार सहायक यंत्र भी उपलब्ध कराने की स्थिति में है। कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देशन में दिव्यांजनो को सहायक जीवन उपकरण सेच्युरेशन की योजना बनाई गईं। क्योंकि नवम्बर माह में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वे कराया गया था। जिसमें दिव्यांजनो का डेटा निकला कि 4448 ऐसे दिंव्यांग है जो दिव्यांग है लेकिन उनके पास




कोई प्रमाण नही है ऐसी स्थिति में उनके पास न तो आवश्यक उपकरण है और न ही दिव्यंगता के कारण किसी योजना का लाभ ले पा रहे है। ऐसे दिव्यांजनो को चिन्हित करने के लिए जनकल्याण अभियान में जरूरतमंदों को वास्तविक लाभ दिलाने के लिए कदम 4 दिसम्बर से उठाया गया। अब 23 दिमसबर की स्थिति में प्रशासन ने 10 जनपदों में 10 शिविरों के माध्यम से 2200 दिव्यांगों को वास्तविक रूप से चिन्हित कर लिया गया है। अबइन्हें 30 दिसम्बर तक दिव्यांग प्रमाण पत्र निश्चित तौर पर बांट दिया जाएगा। हालांकि प्रमाण पत्र बांटने का कार्य प्रारंभ भी हो चुका है। साथ ही योजनानुसार फरवरी 2025 तक सभी को सहायक जीवन उपकरण भी प्रदान कर दिया जाएगा।

### 6-6 विशेषज्ञ डॉक्टरों और 5-5 सहयोगीयों ने परखी थी नाड़ी और अस्थियों का जोर

योजनानुसार जिले के सभी विकासखंडों में शिविर आयोजित करने के लिए एक शेड्यूल तैयार किया गया। ऐसा शेड्यूल तैयार किया गया कि जिसमें जिले के विशेषज्ञ डॉक्टर गंभीरता से दिव्यंगता परख सकें। प्रत्येक शिविर में अस्थिरोग, नेत्र रोग, मनोरोग, ईएनटी, मेडिकल विशेषज्ञ के अलावा शिशुरोग विशेषज्ञ डॉक्टरो के साथ ही 5-5 तकनीकी सहायकों को भी शामिल किया गया। विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा जांचने में बाद प्रशासन द्वारा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले दिव्यांगों को 30 दिसम्बर तक सभी को दिव्यांग प्रमाण पत्र व यूडीआईडी कार्ड प्रदान करने की दिशा में बढ़ रहा है।

### अब उपकरणों के साथ ही दिव्यांगजन का अधिकार दिया जाएगा

प्रशासन द्वारा दिव्यांगजनो को सेच्युरेट करने की पूरी तैयारी कर लिए गई है। इसमें चरणवार कार्य किया जा रहा है। अब चिकित्सको द्वारा चिन्हांकन के पश्चात 4 जनवरी से 13 जनवरी तज एलिम्को की टीम को बुलाकर सत्यापन योजना बनाई गई है। जिसमें चिन्हांकित दिव्यांगों के लिए आवश्यक सहायक जीवन उपकरण बनाये जाएंगे। इसके बाद फरवरी तक सभी को उपकरण प्रदान किये जायेंगे। साथ ही उनकी दिव्यांगता के अनुसार दिव्यांजन अधिकारअधिनियम 2016 के अनुरूप योजनाओँ का लाभ देने की दिशा में कार्य प्रचलित है।

## परसवाड़ा महाविद्यालय में बनाये गए 55 लर्निंग लायसेंस

### परिवहन विभाग ने अब तक बनाये कुल 425 लायसेंस

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। जनकल्याण अभियान अंतर्गत परसवाड़ा महाविद्यालय में ड्राइविंग लायसेंस बनाने के लिये सोमवार से बुधवार तक 03 दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किया गया है। जिसमे शिविर के प्रथम दिन सोमवार को 55 लर्निंग ड्रायविंग लायसेंस बनाये गए। जिला परिवहन अधिकारी अनिमेष गढ़पाल ने बताया कि जिले के महाविद्यालयों में ड्रायविंग लायसेंस बनाने का कार्य लगातार जारी रहेगा। परसवाड़ा महाविद्याय में सोमवार को 55 छात्र व छात्राओ के लाइसेंस बनाये गए है। श्री गढ़पाले ने बताया कि परसवाड़ा महाविद्यालय में ार को भी शिविर आयोजित कर लर्निंग लायसेंस बनाये जाएंगे। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि जिला परिवहन विभाग द्वारा अब तक कटंगी, लांजी और परसवाड़ा तथा जटाशंकर महाविद्यालय में आयोजित किये गए शिविरों के माध्यम से 425 विद्यार्थियों के लर्निंग लायसेंस बनाये गए है। उन्होंने बताया कि अभी सभी महाविद्यालयों से चर्चा कर शेड्यूल बनाया जा रहा है। जिन महाविद्यालयों में अभी परीक्षाएं नही है वहां आयोजित किये जा रहे है। अभियान में जिले के सभी महाविद्यालयों में 26 जनवरी तक शिविर आयोजित होंगे। लड़कियों के लिए लाइसेंस नि:शुल्क तथा लड़को के लिए 274 रुपये के शुल्क के साथ

## बोधगया की पैदल यात्रा पर निकला महकेपार का युवक

कटंगी(पद्मेश न्यूज)। बौद्ध धर्म का प्रचार प्रसार और मानव मानव में मैत्री भाव जागृत करने के मकसद से तिरोड़ी तहसील के पठार आंचल की ग्राम पंचायत महकेपार का युवक ईक्षांत बागड़े तथागत गौतम बुद्ध की ज्ञानोदय भूमि बोधगया की पैदल यात्रा पर निकाला है। रविवार को यह युवक महकेपार से अपने हाथ में पंचशील ध्वज लिए यात्रा के लिए रवाना हुआ। जिसने रात्रि में पौनियां के बौद्ध विहार में विश्राम किया। वही आज सोमवार की सुबह 8 बजे पुन: यात्रा प्रारंभ की जो दोपहर 12 बजे कटंगी पहुंचा। कटंगी पहुंचने पर जिला बौद्ध संघ जिला अध्यक्ष अधिवक्ता संजय खोबरागढ़े और अन्य बौद्ध अनुयायियों ने युवक का स्वागत सत्कार किया। संजय खोबरागढ़े ने तमाम बौद्ध उपासक उपासिकाओं से गांव-गांव में युवक का स्वागत सत्कार करने की अपील



की साथ ही इस यात्रा में निकले ईक्षांत बागड़े का हौसला अफजाई करने की भी अपील की है। ईक्षांत करीब 800 किलोमीटर की यात्रा कर बोधगया पहुंचेंगे। ईक्षांत ने कहा कि बुद्ध ने कहा था कि जीवन में संतुलन ही मध्यम मार्ग पर चलना है। अनुभव होगा तो श्रद्धा होगी, अनुभव होगा तो आस्था होगी. बुद्ध ने कहा था कि सोचना, विचारना, जीना तुम्हारे अनुभव की कसौटी पर सही हो जाये तो ही सही है। हमारी वाणी समय खुली चाहिए उचित होनी चाहिए योग्य होनी चाहिए। तथागत गौतम बुद्ध के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए वह इस यात्रा पर निकले हैं। उन्हें यहां उम्मीद है कि इस यात्रा के जरिए वह अपने मकसद में कामयाब होंगे।

## अखिल भारतीय गढ़वाल समाज युवा प्रकोष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने संजू वराड़े

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। अखिल भारतीय गढ़वाल समाज महासभा का राष्टीय बैठक रविवार को राष्टीय अध्यक्ष रविन्द्र नागेश्वर की अध्यक्षता और पदाधिकारियों की प्रमुख उपस्थिति में स्थानीय लोधी छात्रावास भटेरा चौकी संपन्न हुई। जहां समाज के सर्वांगीण विकास, उत्थान, कल्याण, शिक्षा, स्वरोजगार और छात्रावास निर्माण को लेकर सारगर्भित चर्चा हुई। वहीं महासभा को विस्तार देते हुए अखिल भारतीय गढ़वाल समाज महासभा युवा प्रकोष्ठ राष्टीय अध्यक्ष राहुल शिववंशी की अनुशंसा से जिले के ऊर्जावान, सहज-सरल, सामाजिक कार्यकर्ता शैलेन्द्र 'संजू' वराडे को अखिल भारतीय गढ़वाल समाज महासभा युवा प्रकोष्ठ राष्टीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संजू वराडे के अखिल भारतीय गढ़वाल समाज महासभा के राष्टीय उपाध्यक्ष बनने पर शुभचिंतकों, ईस्ट मित्रों, सामाजिक जनों ने उनके उज्जवल कार्यकाल की शुभकामनाएं देते हुए हर्ष बधाई प्रेषित की।



### गर्व और गौरव का विषय- संजू वरांडे

दायित्व मिलते ही नव नियुक्त अखिल भारतीय गढ़वाल समाज महासभा युवा प्रकोष्ठ राष्टीय उपाध्यक्ष संजू वराडे ने कहा मुझ जैसे एक सामान्य कार्यकर्ता को समाज में राष्टीय उपाध्यक्ष जैसी महती जिम्मेदारी सौपना, मेरे लिए गर्व और गौरव का विषय है। मैं इस दायित्व को समाज के हित में निर्वहन करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ूंगा।

## भारत के 12.40 लाख आंदोलन की राह पर

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। कोविड-19 महामारी के दौरान घर-घर दवाइयां पहुंचाने की विशेष अनुमति, जिसका अवैध ऑनलाइन प्लेटफॉर्म द्वारा दुरुपयोग किया जा रहा है, जन स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा कर रही है, को तुरंत वापस लिया जाना चाहिए, एआईओसीडी ने केंद्र सरकार सेआग्रह किया। ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्टस एवं ड्रगिस्टस (एआईओसीडी), जो पूरे भारत में सभी 12.40 लाख केमिस्ट एवं वितरकों का प्रतिनिधित्व करता है, ने तीसरी बार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याणमंत्रालयके सचिव को पत्र लिखकर कोविड-19 महामारी के दौरान जारी अधिसूचना जीएसआर 220 (ई) को रद्द करने की अपील की है। यह अधिसूचना जीएसआर 220 (ई) कोविड महामारी के दौरानमार्च 2020 में प्रकाशित की गई थी, जिसमें दवाओं के निर्माण, बिक्रीऔर वितरण को विनियमित करने के लिए औषधि अधिनियम की धारा 26बी के तहत कुछ शर्तों के साथ आवाजाही पर प्रतिबंध लगाया गया था, और इसके तहत घर-घर दवाइयों की आपूर्ति की अनुमति दी गई थी और कुछ नियमों, जैसे दवाओं की बिक्री के लिए प्रिस्क्रिप्शन पर मुहर लगाने की आवश्यकता (नियम 65) को अस्थायी रूप से केवल विशेष परिस्थितियों के रूप में अलग रखा गया। अध्यक्ष जे एस शिंदे और महासचिव राजीव सिंघल ने कहा किइस अधिसूचना का मुख्य उद्देश्य स्थानीय दवा विक्रेताओं के माध्यमसे आपातकालीन स्थितियों में दवाओं की डिलीवरी करना था, लेकिनअब स्विगी और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्मस द्वारा आवश्यक नियामकसुरक्षा उपायों का पालन किए बिना घर पर दवाएं पहुंचाने के लिए इसका दुरुपयोग किया जा रहा है ये सभी अवैधप्लेटफॉर्म बिना किसीवैध प्रिस्क्रिप्शनके दवाएं विक्रय कर रहे हैं, जिससे स्वचिकित्सा, नशीली दवाओं का दुरुपयोग और रोगाणुरोधी प्रतिरोध ( एएमआर) जैसी गंभीर समस्याएं दिन प्रतिदिन बढ़ रही हैं। ऐसे सभी अवैधप्लेटफॉर्म मरीजों की सुरक्षा को नजरअंदाज करके केवल अपने मुनाफे पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।.्ढ्ढह्लष्ठ ने कहा है कि इस अधिसूचना का मूल उद्देश्य विशिष्ट परिस्थितियों में वैध लाइसेंस प्राप्त नजदीकी दवा विक्रेताओं के लिए दवाओं की डिलीवरी करना था - न कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के द्वारा महत्वपूर्ण सुरक्षा उपायों को दरकिनार करना। ये सभीऑनलाइन प्लेटफॉर्म अपनी सुविधा के लिए दवा वितरणके नियमों की अनदेखी कर रहे हैं, जिसकाआम जनता के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। एआईओसीडी की मांग है कि अब देश में महामारी का आपातकालीन चरण अब समाप्त होचुका है और में सामान्य स्थिति लौट आई है, इसलिए यह अधिसूचना अब प्रासंगिक नहीं है और इसे तत्काल वापस लिया जाना चाहिए। दवाओं की बिक्री और वितरण के लिए प्रिस्क्रिप्शन और अन्य सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। देश में दवाओं की अवैध ऑनलाइन बिक्री को तत्काल प्रभाव से रोका जाना चाहिए ताकि दवाओं की अनियमित बिक्री को रोका जा सके। एआईओसीडी का मानना है कि जन स्वास्थ्य और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए सरकार का कदम जरूरी है। अगर सरकार इस हेतु सकारात्मक कार्रवाई नहीं करती है तोएआईओसीडी अपने सभी 12.40 लाख सदस्यों के साथ आंदोलन करने को मजबूर होगी।

## शिविरों में प्राप्त आवेदनों का निराकरण शीघ्रता के साथ करें- कलेक्टर श्री मीना

### कटंगी के कामठी में आयोजित हुए जनकल्याण शिविर में 49 नागरिको को मिली खसरा खतौनी

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। कलेक्टर मृणाल मीना की अध्यक्षता में आयोजित हुई समायवधि पत्रों की समीक्षा बैठक में जनकल्याण अभियान के तहत आयोजित हो रहें आवेदनो के निराकरण की समीक्षा की गई। कलेक्टर मीना ने विभाग वार अब तक शिविरों में प्राप्त हुए आवेदनो के



सम्बंध में कहा कि आवेदनो का निराकरण शीघ्रता के साथ किया जाए। उन्होंने अब तक लंबित आवेदनो के विभागों से विस्तार से जानकारी ली गई। साथ ही सोमवार को आयोजित हो रहें, शिविरों के सम्बंध में जाना। सोमवार को 38 ग्राम पंचायतों तथा निकायों के 5 वार्डो में शिविर आयोजित किये गए है। कटंगी के कामठी में आयोजित हुए शिविर के सम्बंध में एसडीएम मधुवंत राव धुर्वे ने बताया कि शिविर के दौरान 49 खसरा नकल हाथोंहाथ प्रदान की गई। साथ ही अविवादित नामान्तरण, बंटवारा और सीमांकन के लिए प्राप्त हुए आवेदन पर तत्काल संज्ञान लेकर कार्यवाही प्रारम्भ की गईं। टीएल बैठक में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर जीएस धुर्वे, एसडीएम गोपाल सोनी व विभागों के जिला अधिकारी मौजूद रहें।

## नंदलेसरा धान उपार्जन केंद्र में मनाया गया राष्ट्रीय किसान दिवस

कटंगी(पद्मेश न्यूज)। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जन्म जयंती के मौके पर कटंगी क्षेत्र के नंदलेसरा धान उपार्जन केंद्र में किसान गर्जना संगठन के द्वारा राष्ट्रीय किसान दिवस मनाया गया। ब्लॉक अध्यक्ष भरत लाल बिसेन के नेतृत्व में तमाम किसान भाई सोमवार को नंदलेसरा उपार्जन केंद्र में एकत्रित हुए. जहां सभी किसानों ने सर्वप्रथम बलराम भगवान और प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की छायाचित्र के समक्ष पूजा अर्चना किया. इसके बाद जय जवान जय किसान के नारे लगाए और किसानों की स्थिति पर चिंता जाहिर की। बता दें कि हर साल 23 दिसंबर को राष्ट्रीय किसान दिवस मनाया जाता है। यह दिन पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती के रूप में मनाया जाता



है, जिन्होंने अपना पूरा जीवन किसानों के कल्याण के लिए समर्पित किया। इस उत्सव के पीछे मुख्य उद्देश्य किसानों के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान को मान्यता देना और उनके कल्याण के लिए जागरूकता फैलाना है। भारत रत्न चौधरी चरण सिंह का जन्म 1902 में उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के नूरपुर गांव में हुआ था। किसान परिवार में जन्मे चरण सिंह ने भारत की आजादी की लड़ाई में भाग लिया और इसके बाद भी वह लगातार किसानों के मुद्दों के लिए सक्रिय रहे। उनके कार्यों और नीतियों ने उन्हें किसानों के मसीहा के रूप में स्थापित किया। पहली बार चरण सिंह 1967 में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे। इससे पहले उन्होंने मंत्री रहते हुए कई विभागों को संभाला था। चरण सिंह एक बार फिर 1970 में यूपी के मुख्यमंत्री बने थे।

## जज ने महिला वकील से कहा, नकाब हटाकर चेहरा दिखाए, महिला वकील ने किया मना, सुनवाई टली

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाईकोर्ट ने पिछले दिनों ऐसी मुस्लिम महिला वकील की बात सुनने से इंकार किया, जिसने सुनवाई के दौरान अपना चेहरा ढका हुआ था। सुनवाई के दौरान जज ने महिला से नकाब हटाकर चेहरा दिखाने को कहा था, कथित वकील ने चेहरा दिखाने से मना कर दिया। इसके बाद जज ने मामले की सुनवाई करने से इंकार किया और हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल से रिपोर्ट मांगी कि क्या किसी महिला वकील को चेहरा ढककर किसी मामले की पैरवी करने की अनुमति है।

रिपोर्ट के मुताबिक, हाई कोर्ट की जस्टिस मोक्ष खजूरिया काजमी ने अपने आदेश में कहा कि बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) द्वारा निर्धारित नियमों में से किहीं उल्लेख नहीं है, जिसके तहत कोई भी महिला चेहरे पर नकाब लगाकर या बुर्का पहनकर अदालत में मामले की पैरवी कर सकें। कोर्ट ने कहा कि बीसीआई की नियमावली के अध्याय में महिला अधिवक्ताओं के लिए अनुमत ड्रेस कोड का विवरण है। कोर्ट ने कहा, इन नियमों में कहीं भी यह नहीं कहा गया है कि इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने के लिए इस तरह की कोई पोशाक स्वीकार्य है। दरअसल, 27 नवंबर को हाई कोर्ट में कथित तौर पर एक महिला वकील पेश हुई थीं, महिला वकील ने अपना नाम सैयद एनैन कादरी बताया था और घरेलू हिंसा से जुड़े मामले में याचिकाकर्ता की तरफ से पेश होकर मामले को रद्द करने की मांग की। इस दौरान वह कोर्ट रूम में वकील की ड्रेस में थीं लेकिन अपने चेहरे को ढक रखा था। तब जस्टिस राहुल भारती मामले की सुनवाई कर रहे थे। जस्टिस भारती ने तब उस महिला वकील से चेहरे पर से नकाब हटाने को कहा लेकिन कादरी ने मना कर दिया। महिला वकील ने जोर देकर कहा कि चेहरा ढकना उसका मौलिक अधिकार है और कोर्ट उससे जबरन ऐसा करने को नहीं कह सकता। इसके बाद जस्टिस भारती ने अर्जी पर सुनवाई करने से इंकार कर कहा कि मामले में पैरवी के लिए पेश हुई महिला को वकील के तौर पर ना विचार कर सकते हैं और न ही नियमों के मुताबिक स्वीकार्य कर सकते हैं क्योंकि चेहरा ढके होने की स्थिति में यह तय नहीं हो सका कि वह महिला कौन है या उसकी पहचान क्या है।

## बाबा साहेब को अपमानित करने वाली कांग्रेस का काला चिट्ठा जनता के सामने लाएंगें - रविशंकर प्रसाद

नई दिल्ली। बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर के सम्मान के नाम पर पिछले कुछ दिनों से राजनीतिक संग्राम मचा हुआ है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के संसद में दिए भाषण के एक हिस्से को लेकर कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, बसपा और सपा सहित कई राजनीतिक दल आक्रामक हैं। विरोधी दल के नेताओं को कहना हैं कि केंद्रीय मंत्री शाह को माफी मांग लेनी चाहिए। दिल्ली विधानसभा चुनाव को देखकर आप ने बाबा साहेब के अपमान को चुनावी अभियान का ही हिस्सा बना लिया है। उसके नेता और कार्यकर्ता दलित बस्तियों में जाकर भाजपा के खिलाफ प्रचार कर रहे हैं और उस पर आंबेडकर के अपमान का आरोप लगा रहे हैं। वहीं कांग्रेस का कहना है कि वह देश भर में कार्यक्रम करेगी। इस बीच भाजपा ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है।

भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि हम कांग्रेस का काला चिट्ठा जनता के सामने रखने वाले है। केंद्रीय मंत्री प्रसाद ने कहा कि आंबेडकर का सबसे ज्यादा अपमान, तब कांग्रेस ने ही किया था। जवाहर लाल नेहरू ने उन्हें चुनाव में हरवा दिया था और उनके खिलाफ प्रचार करने भी उतरे थे। उन्होंने कहा कि 1952 के चुनाव में मुंबई उत्तर मध्य सीट से आंबेडकर हार गए थे और उनके मुकाबले नारायण सदोबा काजरोलकर को जीत मिली थी। इस चुनाव में नेहरू ने खूब कैंपेन किया था और आंबेडकर के खिलाफ प्रचार किया था। यही नहीं इन्हीं काजरोलकर को कांग्रेस की सरकार ने 1970 में पद्म भूषण जैसा देश का तीसरा सबसे बड़ा सम्मान दिया था।

भाजपा नेता प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस का नेतृत्व करने वाला पूरा नेहरू-गांधी परिवार अपने लिए भारत रत्न लेता रहा। लेकिन आंबेडकर को सम्मान नहीं दिया गया। उलटा उन्हें चुनाव हराने वाले काजरोलकर को पद्म भूषण दे दिया।

## अखिलेश का योगी सरकार पर हमला, यूपी अब ईज ऑफ डूइंग क्राइम में नंबर-वन

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने योगी सरकार पर कानून व्यवस्था को लेकर बड़ा हमला बोला। अखिलेश ने कहा कि यूपी अब ईज ऑफ डूइंग क्राइम में नंबर-वन बन गया है। सपा प्रमुख ने लखनऊ और सहारनपुर के बैंकों में हुई चोरी और लूट की घटनाओं का जिक्र कर कहा कि उप्र अब इज ऑफ डूइंग क्राइम में हुआ नंबर एक। अखिलेश ने चिनहट इलाके में एक बैंक में बड़े पैमाने पर लॉकरों को काटकर हुई चोरी की तस्वीर साझा कर कहा कि आज का एपिसोड.. लखनऊ का ओवरसीज बैंक, जहां लॉकर काटकर बहुमूल्य संपदा चोरी हुई। रविवार को सहारनपुर में बैंक लुटा था। अखिलेश ने पोस्ट में चोरी का सहारनपुर का वीडियो साझा किया। लखनऊ में इंडियन ओवरसीज बैंक की चिनहट शाखा में करीब 30 लॉकर टूटे हुए पाए गए और उनमें से सामान गायब था। चोरी लखनऊ के मटियारी स्थित शाखा में हुई।

## बर्खास्त ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर को नहीं मिली राहत

### दिल्ली हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत याचिका खारिज

नई दिल्ली। ट्रायल कोर्ट के आदेश के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट पहुंची बर्खास्त ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर को यहां भी झटका लगा है। दिल्ली हाईकोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी है। दरअसल, ट्रायल कोर्ट ने पूजा खेडकर को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद पूजा ने कोर्ट के आदेश को दिल्ली उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। अगस्त में यहां से पूजा को अंतरिम संरक्षण मिला था।

सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता का आचरण समाज में वंचित समूहों के लिए योजना का लाभ उठाने के उद्देश्य से प्रेरित है। जांच से पता चलता है कि वह वंचित समूहों के लिए लाभ के लिए नहीं है। यदि वह इनका लाभ उठा रही है। लग्जरी कारों के मालिक होने के अलावा, उसके माता-पिता प्रभावशाली हैं। यह संभव है कि उसके माता-पिता याचिकाकर्ता के प्रस्तुत प्रमाण हासिल कर सकते हैं।

## बिहार में नीतीश कुमार ही होंगे मुख्यमंत्री पद का चेहरा

पटना। बिहार भाजपा ने नीतीश कुमार की अगुवाई में ही बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने का फैसला किया है। भाजपा ने विधानसभा चुनाव से पहले नीतीश कुमार के नाम पर ही ठप्पा लगा दिया है। वर्तमान में नीतीश कुमार 'मिशन बिहार पर निकल चुके हैं। नीतीश कुमार सोमवार को 'प्रगति यात्रा के पहले चरण की शुरुआत पश्चिम चंपारण से कर चुके हैं।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी यात्रा की शुरुआत बेतिया के वाल्मीकि नगर के घोटवा टोला से की। मुख्यमंत्री इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में गए और लोगों की राय भी ली। अपनी यात्रा के दौरान सीएम कुमार ने करोड़ों की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन भी किया। इस यात्रा के जरिए नीतीश कुमार महिलाओं से संवाद कर रहे हैं। उनकी समस्याओं को समझ रहे हैं और निवारण के लिए अधिकारियों को निर्देश भी दे रहे हैं। यात्रा के पहले चरण में मुख्यमंत्री 23 से 28 दिसंबर तक छह जिलों में जाएंगे। कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री नीतीश 24 दिसंबर को पूर्वी चंपारण, 26 को शिवहर-सीतामढ़ी, 27 को मुजफ्फरपुर और 28 दिसंबर को वैशाली का दौरा करेंगे। दरअसल अमित शाह ने पिछले दिनों एक कार्यक्रम में कहा था कि बिहार में अगला चुनाव किसके चेहरे पर लड़ा जाएगा, इसका फैसला बीजेपी और जेडीयू की बैठक में लिया जाएगा। यह खबर बिहार



पहुंची तो वहां राजनीतिक गलियारे में हलचल होने लगी।बैठकों का दौर चलने लगा। इन बैठकों के बाद कहा गया कि अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार ही एनडीए का चेहरा होंगे और मुख्यमंत्री भी वही बनेंगे। बिहार में एनडीए के नेतृत्व को लेकर सवाल इसलिए भी उठाए जा रहे हैं, क्योंकि इससे पहले महाराष्ट्र में महायुति ने शिवसेना के एकनाथ शिंदे के चेहरे पर चुनाव लड़ा। लेकिन चुनाव परिणाम आने के बाद सीएम बने बीजेपी के देवेंद्र फडणवीस। बिहार के उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता सम्राट चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) अगले साल बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विधानसभा चुनाव लड़ेगा। भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में यह पूछे जाने पर कि आगामी विधानसभा चुनाव में क्या राजग कुमार को अपने नेता के तौर पर पेश करने पर पुनर्विचार कर सकता है, तो इस पर उन्होंने कहा, कोई भ्रम नहीं है। दरअसल बिहार में बीजेपी यह जानती है कि एनडीए के लिए नीतीश कुमार अनिवार्य हैं।

# नगर पालिका तोड़ूदस्ते का मेन रोड पर चला बुलडोजर

## नाली पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की करी कार्यवाही, सड़क पर पड़े मटेरियल, फ्लेक्स बैनर अन्य सामग्री जप्त, स्थानीय व्यापारियों ने नपा की कार्यवाही पर लगाया भेदभाव का आरोप, बोले पूंजीपतियों रसूखदारों और राजनीति से जुड़े लोगों पर नहीं की कार्यवाही

**बालाघाट( पदमेश न्यूज )। नगर के काली पुतली चौक से लेकर हनुमान चौक तक स्थिति मेन रोड में दोनों तरफ किए गए अतिक्रमण को हटाने की कई बार कार्रवाई की जा चुकी है। बावजूद इसके भी अतिक्रमण करने वाले लोग अपनी हरकत से बाज नहीं आ रहे हैं और वे आए दिनों सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण कर नगर की यातायात व्यवस्था अवरुद्ध करने का काम कर रहे हैं। जिसके विरुद्ध नगर पालिका ने एक बार फिर सोमवार को नगर के काली पुतली चौक से लेकर हनुमान चौक तक मेंन रोड में स्थित अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की। इस कार्यवाही के दौरान नगर पालिका के तोडु दस्ते ने सड़क किनारे पड़े बिल्डिंग मटेरियल, सड़क किनारे लगे बैनर पोस्टर व नाली के उपर बनी दुकानों की सीढ़ियों व पक्के निर्माण पर बुलडोजर चला कर उन्हें नष्ट किया।वही अतिक्रमण का सामान जप्त कर लिया। तो वही दोबारा नाली के बाहर तक अतिक्रमण न किए जाने की हिदायत दी। सोमवार सुबह करीब 11:30 बजे शुरू हुई अतिक्रमण हटाने की यह कार्यवाही देर शाम तक चलती रही।**





### कार्यवाही के पूर्व करीब 1 घंटे तक प्रभारी का इंतजार करता रहा अमला

नगर पालिका द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करने के लिए सोमवार की सुबह नगर पालिका का तोड़ू दस्ता काली पुतली चौक में खड़ा हो गया। जहां जेसीबी, ट्रैक्टर, नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी सभी लोग अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के लिए पहुंच गए। वहीं यातायात पुलिस और कोतवाली पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर अपना मोर्चा संभाल लिया। लेकिन कार्यवाही शुरू नहीं हो पाई। मामले की जानकारी लेने पर पता चला कि काली पुतली चौक से हनुमान चौक तक अतिक्रमण हटाने का प्रभार अतिक्रमण दस्ता प्रभारी शील भालेवार को दिया गया है जो अब तक मौके पर नहीं पहुंची है । उनके पहुंचने के बाद ही अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की जाएगी। जहां अधिकारी कर्मचारी पुलिसकर्मी सहित अन्य,अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही को लेकर करीब 1 घंटे तक प्रभारी का इंतजार करते रहे। जिनके आने के बाद सुबहा करीब 11:30 बजे अतिक्रमण हटाने की यह कार्यवाही शुरू की गई।

### कार्यवाही का जगह-जगह देखा गया विरोध

सोमवार को नगरपालिका का अतिक्रमण दस्ता, पुलिस बल के साथ शहर के काली पुतली चौक से हनुमान चौक के दोनो ओर, नालियो पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए निकला। लेकिन इस कार्यवाही का जगह-जगह विरोध भी देखने को मिला है आपको बताएं कि मेनरोड, मुख्यालय का व्यवसायिक मार्ग है, जहां कई राजनीतिक दलों से जुड़े नेताओं के घर और दुकाने है, यहां नालियों पर अतिक्रमण की कार्यवाही से ज्यादा अन्य दुकानदारो को शेड हटाने के निर्देश दिए गए। साथ ही नालियों पर बने पायदान को तोड़ू दिया गया। जिसे देखकर लोगों ने नगरपालिका की मेनरोड पर की जा रही अतिक्रमण कार्यवाही को पक्षपात पूर्ण बताते हुए कहा कि नगरपालिका, अतिक्रमण के नाम पर व्यवसाय करने वाले व्यापारियों को भयभीत कर रही है। जो व्यापारिक दृष्टिकोण से उचित नहीं है। जहां कुछ लोगों ने इस कार्यवाही को मुंह देखी कार्यवाही बताते हुए सभी पर सामान तौर पर कार्यवाही किए जाने की बात कही है।

### तोड़ूदस्ते को देख मचा हड़कंप ,कुछ ने स्वयं से हटाया अतिक्रमण

उधर अतिक्रमण पर बुलडोजर चलते ही व्यापारियों में कुछ देर के लिए हड़कंप मच गया। जहां ज्यादातर व्यापारी अपने-अपने बैनर फ्लेक्स पोस्टर विज्ञापन की सामग्री ,स्टैंड ,बोर्ड आदि को अतिक्रमण की कार्यवाही से बचाते हुए नजर आए। जहां कुछ दुकानदारों ने दुकानों के बाहर लगाए गए टीन शेंड खोल दिए तो वही दुकान के बाहर तक किए गए कच्चे पक्के निर्माण को भी कार्यवाही के पूर्व ही हटा लिया। वहीं कुछ व्यापारी मटेरियल सहित अन्य सामग्रियों को इधर-उधर व्यवस्थित करते हुए नजर आए।

### सिर्फ अतिक्रमण हटाने ने नही चलेगा काम

आपको बताएं कि यह कोई पहली बार नहीं है कि जब मेन रोड से अतिक्रमण हटाया गया हो, बल्कि इसके पूर्व भी ऐसी कार्यवाही कई बार की जा चुकी है जहां कार्यवाही के 10-15 दिनों बाद तक तो व्यवस्था जैसी की तैसी बनी रहती है लेकिन उसके बाद धीरे-धीरे करके यह व्यवस्था बिगड़ने लगती है। इसकी प्रमुख वजह कार्यवाही की प्रॉपर मॉनिटरिंग ना होना बताया जा रहा है।जानकारी के अनुसार वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर नपा कर्मचारियों द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही तो कर दी जाती है लेकिन उसके बाद उसकी प्रॉपर मॉनिटरिंग नहीं हो पाती। जहां समय-समय पर मॉनिटरिंग ना होने के चलते फिर से इस मार्ग के दोनों ओर ठेला संचालक व अन्य दुकानदार बढाकर या टीन शेड डालकर अपनी दुकाने संचालित करना शुरू कर देते हैं और एक बार फिर से व्यवस्था बिगड़ जाती है जिसके चलते जहां एक ओर यातायात प्रभावित होता है तो वहीं दूसरी ओर लोगो को आवागमन करने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। नपा को चाहिए कि अतिक्रमण हटाने के साथ साथ उसकी मॉनिटरिंग की व्यवस्था भी करे, ताकि एक ही काम को बार बार ना करना पड़े।

### बिना नोटिस बिना पूर्व सूचना के कर दी कार्यवाही- रवि जसवानी

अतिक्रमण कार्यवाही के दौरान नपा अमले ने जेसीबी की मदद से एक व्यापारी की निर्माणाधीन दुकान सामग्री को जब्त कर लिया। जिसपर व्यापारी रवि जसवानी ने नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने बताया कि नगरपालिका ने कोई नोटिस नहीं दिया था, चूंकि दुकान का काम चल रहा है, इसलिए निर्माण सामग्री रखी थी। पूर्व में आकर हमें कोई सूचना नहीं दी गई और अचानक से आकर अतिक्रमण हटाने की यह कार्यवाही की गई है। उन्होंने बताया कि आज सुबह मुनादी के बाद वह लेबर बुलाकर, सामग्री को अंदर करवाते, इससे पहले ही नगरपालिका ने निर्माण सामग्री को जब्त कर लिया। जिससे उन्हें काफी नुकसान पहुंचा हैं।

### समय समय पर की जाती है अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही- भालेवार

नगर पालिका द्वारा शुरू की गई अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही को लेकर की गई चर्चा के दौरान नगरपालिका के अतिक्रमण दस्ता प्रभारी शील भालेवार ने बताया मेनरोड में सड़क के दोनो ओर नालियों पर किए गए अतिक्रमण को हटाया जा रहा है। यह कार्यवाही काली पुतली चौक से हनुमान चौक तक की जा रही है। समय-समय पर शहर के अन्य सड़को पर हुए अतिक्रमण को हटाया जाता है उसी के तहत यह कार्यवाही की गई है। पूर्व सूचना या नोटिस ना दिए जाने को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में प्रभारी भालेवार ने बताया कि पिछले दो दिनों से प्रचार वाहन घूमाकर अतिक्रमण को हटाने की सूचना दी जा रही है। वही आज भी अतिक्रमण को हटाने के पूर्व प्रचार वाहन से मुनादी कराई गई है उसके बाद भी लोग नहीं मानते और नाली के बाहर तक अपना अतिक्रमण कर लेते हैं जिससे आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसीलिए अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की गई है जो आगे भी जारी रहेगी।

# 3 दिनों में परिवहन का बैकलॉग खत्म करने पर जोर दें

## दो दिनों में शेष बचें मिलर्स से किया जाएगा शत प्रतिशत अनुबंद

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। कलेक्टर मृणाल मीना ने सोमवार को देर शाम धान उपार्जन के सम्बंध में सम्बधित अधिकारियों के साथ बैठक कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए है। उन्होंने डीएम नान डीएस कतारे को निर्देश दिए है कि 2 दिनों के भीतर अनुबंद से शेष बचे मिलर्स के साथ अनुबंद करे। साथ ही 3 दिनों में जब खरीदी बन्द रहें उन दिनों में परिवहन के बैकलॉग बचे धान का परिवहन शीघ्रता से करने पर जोर दे। खाद्य आपूर्ति अधिकारी श्रीमती ज्योति बघेल ने बताया कि क्रिसमस 25 दिसम्बर और शनिवार व रविवार को खरीदी का कार्य बंद रहेगा। कलेक्टर मीना ने निर्देश दिए है कि मिलर्स द्वारा प्रतिदिन 50 हजार एमटी धान परिवहन करने की स्थिति में आये। यही हमारा लक्ष्य रखें अन्यथा बहुत परेशानियां आगे आ सकती है। जबकि परिवहन कर्ता द्वारा प्रतिदिन 40 से 50 हजार मेट्रिक टन धान का परिवहन किया जाना सुनिश्चित करे। इसके अलावा उन्होंने खरीदी मात्रा के विरुद्ध जल्द से जल्दी स्वीकृति पत्रक तैयार करे। बैठक में खाद्य आपूर्ति अधिकारी श्रीमती बघेल, श्री नान के माली, एमआईसी के ठाकरे एवं उपायुक्त उपस्थित रहे।



### जिले में अब तक धान खरीदी

जिले में अब तक 2 लाख 17 हजार एमटी धान खरीदी की गई है। जिसमें 99165 एमटी धान परिवहन किया गया है। इसमें 26940 एमटी मिलर्स द्वारा परिवहन किया गया है। सोमवार को परिवहन क्षमता में वृद्धि हुई है। आज के दिन में 10 हजार एमटी से अधिक मात्रा परिवहन की गई है। जबकि जिले में अब तक 94279 किसानों ने स्लॉट बुक कराया है। वही 5 करोड़ 62 लाख रुपये का भुगतान भी किया जा चुका है।

# सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार घायल

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। कोतवाली क्षेत्र में आने वाले समनापुर रोड पर स्थित नगर ग्राम खेरी और कुम्हारी के बीच सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति घायल हो गया। घायल व्यक्ति विजय पाल पिता किशन लाल मान्द्रे 41 वर्ष ग्राम कुम्हारी निवासी को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विजयपाल खेती किसानी करते हैं ।22 दिसंबर को विजयपाल अपने किसी काम से मोटरसाइकिल में बालाघाट आये थे और बालाघाट से काम निपटने के बाद शाम 7:30 बजे विजयपाल मोटरसाइकिल में बालाघाट से अपने घर कुम्हारी जा रहे थे। तभी समनापुर रोड खैरी और कुम्हारी के बीच सामने से तेज रफ्तार से आ रही मोटरसाइकिल ने विजयपाल की मोटरसाइकिल को ठोस मार दी। इस

# मोटरसाइकिल की ठोकर से एक व्यक्ति घायल

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। भरवेली थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम रावणबंदी में मोटरसाइकिल की ठोकर से एक व्यक्ति घायल हो गया ।घायल व्यक्ति चेतू लाल पिता तोहैलाल पंचेश्वर 66 वर्ष ग्राम रावणबंदी निवासी को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चैतूलाल पंचेश्वर खेती किसानी करता है। 22 दिसंबर की शाम 7 बजे चेतूलाल अपने घर के सामने रोड पर टहल रहा था। इस समय गांव के ही लड़के यश गुप्ता ने तेज रफ्तार लापरवाही पूर्वक मोटरसाइकिल चलाकर सेतु लाल को पीछे से ठोस मार दिया ।जिससे चेतूलाल घायल हो गया ।घायल चेतूलाल पंचेश्वर को राकेश पंचेश्वर ने ऑटो से बालाघाट के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती किए थे। जहां से उसे जिला अस्पताल बालाघाट मिलकर भर्ती किया गया है।

# रोटरी आनंदम उत्सव मेला आज से

बालाघाट(पदमेश न्यूज)।प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी नगर के उत्कृष्ट विद्यालय मैदान में रोटरी क्लब ऑफ बालाघाट टाइगर द्वारा आज 24 दिसंबर से 2 जनवरी तक रोटरी आनंदम उत्सव मेला का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पूर्व मेलों की तरह शासन प्रशासन की विभिन्न योजनाओं से जुड़े मंच ,विभिन्न प्रकार के फूड स्टॉल, गेम जोन ,रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति सहित देशभर के कोने- कोने से आई विभिन्न सामग्रियों की प्रदर्शनी व बिक्री की जाएगी।इसके अलावा इस बार कपिल नाइट शो की तर्ज पर कॉमेडी शो का भी आयोजन किया जाएगा। तो वही रोजगार व स्वरोजगार काउंटर लगाकर बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान करने का भी काम मेले के दौरान किया जाएगा। बताया गया कि बालाघाट जिले में विगत 111 वर्ष से मानवता की सेवा में कार्यरत संस्था रोटरी क्लब आफ बालाघाट टाइगर के द्वारा 2जनवरी तक स्थानीय उत्कृष्ट मैदान में आनंदम उत्सव व्यापार मेला का आयोजन किया गया है। आयोजित इस मेला में न सिर्फ लोगों के मनोरंजन के लिए विभिन्न झूला सहित कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहेंगे बल्कि यह मेला स्वास्थ्य के प्रति भी लोगों को जागरुक करने का काम करेगा। डारेक्टर तपेश असाटी, अध्यक्ष भरत छुट्टानी, सचिव आशीष मिश्रा, चेयरमेन मेला प्रभारी अभिषेक पांडे, सहचेयरमेन सह प्रभारी लोकमान् कौशल, कोषाध्यक्ष मुकेश ठाकुर सहित पदाधिकारी सदस्यों ने संयुक्त रूप से बताया कि 24 दिसंबर को पूर्व कैबिनेट मंत्री गौरी शंकर बिसेन, कलेक्टर बालाघाट मृणाल मीणा सहित सरदार पटेल यूनिवर्सिटी कुलाधिपति दिवाकर सिंह की प्रमुख उपस्थिति में शाम 6:30 बजे रोटरी आनंदम उत्सव मेले का शुभारंभ होगा। जिसमें उपस्थित की अपील समस्त पदाधिकारी द्वारा की गई है।

धनवंतरी आयुर्वेदिक दवाखाना
Govt.Reg.No. : 0359
शादी के पहले और शादी के बाद कमजोरी और नि:संतान का इलाज
आयुर्वेद अमृत है, इसे अपनाएं
डॉ. भरत चौहान DNYS.SHC
शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, स्वप्न दोष, धात का जाना, कमजोरी, नि:संतान आदि समस्याओं का शर्तिया इलाज किया जाता है।
अत्याधुनिक मशीनों के साथ
सम्पर्क- धनवंतरी आयुर्वेदिक दवाखाना
केसर प्लाजा, वैद्य लॉन रोड, हनुमान चौक, बालाघाट
मो.नं.-7693919621, 6261222348







स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट (म.प्र.) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट